वर्ष 72 अंक 236 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 25 मई, 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
www.dainikjagranmpcg.com

जो बीत गया वो बात गई।
अब जो सामने है वही
महत्वपूर्ण है।
– कबीर दास

# नौतपा से एक दिन पहले केरल पहुंचा मानसून
# चार जून तक देशभर में बारिश होने की संभावना

## तय समय से 8 दिन पहले मंगल प्रवेश, कर्नाटक में भी गिरा पानी



**नई दिल्ली, जेएनएन।** मानसून शनिवार को केरल पहुंच गया। यह अपने तय समय से 8 दिन पहले पहुंचा है। खास बात यह है कि नौतपा से एक दिन पहले मानसून केरल पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक 16 साल में ऐसा पहली बार हुआ जब मानसून इतनी जल्दी आया है। यह चार दिन से देश से करीब 40-50 किलोमीटर दूर अटका था और शुक्रवार शाम आगे बढ़ा और केरल में झूमकर बरसा।

शुक्रवार को ही मानूसन तमिलनाडु और कर्नाटक के कई इलाकों में भी पहुंच गया। एक हफ्ते में देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों जबकि 4 जून तक मध्य और पूर्वी भारत को कवर कर लेगा। आम तौर पर मानसून 1 जून को केरल पहुंचता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर करता है। यह 17 सितंबर के आसपास वापस लौटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है। भारत में इस बार मानसून जल्दी पहुंचने की मुख्य वजह अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बढ़ी हुई नमी है। समुद्र का तापमान सामान्य से ज्यादा है, जिससे मानसूनी हवाएं तेजी से सक्रिय हुईं। पश्चिमी हवाओं और चक्रवातों की हलचल ने भी मानसून को आगे बढ़ने में मदद की। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन भी मौसम के पैटर्न में बदलाव की एक बड़ी वजह बन रहा है। मौसम वैज्ञानिकों ने यह भी बताया कि मानसून का जल्दी आना यह नहीं तय करता कि वह जल्दी खत्म भी हो जाएगा। यह मौसम से जुड़ी कई जटिल प्रक्रियाओं पर निर्भर करता है, जैसे कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में समुद्री तापमान, हवा का दबाव और वैश्विक मौसम पैटर्न। अगर मानसून समय से पहले आ जाए, लेकिन उसकी गति अच्छी बनी रहे, तो वह पूरे देश में सामान्य या अच्छी बारिश दे सकता है, लेकिन अगर मानसून जल्दी आकर धीरे पड़ जाए या कमजोर हो जाए, तो कम बारिश हो सकती है।

### मुंबई में तीन दिन के लिए ऑरेंज अलर्ट

दक्षिण कोंकण, गोवा तट के पास और पूर्व मध्य अरब सागर में एक निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। इसके चलते आईएमडी ने अगले तीन दिनों के लिए कोंकण क्षेत्र में अत्यधिक भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। रायगढ़ और रत्नागिरी जिले के लिए अत्यधिक भारी वर्षा की संभावना का पूर्वानुमान लगाते हुए रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि मुंबई, ठाणे, पालघर, सिंधुदुर्ग के साथ-साथ पुणे और सतारा के लिए भारी बारिश, गरज और तेज हवाओं के साथ ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी।

### गोवा के लिए रेड अलर्ट

आईएमडी ने गोवा के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें रविवार तक भारी से बहुत भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। राज्य सरकार ने एहतियात के तौर पर लोगों से नदियों और झरनों से दूर रहने का आग्रह किया है।

### देश में आज से शुरू होकर 2 जून तक नौतपा

देश में 25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है। यह 2 जून तक चलेगा। इस दौरान भयंकर गर्मी पड़ती है। मौसम विभाग ने कहा है कि इस साल गर्मी कम रहने की संभावना है।

## 21वीं सदी के 25 सालों में 4 बार हुई नौतपा से पहले मानसून की एंट्री



**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** सन 2000 से लेकर 2025 तक के बीच में चार बार ऐसा हुआ है कि नौतपा से पहले देश में मानसून की एंट्री हुई है। यह वर्ष 2001, 2004, 2009 और अब 2025 रहे हैं। नौतपा से पहले मानसून की एंट्री आखिरी बार वर्ष 2009 में 23 मई को हुई थी। अमूमन देश में मानसून जून के पहले सप्ताह में दस्तक देता है, लेकिन अल नीनो और ला नीना के प्रभाव के कारण कभी कभी यह समय से पहले या समय के बाद भी पहुंचता है। बता दें कि 2001 में 23 मई, 2004 में 18 मई, 2009 में 23 मई को मानसून आया था। 2025 में फिर नौतपा से पहले मानसून आ गया है।

### दो बार कम एक बार सामान्य रही बारिश

नौतपा से पहले मानसून की एंट्री का असर बारिश के आंकड़ों पर भी पड़ता है। पिछले 25 वर्ष में चार बार नौतपा से पहले मानसून आया है। इसमें दो बार ऐसा हुआ है कि सामान्य से कम बारिश हुई है, एक बार सामान्य वर्षा दर्ज की गई है। इस बार यानी 2025 के लिए मौसम विभाग ने सामान्य से अधिक लगभग 105 फीसदी बारिश का अनुमान जताया है।

### 2001 में सामान्य से कम लगभग 91 प्रतिशत बारिश

**कारण** - यह वर्ष अल नीनो प्रभावित था, जिसके कारण बारिश सामान्य से कम रही। जल्दी मानसून के बावजूद, मौसमी परिस्थितियों ने बारिश को प्रभावित किया।

**2004 में सामान्य लगभग 100 प्रतिशत बारिश**

**कारण** - इस वर्ष न तो मजबूत अल नीनो था और न ही लानीना। इसलिए मानसून सामान्य रहा, विशेष रूप से दक्षिण और मध्य भारत में।

**2009 में सामान्य से कम लगभग 77.9 प्रतिशत बारिश**

**कारण** - 2009 में मजबूत अल नीनो की स्थिति थी, जिसने मानसून को कमजोर किया। जल्दी आगमन के बावजूद बारिश पूरे देश में असमान रही और कई क्षेत्रों में सूखा पड़ा।

## देश में कोरोना के अब 350 एक्टिव मरीज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। ठाणे में शुक्रवार को 10 मामले सामने आए थे। इससे पहले 23 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया था। इस तरह देश में अब तक कोरोना के 350 एक्टिव केस हैं। उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें। दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए। निर्देशों में कहा गया है कि सभी संस्थानों को अपनी रिपोर्ट दिल्ली हेल्थ पोर्टल पर रोज अपलोड करनी है। हालांकि, राहत की बात यह है कि अभी तक कोरोना से संक्रमित ज्यादातर मरीजों में हल्के लक्षण ही दिखाई दे रहे हैं। साथ ही अभी तक संक्रमित किसी भी मरीज के मौत की खबर भी नहीं आई है। दक्षिण एशिया में कोविड मामलों में उछाल संभवतः जेएन.1 वैरिएंट (ओमिक्रॉन का एक उप-वैरिएंट) के प्रसार के कारण हो रहा है। एक्सपर्ट्स की मानें तो यह वायरस काफी सक्रिय है, लेकिन इसे अभी तक विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा चिंताजनक वैरिएंट के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया है। कोरोना के जेएन.1 वैरिएंट से संक्रमित मरीजों आमतौर पर चार दिनों के भीतर ठीक हो जाता है।

**डॉक्टर बोले- चार दिन में ठीक हो जाता है मरीज**

## ऑफ बीट

### अमेरिका में बंद होगा 233 वर्ष पुराना सिक्का



*__वॉशिंगटन, जेएनएन।__ अमेरिका का सबसे छोटा वैल्यू वाला सिक्का, 'पैनी' (1 सेंट), जल्द ही इतिहास बन सकता है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने घोषणा की है कि 2026 की शुरुआत से नए पैनी सिक्कों का प्रोडक्शन बंद कर दिया जाएगा। यह फैसला सिक्के के निर्माण लागत में खर्च होने वाला पैसा और इसके लिमिटेड इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। इस फैसले से हर साल 477 करोड़ की बचत होगी। वर्तमान में एक पैनी बनाने की लागत लगभग 3.7 सेंट है, जो इसके प्रिंटेड मूल्य से लगभग चार गुना अधिक है। 2024 में अमेरिकी टकसाल ने 3.17 बिलियन पैनी सिक्के बनाए, जिस पर लगभग 85 मिलियन (करीब 710 करोड़) खर्च हुए थे। इससे सरकार को हर साल लगभग 56 मिलियन (करीब 477 करोड़) की बचत होगी।*

## संक्षिप्त खबरें

### पीएफ पर इस साल भी मिलेगा 8.25% ब्याज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएफ अकाउंट में जमा राशि पर 8.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (ईपीएफओ) को इसके लिए मंजूरी दे दी है। अब देश के 7 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों के पीएफ अकाउंट में ब्याज की रकम ट्रांसफर की जाएगी। इससे पहले ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने 28 फरवरी को मीटिंग में 8.25 प्रतिशत ब्याज दर बरकरार रखने का फैसला किया था। जो पिछले वित्त वर्ष में दी गई दर के बराबर है। इसके बाद इसे वित्त मंत्रालय को मंजूरी के लिए भेजा गया था। इसे ऐसे समझें कि 8.25 प्रतिशत ब्याज दर के हिसाब से अगर आपके पीएफ अकाउंट में 1 लाख रुपए जमा हैं, तो इस पर साल में 8,250 रुपए का ब्याज मिलेगा। वहीं पीएफ अकाउंट में 1 अप्रैल 2024 तक (वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ओपनिंग बैलेंस) कुल 5 लाख रुपए जमा है। ऐसे में आपको 8.25 की ब्याज दर के हिसाब से 5 लाख पर 41,250 रुपए ब्याज के रूप में मिलेंगे।

### फ्यूल ले जा रहा जहाज समुद्र में 26 प्रतिशत झुका

**तिरुवनंतपुरम, जेएनएन।** केरल तट से लगभग 38 समुद्री मील दूर अरब सागर में एक लाइबेरियाई कंटेनर जहाज असंतुलित होकर झुक गया, जिससे उसके कुछ कंटेनर समुद्र में गिर गए। जहाज में 24 लोग सवार थे, जिनमें से 21 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। बाकी बचे 3 लोगों के लिए इंडियन कोस्ट गार्ड्स ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया है। कोस्ट गार्ड ने बताया, लाइबेरिया का जहाज एमएससी एल्सा-3 समुद्री ईंधन ले जाते समय बैलेंस खो बैठा। इससे ईंधन समुद्र में फैलने लगा है। जहाज पर मरीन गैस ऑइल (एमजीओ) और वैरी लो सल्फर फ्यूल ऑइल (वीएलएसएफओ) था। एल्सा-3 शुक्रवार को विझिनजाम बंदरगाह से कोच्चि के लिए रवाना हुआ था। यह झुक गया है। कैप्टन समेत 3 लोग अब भी जहाज पर ही हैं। जहाज के 24 सदस्यों वाले क्रू में एक रूसी, मास्टर, 20 फिलिपिनो, दो यूक्रेनी और जॉर्जिया का एक व्यक्ति शामिल है। जहाज को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### नीति आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्रियों से कहा
## देश के विकास के लिए हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता की। पीएम ने कहा- हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत विकसित होगा। इस बैठक में तीन राज्यों के अलावा बाकी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य और सीईओ शामिल हुए।

बैठक की थीम विकसित भारत के लिए विकसित राज्य रही। बैठक में भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए राज्यों की भूमिका पर जोर दिया गया। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय को लेकर भी चर्चा की गई। केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को देश के सामने मौजूद विकास से जुड़ी चुनौतियों के बारे में बताया। इसके अलावा भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए राज्य किस तरह आधारशिला बन सकते हैं, यह भी बताया गया। बैठक में उद्यमिता, कौशल और देश भर में स्थायी रोजगार के अवसर बढ़ाने के उपायों पर भी चर्चा की गई। मीटिंग में तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा नहीं लिया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पहले से निर्धारित कार्यक्रम का हवाला देते हुए मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया।

## मध्यप्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने के लिए सरकार संकल्पितः मुख्यमंत्री



**विशेष संवाददाता भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल) की 10वीं बैठक में भाग लिया। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत-आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के विजन से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी राच्यों की प्रथम पंक्ति में स्थापित करने के लिए राच्य सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री बैठक में प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त किया और इसे भारत के भविष्य निर्माण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में सभी राज्य 'टीम इंडिया' की भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश विकास और लोक कल्याण के संकल्प पथ पर अग्रसर है और निरंतर नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है।

## यूपीएससी परीक्षा में अब बायोमीट्रिक पहचान जरूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) सिविल सर्विस परीक्षाओं में अब बायोमीट्रिक पहचान व्यवस्था को अनिवार्य करने जा रहा है। इसके साथ ही यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षाओं में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का उपयोग भी करेगा। यूपीएससी ने सिविल सर्विस परीक्षाओं में नकल समेत अन्य अनियमितताओं को रोकने के लिए इस नई व्यवस्था को अपनाने का फैसला किया है। यह व्यवस्था इसी साल से लागू भी हो जाएगी। यूपीएससी ने पूजा खेडकर का मामला सामने आने के बाद यह फैसला लिया है। पूजा खेड़कर को जालसाजी और कदाचार के आरोपों के बाद पिछले साल सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। यूपीएससी ने जुलाई 2024 में खेडकर की उम्मीदवारी को रद्द कर दिया था।

## डोनाल्ड ट्रंप की धमकी बेअसर, एप्पल भारत में ही बनाएगी अपने आईफोन



**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की धमकी के बाद भी एप्पल भारत में ही आईफोन बनाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में आईफोन के प्रोडक्शन से कंपनी को काफी फायदा होगा। इसीलिए कंपनी किसी राजनीतिक दबाव में कोई फैसला नहीं लेगी। कंपनी ने अब साफ कर दिया है कि मुनाफे को तवज्जो देगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी भारत में उपलब्ध टैलेंट और यहां बिजनेस के लिए उपलब्ध सुविधाओं पर ज्यादा फोकस कर रही है। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि अमेरिका में बेचे जाने वाले आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होनी चाहिए। उन्होंने एप्पल के सीईओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एप्पल अमेरिका में आईफोन नहीं बनाएगी तो कंपनी पर कम से कम 25 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा।

### भारत में लागत कम, इसलिए कंपनी अडिग

ट्रंप की धमकी के बावजूद कंपनी भारत में आईफोन बनाने के लिए इसलिए अडिग है, क्योंकि भारत और अमेरिका के बीच श्रम लागत यानी लेबर कॉस्ट में भारी अंतर है। भारत में मोबाइल असेंबल करने वाले कर्मचारी लगभग 230 अमेरिकी डॉलर प्रति माह कमाते हैं, जबकि कैलिफोर्निया जैसे अमेरिकी राज्यों में न्यूनतम वेतन कानूनों के कारण लेबर कॉस्ट लगभग 2,900 अमेरिकी डॉलर प्रति माह तक बढ़ सकती है। यानी भारत से 13 गुना ज्यादा। भारत में एक आईफोन को असेंबल करने में लगभग 30 अमेरिकी डॉलर का खर्च आता है, जबकि अमेरिका में इसी प्रक्रिया की लागत लगभग 390 अमेरिकी डॉलर होगी। यदि ट्रंप की बात मानकर एप्पल अपनी फैक्ट्री को अमेरिका में ट्रांसफर करता है, तो बढ़े हुए लेबर कॉस्ट की वजह से हर आईफोन पर उसका लाभ 450 अमेरिकी डॉलर से घटकर केवल 60 अमेरिकी डॉलर हो जाएगा।

## 20 किलोग्राम गांजा पकड़े जाने पर राजसात होगी तस्कर की संपत्ति, डीजीपी ने दिए निर्देश

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश सरकार ने तस्करों पर लगाम लगाने के लिए अब नई कवायद शुरू कर दी है। जिन मामलों में कमर्शियल लिमिट से ज्यादा मादक पदार्थ पकड़े जाएंगे, उनमें तस्करों की चल और अचल संपत्ति की जांच (फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन) कर उसे सफेमा एक्ट के तहत फ्रीज किया जाएगा। इस फ्रीज प्रॉपर्टी की जानकारी बाद में मुंबई स्थित ट्रिब्यूनल के सामने पेश कर इसे राजसात करने की कार्रवाई भी होगी। प्रदेश के सभी पुलिस थानों को डीजीपी ने मादक पदार्थों की कमर्शियल लिमिट की जानकारी देते हुए इसी आधार पर आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निर्देश के अनुसार अब एक किलो हशीश या चरस, 100 ग्राम कोकीन, 20 किलो गांजा, 250 ग्राम हेरोइन और मॉर्फिन, 2 किलो 500 ग्राम अफीम और 50 किलो से ज्यादा डोडा चूरा मिलने पर तस्करों पर आपराधिक कार्रवाई के साथ उनकी संपत्ति की जांच भी की जाएगी। पीएचक्यू द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार कमर्शियल लिमिट से ज्यादा मादक पदार्थों के मामले गैर जमानती होंगे और स्पेशल कोर्ट में सुनवाई के लिए जाएंगे। इनमें रिमांड की अवधि 180 दिन तक की होगी। हालांकि, ये नियम पहले से बने हुए थे, लेकिन नारकोटिक्स विंग को छोड़कर पुलिस थानों और क्राइम ब्रांच द्वारा पकड़े जाने वाली मादक पदार्थों की बड़ी खेप में फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन नहीं हो रहा था। नारकोटिक्स विंग ने इन निर्देशों पर लगभग दो साल पहले (2023 से) काम शुरू किया था।

> मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए अब कमर्शियल लिमिट से च्यादा मादक पदार्थ पकड़े जाने पर आरोपियों की संपत्ति राजसात कर रहे हैं। डीजीपी ने अब इस तरह की कार्रवाई के लिए पुलिस की सभी यूनिटों को निर्देश जारी कर दिए हैं।
>
> **-केपी वेंकटेश्वर राव**, एडीजी, नारकोटिक्स, पीएचक्यू

## पहलगाम हमले पर भाजपा सांसद का विवादित बयान

**चंडीगढ़, जेएनएन।** पहलगाम आतंकी हमले पर अब हरियाणा से भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अपना सुहाग खोने वाली महिलाओं में वीरांगना का भाव व जोश नहीं था, इसलिए 26 लोग गोली के शिकार बने। सांसद ने कहा कि पर्यटक हाथ जोड़कर मारे गए। अगर पीएम मोदी की योजना के तहत ट्रेनिंग लेते और सामना करते तो इतनी मौतें नहीं होतीं। वे शनिवार को भिवानी के पंचायत भवन में आयोजित अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी स्मृति अभियान जिला संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जांगड़ा ने कहा- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं में वीरता की भावना पैदा करने के लिए एक बहुत बड़ी योजना (अग्निवीर) चलाई।

**फैसला** | ब्रिटेन ने मॉरीशस को सौंपा चागोस द्वीप, लेकिन डिएगो गार्सिया टापू पर सैन्य अड्डा कायम रहेगा

## अब ब्रिटिश साम्राज्यवाद का अंतिम अवशेष भी खत्म



**लंदन, जेएनएन।** ब्रिटेन हिंद महासागर में मौजूद चागोस द्वीप मॉरीशस को लौटाने पर राजी हो गया है, लेकिन वह इसी द्वीप समूह के डिएगो गार्सिया टापू पर अपने सैन्य अड्डे का संचालन करता रहेगा। ब्रिटेन इसके बदले मॉरीशस को सालाना 10 करोड़ पाउंड देगा। अगले 99 साल तक डिएगो गार्सिया ब्रिटेन के पास रहेगा। इस समझौते के बाद बाकी सभी द्वीपों पर मॉरीशस की संप्रभुता बहाल हो जाएगी। ब्रिटेन द्वारा चागोस द्वीप से कब्जा उठाने का मतलब ब्रिटिश साम्राज्यवाद का अंतिम अवशेष ध्वस्त हो जाना है। अतः इस फैसले के बाद मॉरीशस में जश्न का माहौल है।

बता दें कि चागोस द्वीप को लेकर ब्रिटेन और मॉरिशस के बीच अरसे से खींचतान चल रही थी। अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने इस समझौते को अपनी सरकार की उपलब्धि करार दिया है, लेकिन विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी ने कहा है कि इस समझौते से ब्रिटेन के लिए चीन का खतरा बढ़ गया है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में चीन और मॉरीशस की नजदीकियां बढ़ी हैं। यह भारत और ब्रिटेन के साथ-साथ अमेरिका के लिए भी सामरिक दृष्टि से नुकसानदायक है। अमेरिकी सेना ने चागोस द्वीपसमूह के एक द्वीप डिएगो गार्सिया का इस्तेमाल वियतनाम युद्ध से लेकर इराक और अफगानिस्तान में अपने सैन्य ऑपरेशनों के लिए किया है। ब्रिटेन और अमेरिका दोनों, अपनी सामरिक और सैन्य क्षमता के लिए इसे अहम मानते हैं। हाल में यमन के हूती विद्रोहियों पर हमले के लिए अमेरिका ने यहां बी-2 स्पिरिट बमवर्षक विमान तैनात किए थे। हालांकि, अमेरिका ने समझौते का स्वागत किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि इससे डिएगो गार्सिया में ब्रिटेन के साथ चल रहा उनका सैन्य अड्डा लंबे समय तक बरकरार रहेगा। उधर, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि साम्राज्यवाद के अवशेष अब अच्छे नहीं लगते। उन्होंने कहा, हम डिएगो गार्सिया पर हमारा सैन्य अड्डा कायम है। अगर हम ये समझौता नहीं करते तो चीन या कोई दूसरा देश इसके बाहरी इलाके में अपना सैन्य अड्डा बना लेता। अब समझौते के मुताबिक डिएगो गार्सिया के चारों ओर 24 मील का क्षेत्र बफर जोन होगा, जहां ब्रिटेन की सहमति के बगैर कोई निर्माण नहीं हो सकता। मॉरीशस के साथ ब्रिटेन ने 99 साल की लीज का जो समझौता किया है उसे 40 साल और बढ़ाया जा सकता है।

### 1814 से ब्रिटेन के कब्जे में था द्वीप

चागोस द्वीप समूह हिंद महासागर में बने 60 द्वीपों की एक श्रृखंला है। ये द्वीपसमूह हिंद महासागर के बीच मालदीव के दक्षिण में स्थित है। चागोस साल 1814 से ब्रिटेन के कब्जे में था लेकिन बाद में इस पर फ्रांस का नियंत्रण हो गया। अंग्रेजों और फ्रांस में युद्ध के बाद यह दीप 1822 में ब्रिटेन के पास पहुंच गया। 1949 में ब्रिटेन ने यह द्वीप खाली कर दिया। फिर उन्हें इसके सामरिक महत्व का पता चला तो इसे 1968 में मॉरीशस से 30 लाख पाउंड में खरीद लिया था। गौरतलब है कि मॉरीशस पहले ब्रिटेन का उपनिवेश था। मॉरीशस का कहना था कि ब्रिटेन ने चागोस द्वीप देकर अपनी गलती में सुधार किया है। दरअसल, यह द्वीप ब्रिटिश सामाज्यवाद का अंतिम अवशेष था, जो अब समाप्त हो गया है।

### एआईआईओ चीफ ने जारी किया फतवा
## आतंकियों की नमाज-ए-जनाजा नहीं पढ़ाई जाएगी, दफनाएंगे भी नहीं



**जागरण, ग्वालियर।** ऑल इंडिया इमाम ऑर्गेनाइजेशन (एआईआईओ) के चीफ इमाम उमर अहमद इलियासी ने शनिवार को ग्वालियर पहुंचे। यहां उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ फतवा जारी किया। इलियासी ने कहा कि आतंकवादियों के जनाजे की नमाज नहीं पढ़ाई जाएगी और उन्हें भारत की धरती पर दफनाया भी नहीं जाएगा। साथ ही पहलगाम आतंकी घटना के बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की। उन्होंने कहा कि सेना ने आतंकवाद के खिलाफ सटीक और कड़ा जवाब दिया है, जो देश के लिए गर्व की बात है। बलूचिस्तान में हो रहे अत्याचारों का जिक्र कर इलियासी ने कहा कि वहां महिलाओं, बच्चों और पुरुषों पर अत्याचार हो रहा है, जो पूरी तरह से गलत है। हर व्यक्ति को अपनी आजादी का हक है और बलूचिस्तान को भी स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। इलियासी ने आतंकवादी संगठनों द्वारा इस्लाम धर्म के नाम पर किए जा रहे गलत प्रचार पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इस्लाम शांति, प्रेम और सहिष्णुता का धर्म है, न कि आतंकवाद का। मप्र में सामने आ रहे लव जिहाद के मामलों पर इलियासी ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समाज में कुछ लोग नाम और पहचान छिपाकर शादी करते हैं, जो गलत है। इलियासी ने कहा कि भारत ने कई आतंकवादी अड्डे खत्म कर दिए हैं और अब बाकी बचे अड्डों को भी खत्म करने का समय आ गया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पाक अधिकृत कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है।

# रोटरी क्लब ने छात्राओं को वितरित की साईकिल



**जागरण, सतना।** रोटरी क्लब सतना द्वारा सर्किट हाउस चौक क्लब भवन में जरूरतमंद बच्चियों को साइकिल वितरित की गई। रोटरी क्लब 2023-24 के सचिव हरिओम गुप्ता ने बताया की अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी अंतरराष्ट्रीय द्वारा रोटरी मंडल 3120 के सत्र 2023-24 के रोटरी मंडलाध्यक्ष रोटे सुनील बंसल के नेतृत्व में जरूरतमंद कन्याओं को जो स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर शिक्षा ग्रहण कर रही हैं रोटरी अंतरराष्ट्रीय ग्रांट नं डीजी 2462433 के तहत् साइकिल वितरण किया किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत रोटरी क्लब सतना को चार साइकिलें प्रदान की गई हैं। सतना शहर में पढ़ाई कर रही जरूरतमंद चार बच्चियों को क्लब के पदाधिकारीयो द्वारा चिन्हित कर उन्हें ब्रांडेड कंपनी की साइकिल प्रदान की गई कार्यक्रम में उपस्थित सभी का स्वागत दिलीप अरोरा ने एवं आभार मनोज अरोरा ने किया मंच का संचालन हरिओम गुप्ता द्वारा किया गया। निकिता कुशवाहा,पुष्पा साकेत,संजना रैकवार,दीपांशी कश्यप को साइकिल प्रदान की गई ।

### इनकी रही उपस्थित

इस अवसर पर सत्र 2023-24 के अध्यक्ष संतोष गुप्ता सचिन हरिओम गुप्ता कोषाध्यक्ष मनोज अरोड़ा कार्यक्रम के संयोजक शरद पांडे पूर्व अध्यक्ष दिलीप अरोरा मनोहर डिगवानी कमल पुरुषवानी लखन केसरवानी विनोद गोयल गोपाल धूत चंद्रशेखर अग्रवाल राजीव वर्मा जितेंद्र अग्रवाल डा सुनील अग्रवाल सहित काफी संख्या में रोटेरियन साथी एवं बच्चियों के अभिभावक उपस्थित थे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून तक

### अभियान में हर जिले में तीन विशेषज्ञ दल करेंगे क्षेत्र का भ्रमण

**जागरण, सतना।** भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा खेती को उन्नत और लाभकारी बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान 29 मई से 12 जून तक चलाया जाएगा। इस संबंध में कमिश्नर बीएस जामोद ने बताया है कि अभियान के तहत संभाग के सभी जिलों में अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों के तीन-तीन दल क्षेत्र का भ्रमण करेंगे। किसानों तथा आमजनता से संवाद करके कृषि के विकास के संबंध में सुझाव लिए जाएंगे। साथ ही किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी जाएगी। अभियान के दौरान खेती की उन्नत तकनीक फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण तथा कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग के संबंध में किसानों को जानकारी दी जाएगी। अभियान के दौरान किसानों को धान की सीधी बुआई, सोयाबीन फसल को रिजफेरो प्रणाली से लगाने तथा खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में किसानों को मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले में भ्रमण करने वाले दल में कृषि विज्ञान केन्द्र तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिक, राष्ट्रीय कीट निगरानी प्रणाली से जुड़े अधिकारी, प्रगतिशील किसान तथा कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

कमिश्नर ने कहा है कि सभी कलेक्टर अभियान की तैयारी बैठक आयोजित करके अभियान की रूपरेखा तैयार कर लें। प्रत्येक जिले में शासन के निर्देशों के अनुरूप तीन-तीन दल गठित कर दें। इन दलों के जिले भर में भ्रमण का कार्यक्रम तैयार करके प्रतिदिन दो से तीन ग्राम पंचायतों में अभियान का क्रियान्वयन कराएं। अभियान के दौरान कृषि तथा उससे जुड़े विभागों की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी एवं उससे लाभ लेने की प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराएं। किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का उपयोग करके मिट्टी की जाँच कराने एवं आवश्यकता के अनुसार फसल को पोषक तत्व देने के लिए खाद के उपयोग का निर्धारण कराएं। खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में भी किसानों को समुचित मार्गदर्शन दें। कलेक्टर अभियान के लिए जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात कर दें। नोडल अधिकारी अभियान की समस्त गतिविधियों में समन्वय बनाकर अभियान की प्रगति का हर सप्ताह प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर और संयुक्त संचालक कृषि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। सतना जिले में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में विकसित कृषि संकल्प अभियान की तैयारी पूर्ण की जा रही है। उप संचालक कृषि मनोज कश्यप ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के प्रदेश में क्रियान्वयन एवं संचालन के लिए अटारी जबलपुर द्वारा 168 टीमें बनाई गई है। जिलेवार वैज्ञानिकों की टीम में सतना जिले के लिए 4 टीमें गठित की गई है। जिनमें कृषि विज्ञान केन्द्र के 8 कृषि एक्सपर्ट केबीके और 2 सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारियों को शामिल किया गया है। वैज्ञानिक दल प्रतिदिन 3 पंचायतों में कार्यक्रम करेंगे। जिसमें कम से कम 500-600 किसान सहभागिता करेंगे।

# सतना मार्शल आर्ट एकैडमी के 03 खिलाड़ी 25 वीं राष्ट्रीय वूशू प्रतियोगिता के लिए चयनित



**जागरण, सतना।** सतना मार्शल आर्ट एकैडमी के ताइक्कांडो खिलाड़ियों ने एक बार फिर से सतना के साथ साथ पूरे विंध्य को किया गौरांवित। दिसंबर 2024 को मध्यप्रदेश वूशू संघ की मान्यता इंडिया वूशू द्वारा खत्म कर दी गई थीए और खिलाड़ियों के हित में एड. हॉक कमेटी का गठन किया गया था जिसने देवास में 20 और 21 मई को 25वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए एमपीस्टेट का ट्रायल रखा था जिसमें सतना मार्शल आर्ट एकेडमी के 09 खिलाड़ियों ने जिला ताइक्कांडो संघ के सचिव डा संदीप भारती के मार्गदर्शन में हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 03 गोल्ड और 03 सिल्वर पर कब्जा किया। जिसमें वेदांशिका चौहान और सौम्या सेंगर 27 मई से 01 जून तक तमिलनाडु में आयोजित होने वाली 25वीं राष्ट्रीय वूशू प्रतियोगिता में विश्वामित्र अवॉर्डी सारिका गुप्ता के मार्गदर्शन में हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में अनमोल शर्मा ने भी गोल्ड जीता लेकिन इंजरी की वजह से नेशनल नहीं जा सकेंगे। संभव वेदी, रिदम सोनी, अनमित्रा सिंह बघेल मामूली अन्तर से अपनी फाइनल फाइट हार गए थे जबकि मन्नत गुप्ताए कृष्णा कुशवाहा और प्रांसी कुशवाहा डिसक्वालिफाई हो गई। सभी खिलाड़ी सतना जिला ताइक्कांडो संघ के सचिव और नेशनल रैफरी डा संदीप भारती से प्रशिक्षण ले रहे है। खिलाड़ियों की इस सफलता पर संस्था के संरक्षक शम्मी पुरी, पुष्पराज सिंह ,ताइक्कांडो संघ के उपाध्यक्ष अमित अवस्थी, उपाध्यक्ष समर सिंह बघेल, आशुतोष पयासी,सतना वुशु मार्शल आर्ट एकैडमी के सचिव शैलेन्द्र शर्मा , आनंद दूवेदी, ऋचा भारती , असमी भारती, अनुज दहायत, डा गौरव सिंह गहरवार, विजय सिंह, शांति भूषण सोनी, और वूशू संघ के समस्त पदाधिकारियों ने शुभकामनाये प्रेषित की ।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन करा खुशी-खुशी घर लौटे मरीज

### मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा ने हर्ष व्यक्त किया



**जागरण, सतना।** मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा की अगुआई में श्री सद्गुरु सेवा संघ नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट एवं सतना के भटनवारा वाले अग्रवाल परिवार द्वारा निर्मित गैवी नाथ धर्मशाला बिरसिंहपुर में 20 मई को सतना के पुरुषोत्तम अग्रवाल के मार्गदर्शन में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें 145 मरीजों की नेत्र जांच कर 35 मरीजों को भर्ती कर उनका मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट में किया गया एवं 60 जरूरतमंद मरीजों को नजर के चश्में मुफ्त दिए गएण् इस दौरान मरीजों को भोजनए विस्तर एवं दवाइयां की सुविधा भी प्रदान की गईण् सफ्लतापूर्वक ऑपरेशन पश्चात मरीजों को आयोजन स्थल बिरसिंहपुर श्री गैवीनाथ जी धर्मशाला वापस पहुंचाया गया। सभी मरीजों के चेहरे पर नई नेत्र ज्योति प्राप्त करने की खुशी स्पष्ट झलक रही थी एवं आयोजकों को आशीर्वाद दे रहे थे।

### मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा ने साधुवाद दिया

मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल ने नेत्र शिविर के संयोजक एवं मार्गदर्शक पुरुषोत्तम अग्रवाल को बधाई एवं साधुवाद देते हुए कहा कि विगत 13 वर्षो से प्रतिमाह 20 तारीख को आयोजित किया जाने वाला निःशुल्क नेत्र शिविर अंधत्व निवारण के क्षेत्र में प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय पहल है। मार्गदर्शक श्री अग्रवाल ने बताया कि श्री गैवी नाथ जी धर्मशाला बिरसिंहपुर में नेत्र शिविर आगामी 20 जून को धर्मशाला परिसर में प्रातः 9 बजे से पुनः आयोजित होगा।

# मन की बात कार्यक्रम में शामिल होगें प्रभारी मंत्री



**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री सतना जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय 25 एवं 26 मई को दो दिवसीय प्रवास पर सतना पहुंचेंगे। वे 25 मई की सुबह 6:35 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना स्टेशन पहुंचेंगे जहां भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय के नेतृत्व मे प्रभारी मंत्री का भव्य स्वागत करने वालों में मप्र शासन की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा जिला संगठन प्रभारी डॉ अभय प्रताप सिंह विधायक नागेन्द्र सिंह, विक्रम सिंह विक्की, सुरेन्द्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, पूर्व विधायक शंकरलाल तिवारी, प्रभाकर सिंहए यादवेन्द्र सिंह, श्रीमती ऊषा चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता सिंह परिहार,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी, विनोद यादवए विनोद तिवारी, चन्द्रकमल त्रिपाठी, डॉ स्वप्ना वर्मा, पंडित रामदास मिश्रा पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह राजाराम त्रिपाठी सुधीर सिंह तोमर पुष्कर सिंह तोमर विमला पांडेय ममता पांडेय राजेश चतुर्वेदी पालन अनिल जयसवाल जिला उपाध्यक्ष. बाबूलाल सिंह पटेल, अशोक गुप्ता, श्रीमती किरण सेन, विजय तिवारी, श्रीमती सुधा सिंह, मुरारी सोनी, बालेन्द्र गौतम, संजय तीर्थवानी, जिला महामंत्री ऋषभ सिंह, ने स्वागत की अपील की। इसके पश्चात वे सर्किट हाउस में रुककर स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। सुबह 9 बजे वे सतना से चित्रकूट के लिए प्रस्थान करेंगे जहां वे पूर्वाह्न 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के पश्चात वे चित्रकूट में अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में भी शामिल रहेंगे।उनका यह दौरा संगठनात्मक दृष्टिकोण से अहम माना जा रहा है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता श्यामू ने बताया कि जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय मतदान केंद्र 81 उद्यमिता परिसर लोहिया सभागार चित्रकूट 11.30 बजे से पार्थ होटल में भाजपा जिला प्रबन्ध समिति की बैठक 7 बजे गंगा आरती 8 बजे कामता नाथ स्वामी के दर्शन पूजा आरती रात्रि विश्राम चित्रकूट में।

# शोभायात्रा में उमड़े श्रद्धालु, शंकर मंदिर से निकली यात्रा

**जागरण, अमदरा ।** धूमधाम के साथ शनिवार को शोभायात्रा शंकर मंदिर से निकलकर राधा कृष्ण मंदिर अमदरा पहुंची अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं उपस्थित रहे । शोभा यात्रा ने मेरे राम पोड़ी धाम के महाराज पीठाधीश्वर सुरज शरण शुक्ला महाराज शामिल हुए जिनका जगह जगह फूल वर्षा के साथ स्वागत किया गया जगह जगह आरती उतारी गई पूरा क्षेत्र जय श्री राम राधे राधे मेरे राम पोडी धाम राम दरबार के जयकारों के गूंज उठा इसके बाद पोड़ी धाम के महाराज ने सबको अपना आर्शिवचन दिया । तत्पश्चात कथा वाचक पंडित बृजकिशोर तिवारी जी ने कथा शुरू की शोभा यात्रा में पंडित अशोक शुक्ला ब्राह्मण समाज तहसील मैहर के अध्यक्ष मनोज तिवारी भी शामिल हुए काफी संख्या में आस पास गांव की महिला पुरुष उपस्थित रहे। अधिक से अधिक संख्या में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आनंद उठाने की अपील की गई है ।



# एकेएस के पांच स्टूडेंट्स ने एनपीटीईएल ऑनलाइन सर्टिफिकेशन कोर्स किया पूर्ण







**जागरण, सतना।** एकेएस के पांच मेधावी स्टूडेंट्स ने एनपीटीईएल एआई इन हुमन रिसोर्स मैनेजमेंट सर्टिफिक्शन कोर्स उत्तीर्ण किया। ये स्टूडेंट्स एकेएसयू के फैकल्टी ऑफमैनेजमेंट स्टडीज के दीक्षा द्विवेदी, आंचल पांडे, आस्था तिवारी, कीर्ति द्विवेदी, मानसी दर्शन हैं। इन्होंने एआई इन हुमन रिसोर्स मैनेजमेंट सर्टिफिक्शन कोर्स उत्तीर्ण कर यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया है। स्टूडेंट्स ने बताया कि एनपीटीईएल का संक्षिप्त नाम नेशनल प्रोग्राम ऑन टेक्नोलॉजी एनहैंस्ड लर्निंग है जो इंजीनियरिंग और विज्ञान में पाठ्यक्रम सामग्री बनाने के लिए सात भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों आईआईटी बॉम्बे, दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, खड़गपुर, मद्रास और रुड़की और भारतीय विज्ञान संस्थान आईआईएससी द्वारा की गई पहल है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रबंधन के साथ ही फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के विभाग अध्यक्ष एवं एसोसिएट डीन डॉण् कौशिक मुखर्जी तथा समस्त संकाय सदस्यों ने स्टूडेंट्स को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। स्टूडेंट्स ने अपनी सफलता का श्रेय एकेएस यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ प्राध्यापको और अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है।

# पुलिस लाइन खेल परिसर पर समर कप फुटबॉल



**जागरण, टीकमगढ़।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस लाइन खेल परिसर पर समर कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है स इस प्रतियोगिता में वही बच्चे भाग ले रहे है जिन्होंने समर कैंप का फॉर्म भरा है स प्रतियोगिता का आयोजन तीन समूह में किए जाएंगे अंडर 12 अंडर 15 और अंडर .19 आयु वर्ग में स आज सुबह मिनी वर्ग में दो मैच खेले गये पहला मैच रॉयल चैलेंजर और सनराइजर्स के बीच खेले गया जिसमें दोनों टीम ने एक.एक गोल किया और मैच बराबरी पर समाप्त हुआ जबकि दूसरा मैच किंग्स एकादश और फाइटर के बीच खेला गया है जिसमें किंग्स एकादश ने फाइटर क्लब को तीन जीरो से हराया स आज के मैच के मुख्य अतिथि पुलिस पेंसेनर पूर्व टी आई खलील खानए सुरेश कुमार दोन्देरियाए आकाश चतुर्वेदीए पुरुषोत्तम चतुर्वेदीए पूर्व डिप्टी रेंजर रमेश कुमार शर्माए हकीम मौलवी वाहिद अली रहे स आज के मैच के निर्णायक शाहरुख खान एवं कुमारी जूही वाल्मीकि थे स टूर्नामेंट को सफल बनाने में श्री अनूप मंडल फुटबॉल प्रशिक्षक और श्री सपनेश चौधरी का सराहनीय योगदान रहा स प्रतियोगिता का फाइनल मैच 29 मई को खेला जाएगा जिसमें विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को शील्ड और मेडल से सम्मानित किया जाएगा स जो बच्चे समर कैंप में 100: उपस्थित रहे उन्हें भी विशेष पुरुष्कार से सम्मानित दिया जाएगा ।

# वनों की सबसे बड़ी पोषक और संरक्षक हैं जनजातियां: कमिश्नर

**रीवा ।** वनाधिकार अधिनियम की रीवा और शहडोल संभाग की संयुक्त कार्यशाला विन्ध्या रिट्रीट होटल के सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला के प्रथम दिन वनाधिकार समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के दूसरे दिन जिला स्तरीय वनाधिकार समिति के सदस्यों को सामुदायिक दावों के निपटारे के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम ने पीढ़ियों से वन भूमि में खेती करने वाले तथा रहने वाले जनजातीय परिवारों एवं अन्य परिवारों के अधिकारों को मान्यता दी है। इसने वर्षों से वनों के साथ सह अस्तित्व में वनवासी परिवारों को जमीन का मालिकाना हक दिया है। जनजातीय परिवार परंपरागत रूप से वनों के पोषक और संरक्षक हैं। उनकी आजीविका मुख्य रूप से वनों पर ही निर्भर रही है। उनके रीति रिवाज, परंपराएं और धार्मिक अनुष्ठानों में भी वन अनिवार्य रूप से शामिल रहा है। कार्यशाला में शहडोल संभाग की कमिश्नर सुरभि गुप्ता ने कहा कि कार्यशाला में सामुदायिक दावों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। सामुदायिक दावों के निराकरण के लिए अब किसी के मन में संदेह नहीं रहना चाहिए। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर वाई गिरि राव ने कहा कि सामुदायिक दावे से वन, राजस्व, जनजातीय कार्य और ग्रामीण विकास विभाग जुड़े हैं। अधिनियम के तहत गठित समितियों को राज्य से लेकर ग्राम स्तर तक कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# ट्रैक्टर की चपेट में आए बाइक सवार दो युवकों की मौत

### बैकुंठपुर में बीती रात दो मौसेरे भाई हुए हादसे का शिकार



**जागरण, रीवा**

सिरमौर से ननिहाल जाने के लिए बाइक से निकले रिश्ते के दो मौसेरे भाई हादसे का शिकार हो गए। ट्रैक्टर की चपेट में आने से बैकुंठपुर के पास युवकों की मौत हो गई। घटना गुरुवार- शुक्रवार की दरमियानी रात्रि करीब तीन बजे के आसपास की बताई जा रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सत्यम साकेत अपने मौसेरे भाई मोहित साकेत के साथ सिरमौर ग्राम खैरहन से से लौआ सगरा अपने ननिहाल जा रहा था। तभी बैकुंठपुर के समीप सड़क में जा रहे ट्रैक्टर से बाइक की सीधी टक्कर हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद बैकुंठपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, जहां से घायलों को अस्पताल भेजा गया लेकिन दोनों की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक सत्यम साकेत और मोहित साकेत का लौआ सगरा में ननिहाल था, जहां कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वो घर से निकले थे। बताया गया है की बाइक और ट्रैक्टर की टक्कर इतनी जोरदार थी की बाइक ट्रैक्टर के नीचे जा घुसी और दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां उनकी मौत हो गई।

# सार्वभौमिक, मार्मिक मूल्यों को बच्चों तक पहुंचाएंगे

### सार्वजनिक मानवीय मूल्यों पर आधारित प्रशिक्षण जारी, 11 मॉड्यूल रखे गए



**जागरण, रीवा।** राज्य आनंद संस्थान आनंद विभाग भोपाल द्वारा सार्वजनिक मूल्यों पर आधारित प्रशिक्षण शासकीय मार्तण्ड स्कूल क्रमांक-1 उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया जा रहा है। आनंद विभाग भोपाल के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. केपी तिवारी ने शुक्रवार को मार्तण्ड स्कूल में प्रेस वार्ता में बताया कि यह प्रशिक्षण ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, सागर, नर्मदापुरम के साथ रीवा शहडोल संभाग में किया जा रहा है। अभी तक 3500 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

रीवा संभाग के 500 शिक्षक इसमें शामिल हैं, जिनका प्रशिक्षण जारी है, प्रशिक्षण की तीसरी बैच का शुभारंभ हो चुका है। मप्र में राज्य आनंद संस्थान एवं स्कूल शिक्षा विभाग की पहल पर विद्यार्थियों को आनंदित जीवन जीने की कला सिखाने के लिए मानवीय मूल्य आधारित शिक्षा का पठ्यक्रम तैयार कर उत्कृष्ट विद्यालयों में कक्षा 9 वीं सें 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए संचालित कर रहा है, बच्चों तक सार्वभौमिक, मार्मिक मूल्यों को पहुंचाएंगे। इस संदर्भ में प्रदेश के समस्त सीएम राइज एवं उत्कृष्ट विद्यालयों के शिक्षकों के लिए 6-6 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में विद्यार्थियों के साथ संस्थान द्वारा तैयार मॉड्यूल द्वारा गतिविधियों को संचालित करेंगे। इसके लिए 11 मॉड्यूल रखे गए हैं। डॉ येंगल ने विस्तार से जानकारी दी। जिसमें देने का सुख, क्षमा करने की शक्ति, क्षमा मांगने की शक्ति, कृतज्ञता की शक्ति, दूसरों में अच्छाइयां देखना, स्वीकार्यता का महत्व, ध्यान की शक्ति, संकल्प की शक्ति, दृष्टिकोण का महत्व, चिंता का कोई लाभ नहीं और आत्मविश्वास से संबंधित सत्रों को शामिल किया गया है। इसके पूर्व जिला समन्वयक आनंद संस्थान रीवा इकाई डॉ. मुकेश येंगल ने आनंद संस्थान के बारे में तथा दिए जा रहे प्रशिक्षण के लाभ के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि नैतिक मूल्यों को लेकर 2016 में इस मंत्रालय का गठन करने वाला एकमात्र मप्र है। जिसके चलते सर्वप्रेम, अहिंसा, प्रेम भाव को लेकर कार्यक्रम शुरू हुए। संस्थान द्वारा जनवरी माह में बच्चे व बुजुर्गों के लिए प्रतियोगिताएं शुरू की हैं। नैतिक मूल्यों को लेकर इसमें बच्चों को जोड़ने का कार्य भी किया जा रहा है।

# आईसीयू वार्ड के बाहर भड़की आग, मचा हड़कंप

**रीवा।** संजय गांधी अस्पताल के आईसीयू वार्ड के बाहर अचानक आग भड़कने से हड़कंप मच गया। बता दें की अस्पताल में जिस जगह पर आग लगी, उसके ठीक बगल में आईसीयू वार्ड है। ऐसे में आग लगने से वार्ड में भर्ती मरीज दहशत में दिखे। हालांकि समय रहते मौजूद कर्मचारियों ने अग्निशामक यंत्र की मदद से आग पर जल्द ही काबू पा लिया, और एक बड़ी घटना होते-होते टल गई। संजय गांधी अस्पताल के आईसीयू वार्ड के बाहर आग लगने की यह घटना दोपहर करीब 12 बजे के आसपास हुई। बताया जा रहा है कि एसी कंपाउंड में चिंगारी उठने के बाद धुएं का गुबार उठने लगा और देखते ही देखते आग लग गई। वार्ड में धुआं भरते ही अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। इस बीच सुरक्षा कर्मियों सहित अस्पताल के कर्मचारियों ने मिलकर आग बुझाने की कवायद शुरू की और जल्द ही आग पर काबू पा लिया। माना जा रहा है कि अगर समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो एक बड़ी घटना हो सकती थी। फिलहाल आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं बंशीलाल प्रजापति पिता गपोलिया प्रजापति उम्र 49 साल निवासी ग्राम उमरी फिफरी पो.मड़ई तहसील मैहर जिला सतना म.प्र. निवासी होकर शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ मेरे आधार कार्ड क्रमांक 576212202662 में मेरा नाम बंशीलाल प्रजापति पिता गपोलिया प्रजापति दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरे पैनकार्ड में मेरा सरनेम त्रुटिबस कुम्हार व पिता का नाम गपोली कुम्हार दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक सरनेम प्रजापति है। अतः पैनकार्ड में सुधार किया जाकर बंशीलाल प्रजापति पिता गपोलिया प्रजापति दर्ज किया जाये। जो सही एवं सत्य है।

वर्ष 72 » अंक 236 » पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 25 मई, 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13, विक्रम संवत् 2082
नगर » मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अख़बार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

"धैर्य रखो निराश मत होना कभी, क्योंकि तुम्हें जिसने लिखा है वो ब्रह्मांड का सबसे बड़ा लेखक है।
– अज्ञात"



# टीम इंडिया की बागडोर युवा गिल के हाथों में

## क्रिकेट चयनकर्ताओं ने पांच टेस्ट मैचों के इंग्लैंड दौरे की श्रृंखला में गिल को कप्तान और ऋषभ पंत को बनाया उप कप्तान, मोहम्मद शमी हुए बाहर

**मुंबई, जेएनएन।** बीसीसीआई ने शनिवार को शुभमन गिल के हाथों में भारतीय टेस्ट टीम की बागडोर सौंप दी है। 25 साल के शुभमन गिल भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करने वाले 37वें खिलाड़ी बने। पांच टेस्ट मैचों के इंग्लैंड दौरे पर शुभमन गिल पहली बार भारतीय टेस्ट टीम की अगुवाई करेंगे।

इससे पहले 7 मई को रोहित शर्मा ने टेस्ट प्रारूप से संन्यास की घोषणा की थी। 38 साल के रोहित शर्मा के टेस्ट संन्यास के बाद खबरें उठी कि कौन कप्तानी की राजगद्दी पर कौन बैठेगा? शुभमन गिल इस रेस में सबसे आगे चल रहे थे और आखिरकार चयनकर्ताओं ने उनके ही नाम पर मुहर लगाई।

### टेस्ट क्रिकेट में नए युग का आरंभ

शुभमन गिल ने 26 दिसंबर 2020 को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। तब से उन्होंने 32 मैच खेले, जिसमें पांच शतक और सात अर्धशतकों की मदद से 1893 रन बनाए। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास लेने के बाद भारतीय टेस्ट क्रिकेट में नए युग का आरंभ हो गया है। इसकी शुरुआत 20 जून से इंग्लैंड दौरे से होगी। बीसीसीआई ने शनिवार को टेस्ट सीरीज के लिए टीम का एलान कर दिया। शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया गया है।

### विराट की सबसे ज्यादा टेस्ट कप्तानी

भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के चौथे संस्करण का आगाज युवा टीम के साथ करेगी। कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट से रिटायरमेंट लेने के बाद युवा शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया गया है। वहीं, ऋषभ पंत को उनका डिप्टी नियुक्त किया है। विराट कोहली (68) सबसे ज्यादा टेस्ट में कप्तानी करने वाले भारतीय कप्तान रहे। उनके नेतृत्व में भारत ने रिकॉर्ड सबसे ज्यादा 40 टेस्ट जीते।

### साई बने विराट के रिप्लेसमेंट

विराट कोहली के टेस्ट संन्यास लेने के बाद उनकी जगह भरने के लिए साई सुदर्शन को चुना गया है। भारतीय टीम में रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह ही मात्र दो अनुभवी खिलाड़ी के रूप में मौजूद हैं। साथ ही करुण नायर और अभिमन्यु ईश्वरन को भी टीम में जगह दी गई है।

### अर्शदीप को भी मिली जगह

जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे। अर्शदीप सिंह को पहली बार टेस्ट टीम जगह मिली है। तेज गेंदबाजी आक्रमण में इन दोनों के अलावा मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और शार्दुल ठाकुर को भी टीम में जगह दी गई है।

### सीके नायडू थे पहले कप्तान



टेस्ट क्रिकेट में सीके नायडु भारत के पहले कप्तान थे। उन्होंने चार मैचों में कप्तानी की, लेकिन एक भी जीतने में कामयाब नहीं रहे। लाला अमरनाथ टेस्ट मैच जीतने वाले पहले भारतीय कप्तान रहे। उनके नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को दिल्ली (16-18 अक्टूबर 1952) में एक पारी और 70 रन से मात दी थी। फिर मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में पाकिस्तान को (13-16 नवंबर 1952) को 10 विकेट से पटखनी दी थी।

---

**अर्थव्यवस्था**

## 6.1 प्रतिशत की स्थिर वृद्धि दर के लिए चाहिए स्थिर, सशक्त और विविधता पूर्ण विकास

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत को 6 प्रतिशत से अधिक की दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि बनाए रखने के लिए अब महज विदेशी निवेश या वैश्विक व्यापार परिवेश पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे अपनी घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूती लाने के लिए नीतिगत पुनर्गठन और विविधीकरण की सख्त जरूरत है। यह निष्कर्ष डीएसपी नेट्रा की एक हालिया विश्लेषणात्मक रिपोर्ट से सामने आया है, जिसमें कहा गया है कि यदि भारत को 6.1 प्रतिशत या उससे अधिक की स्थिर ग्रॉस वैल्यू एडेड (जीवीए) वृद्धि दर कायम रखनी है, तो एक स्थिर, सशक्त और विविध घरेलू विकास इंजन की जरूरत होगी।




**सेवा क्षेत्र:** कोविड-19 महामारी ने भारतीय अर्थव्यवस्था की कमजोर कड़ी उजागर की है। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा सहारा सेवाक्षेत्र सर्वाधिक प्रभावित हुआ। 2010-2020 के दशक में सेवाक्षेत्र की औसतन वार्षिक वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत थी, जो 2020-2025 में 5.2 प्रतिशत पर आ गई। महामारी के बाद तेजी से वापसी हुई, लेकिन उपभोग में कमजोरी और वेतन वृद्धि की सुस्ती ने रफ्तार फिर थाम दी है। निजी खपत और घरेलू मांग मजबूत नहीं होती, तो क्षमता भी सीमित होगी।

**आईटी क्षेत्र:** आईटी ने कोविड के बाद सहारा दिया था। रिपोर्ट चेतावनी देती है कि केवल एक क्षेत्र पर अत्यधिक निर्भरता आर्थिक संतुलन बिगाड़ सकती है। जरूरी है कि भारत विविधता के साथ कृषि, निर्माण, विनिर्माण और नए सेवा क्षेत्रों को भी उतनी ही प्राथमिकता दे।

**कृषि क्षेत्र:** रिपोर्ट में कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन जैसे प्राथमिक क्षेत्रों की कमजोर वृद्धि दर पर भी रोशनी डाली गई है।

**दशकवार कृषि क्षेत्र की वृद्धि**
- 1990-2000: 3.1 प्रतिशत
- 2000-2010: 2.0 प्रतिशत
- 2010-2020: 4.4 प्रतिशत

आंकड़े दर्शाते हैं कि हालिया सालों में सुधार के बावजूद कृषि क्षेत्र औसत से काफी पीछे है।

**विनिर्माण और निर्माण:** उद्योग क्षेत्र में विनिर्माण ने 2000-2010 में 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की। निर्माण ने 9.4 प्रतिशत की वृद्धि दिखाई, लेकिन 2010-2020 में यह गिरकर 4.9 प्रतिशत रह गई। साफ है कि निर्माण क्षेत्र में बहुत अस्थिरता है, और इसे स्थायित्व के लिए सरकारी प्रोत्साहन की जरूरत है।

**रिपोर्ट में दीर्घकालिक वृद्धि के लिए घरेलू मांग को पुनर्जीवित करने, कृषि सुधार, विनिर्माण क्षेत्र में नवाचार, सेवाक्षेत्र का पुनर्गठन और साइबर-सुरक्षा और डेटा प्रबंधन को जरूरी बताया है।**

---

### साइबर युद्ध की अदृश्य रेखाएं: अगला निशाना आप भी हो सकते हैं!

# कहीं आपके जरिए तो नहीं हो रही है हैकिंग?

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय साइबर एजेंसियों ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। पाकिस्तान, बांग्लादेश और पश्चिम एशियाई देशों से भारत पर अब तक 15 लाख से ज्यादा साइबर हमले किए जा चुके हैं, इनमें से भले ही महज 150 सफल हुए हों, लेकिन खतरा कहीं ज्यादा गहरा और जटिल है। इन हमलों का निशाना देश की महत्वपूर्ण आधारभूत संरचनाएं थीं। इनमें रक्षा मंत्रालय की वेबसाइटें, रेलवे, बिजली ग्रिड, और सरकारी पोर्टल शामिल हैं। मौजूदा भारत-पाक संकट के दौरान तो सुरक्षा एजेंसियों और भारत की साइबर सुरक्षा टीम ने इस संकट से किसी तरह पार पा ली, लेकिन संभव है कि अगली बार हमला सीधे आप पर हो और शायद आपके डिवाइस के जरिए किसी सरकारी संस्थान तक पहुंच बनाई जाए! दरअसल, हैकर्स अब महज वेबसाइट्स या सरकारी डाटा तक सीमित नहीं हैं, वे आम लोगों के स्मार्टफोन, लैपटॉप और वाई-फाई नेटवर्क के जरिए भी सेंध लगा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर एक नागरिक का डिवाइस 'बॉटनेट' का हिस्सा बन जाए, तो वह अनजाने में एक बड़े हमले का हिस्सा बन सकता है। इसके लिए डीडीओएस और जीपीएस स्पूफिंग का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### सोशल इंजीनियरिंग के जरिये हमले

सोशल इंजीनियरिंग एक ऐसी साइबर तकनीक है जिसमें हैकर तकनीकी ताकत नहीं, बल्कि व्यक्ति की मनोवृत्ति और व्यवहार का उपयोग करता है। जैसे किसी व्यक्ति को कॉल करके फर्जी अधिकारी बनकर बैंक डिटेल्स मांगना या ईमेल के जरिए लॉगिन पासवर्ड चुरा लेना। हाल ही में 'कॉल फ्रॉम मिलिट्री' नाम से फर्जी कॉल्स की रिपोर्ट सामने आई जिसमें सेना का नाम लेकर संवेदनशील जानकारी मांगी गई। इसका सबसे बड़ा हथियार होता है 'विश्वास'। एक बार यदि आप भरोसा कर लें, तो आप खुद अपने डिवाइस को हमलावर के हवाले कर देते हैं।

### क्या हैं ये खतरनाक टूल्स?

- डीडीओएस (डिस्ट्रीब्यूटेड डिनायल-ऑफ-सर्विस अटैक): इसमें हजारों संक्रमित डिवाइस एक साथ किसी वेबसाइट या सिस्टम को डेटा से भर देते हैं, जिससे वह क्रैश कर जाता है।
- कल्पना करें कि 10 लोग एक दरवाजे से निकलना चाहें, और अचानक 10,000 लोग धक्का मारकर आने लगें। यही होता है डीडीओएस में। किसी सरकारी संस्थान की वेबसाइट के यूजर डाटा यानी नागरिकों की जानकारी हैक करके, उनको एक साथ लॉगिन कराया जाता है।
- जीपीएस स्पूफिंग: इसमें गलत लोकेशन डेटा भेजकर सेना, ड्रोन या नेविगेशन सिस्टम को भ्रमित किया जाता है। जैसे गूगल मैप आपको किसी गली की जगह समंदर में दिखाए — वही है जीपीएस स्पूफिंग।



### भारत में बढ़ते साइबर हमले

(दर्ज घटनाओं की संख्या)

| | |
|---|---|
| 2020 | 11.5 लाख |
| 2021 | 14 लाख |
| 2022 | 16.2 लाख |
| 2023 | 18.4 लाख |
| 2024 | 21.3 लाख |
| 2025 (जनवरी-अप्रैल) | 8 लाख से अधिक मामले |

इनमें सबसे अधिक हमले सरकारी वेबसाइटों, बैंकिंग सेक्टर और इंफ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क पर हुए हैं।

### साइकोलॉजिकल साइबर वॉरफेयर

साइबर युद्ध महज तकनीकी हमला नहीं है, बल्कि यह मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी लड़ा जा रहा है। साइकोलॉजिकल साइबर वॉरफेयर का उद्देश्य आम जनता के मनोबल को तोड़ना, भ्रम पैदा करना और सामाजिक विघटन को बढ़ावा देना होता है। इसमें फर्जी वीडियो, मॉर्फ्ड इमेज या झूठे समाचार वायरल किए जाते हैं जो धार्मिक, जातीय या राजनीतिक भावनाएं भड़का सकते हैं। ये संदेश सोची-समझी रणनीति के तहत फैलाए जाते हैं ताकि अविश्वास और उन्माद फैले। यह 'डिजिटल प्रोपेगैंडा' का हिस्सा होते हैं।

### एथिकल हैकर्स की भूमिका

जहां एक ओर खतरे बढ़ रहे हैं, वहीं एथिकल हैकर्स यानी नैतिक हैकर देश की साइबर सुरक्षा के पहरेदार बनते जा रहे हैं। ये लोग हैकर्स जैसे ही टूल्स का इस्तेमाल करके सिस्टम की कमजोरियां खोजते हैं ताकि असली हमले से पहले उन्हें दुरुस्त किया जा सके। भारत में हर साल 50,000 से अधिक युवा साइबर सिक्योरिटी में करियर बना रहे हैं। कंपनियां, बैंक, सेना, और सरकारी एजेंसियां अब एथिकल हैकर्स को उच्च वेतन पर नियुक्त कर रही हैं।

### मोबाइल ऐप्स और गेम्स से जासूसी

कुछ फ्री ऐप्स और विदेशी गेम्स के जरिए जासूसी की जा रही है। ये ऐप्स उपयोगकर्ता से कैमरा, माइक्रोफोन, कॉन्टैक्ट्स और लोकेशन तक की परमिशन मांगते हैं, और एक बार अनुमति मिलने पर ये डिवाइस के अंदर तक पहुंच बना लेते हैं। इसमें छिपा मैलवेयर लगातार आपकी गतिविधियों पर नजर रख सकता है। टारगेटेड जासूसी में यह तकनीक उपयोगी साबित होती है। इनका इस्तेमाल पत्रकारों, सैन्यकर्मियों या राजनीतिक कार्यकर्ताओं की जासूसी के लिए किया जाता है।




### आप कितने सुरक्षित हैं?

- क्या आपने दो-स्तरीय प्रमाणीकरण (2एफए) ऑन किया है?
- क्या आपके पास अपडेटेड एंटीवायरस है?
- क्या आप अनजान लिंक या ईमेल से बचे रहते हैं?
- क्या आप पब्लिक वाई-फाई पर बैंकिंग या पासवर्ड इस्तेमाल करते हैं?
- क्या आपका डिवाइस बायोमेट्रिक से सुरक्षित है?
- अगर इनमें से किसी का उत्तर 'नहीं' है, तो आप खतरे में हो सकते हैं।

### भारतीय साइबर एजेंसियों की अंदरूनी रणनीति

भारत की प्रमुख साइबर एजेंसी सीईआरटी-इन (इंडियन कंम्यूटर इमरजैंसी रिस्पांस टीम) इन हमलों को रोकने में फ्रंटलाइन पर है। इसके अलावा डिफेंस साइबर एजेंसी (डीसीए) और रॉ की तकनीकी शाखाएं लगातार एआई-संचालित सिस्टम से खतरे की पहचान कर रही हैं। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, 'एपीटी ग्रुप्स की गतिविधियों को ट्रैक करने के लिए हमने 24×7 निगरानी तंत्र स्थापित किया है, जिसमें सिग्नल इंटेलिजेंस, डिजिटल फोरेंसिक और विदेशी आईपी ट्रेसिंग शामिल है।'

### अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समझौते



साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में भारत ने कई देशों के साथ द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग स्थापित किए हैं। अमेरिका, इजराइल, जापान, फ्रांस और यूके जैसे देशों के साथ साइबर थ्रेट इंटेलिजेंस साझा की जाती है। भारत 'ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी कोऑपरेशन फ्रेमवर्क' का हिस्सा है और 'यूएन इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन' जैसे मंचों पर साइबर युद्ध के वैश्विक मानदंडों पर सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

### बैंकिंग ट्रोजन और फिशिंग अभियान

'बैंकिंग ट्रोजन' एक मैलवेयर होता है जो डिवाइस में इंटरनेट बैंकिंग गतिविधियों पर नजर रखता है और संवेदनशील जानकारी चुरा सकता है। इसके अलावा, 'फिशिंग अभियान' के तहत उपयोगकर्ताओं को नकली ईमेल, मैसेज या वेबसाइट्स के जरिए ठगा जाता है।

### साइबर अपराधों के लिए रिपोर्टिंग सिस्टम

साइबर अपराधों की सूचना के लिए सरकार ने दो मुख्य साधन उपलब्ध कराए हैं- साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और वेबसाइट (http:// www. cybercrime. gov. in) यदि किसी को फर्जी कॉल, मैसेज, या ऑनलाइन धोखाधड़ी का सामना करना पड़े, तो वह तुरंत इसकी रिपोर्ट इन माध्यमों से कर सकता है। इसके अलावा कई राज्य सरकारों ने साइबर पुलिस थाने स्थापित किए हैं।

---

**चर्चित चेहरा**



### अली खान महमूदाबाद

इतिहास, राजनीति और प्रतिबद्धता के ध्रुव पर खड़ा आधुनिक विद्वान

***चर्चा में:*** *अली खान महमूदाबाद ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सोशल मीडिया पोस्ट पर पोस्ट की। इसके चलते देश की संप्रभुता को खतरे में डालने और समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाने के कथित आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दी है। हालांकि एफआईआर रद्द नहीं की गई है और मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है।*

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय इतिहासकार, राजनीतिक वैज्ञानिक और स्तंभकार अली खान महमूदाबाद अशोक विश्वविद्यालय में इतिहास और राजनीति विज्ञान के सहायक प्रोफेसर हैं। महमूदाबाद की पारिवारिक विरासत भारत की मुस्लिम सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक चेतना की एक महत्वपूर्ण परत को दिखाती है। उनका जीवन एक ऐसे युवा भारतीय बुद्धिजीवी का उदाहरण है जिसने अपनी परंपरा, आधुनिकता और तर्कशीलता के बीच संतुलन साधते हुए शिक्षा, लेखन और जनमत निर्माण के क्षेत्र में एक विशेष स्थान बनाया है। अली का जन्म 2 दिसंबर 1982 को महमूदाबाद (उत्तर प्रदेश) में हुआ था।

प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ के प्रतिष्ठित ला मार्टिनियर स्कूल से हासिल करने के बाद वे इंग्लैंड चले गए। उन्होंने 2001 में स्कूली शिक्षा पूर्ण की। इसके बाद अमेरिका के एमहर्स्ट कॉलेज से स्नातक और फिर दमिश्क विश्वविद्यालय से अरबी भाषा की गहन पढ़ाई की। इसके बाद कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय (गर्टन कॉलेज) से एमफिल और पीएचडी की। उनका शोध '1850 से 1950 के बीच उत्तर भारतीय मुसलमानों में संबद्धता की वाणी और स्थान' पर आधारित था। एक विद्वान के रूप में अली खान ने अकादमिक शोध के साथ-साथ पत्रकारिता में भी सशक्त हस्तक्षेप किया है। उनकी लेखनी भारत के मुसलमानों की सांस्कृतिक स्मृति, आधुनिकता के साथ संघर्ष, सांप्रदायिकता और राष्ट्रवाद के टकराव जैसे विषयों पर केंद्रित रही है।

---

# क्लाइमेट माइग्रेशन: जब गर्मी कर दे घर छोड़ने को मजबूर

'मैंने कभी नहीं सोचा था कि दिल्ली की गर्मी मुझे अपना घर छोड़ने पर मजबूर कर देगी।' यह कहना है 26 वर्षीय डिजाइनर राहुल चौधरी का, जो अब शिमला से वर्क-फ्रॉम-होम कर रहे हैं। राहुल अकेले नहीं हैं। हर साल जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, हजारों लोग गांवों से शहर और शहरों से पहाड़ों की ओर पलायन कर रहे हैं। रोजगार की तलाश में होने वाले पलायन के बाद अब लोग राहत की तलाश में पलायन कर रहे हैं। इस तरह जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरण की चुनौती नहीं रहा, यह सामाजिक और आर्थिक बदलावों का वाहक बन चुका है। इसे 'क्लाइमेट माइग्रेशन' कहते हैं। जो न सिर्फ जीवनशैली, बल्कि भारत की आंतरिक जनसंख्या संरचना को भी प्रभावित करना शुरू कर चुका है।

**राहुल अकेले नहीं हैं**- वह उन जैसे लाखों युवाओं में से एक हैं, जो जलवायु परिवर्तन की मार से जूझते गांवों से शहरों का रुख कर रहे हैं।



### क्लाइमेट माइग्रेशन के असर

**शहरों पर भार बढ़ता है :** गांवों से पलायन करने वाले लोग शहरों के लिए बुनियादी सुविधाओं पर बोझ बन जाते हैं – जैसे पानी, बिजली, परिवहन और स्वास्थ्य।

**ग्रामीण क्षेत्रों का खोखलापन :** जब कामकाजी उम्र के लोग गांव छोड़ते हैं, तो गांवों में बुजुर्ग और महिलाएं रह जाती हैं। इससे सामाजिक ढांचा कमजोर होता है।

**हिमालयी क्षेत्रों में पर्यावरणीय संकट :** बढ़ती आबादी और अंधाधुंध निर्माण से पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन, जल संकट और जैव विविधता पर खतरा मंडरा रहा है।

### क्या है क्लाइमेट माइग्रेशन

जब जलवायु की वजह से कोई व्यक्ति या समुदाय किसी जगह से दूसरी जगह पलायन करता है- जैसे कि अत्यधिक गर्मी, सूखा, बाढ़ या पानी की कमी के कारण, तो उसे 'क्लाइमेट माइग्रेशन' कहा जाता है। यह प्रवास अस्थायी भी हो सकता है और स्थायी भी।

### शहर से पहाड़ या ठंडी जगहों की ओर पलायन

शहरी मध्यमवर्ग और उच्चवर्ग के लोग, जो गर्मी के बढ़ते स्तर को झेल नहीं पा रहे, हिमाचल, उत्तराखंड, सिक्किम या नार्थ ईस्ट के हिल-स्टेशनों की ओर पलायन कर रहे हैं।

कई लोग वर्क-फ्रॉम-होम संस्कृति का लाभ उठाकर स्थायी रूप से पहाड़ों में घर खरीद रहे हैं या रेंट पर रह रहे हैं। इससे इन क्षेत्रों में स्थानीय पर्यावरणीय दबाव बढ़ रहा है, जमीनों की कीमतें आसमान छू रही हैं और स्थानीय लोगों के लिए आवास संकट उत्पन्न हो रहा है।

### नीतिगत चुनौतियां और समाधान

- क्लाइमेट माइग्रेशन को अब नीति-निर्माण में गंभीरता से शामिल करने की जरूरत है।
- गांवों में जल-संरक्षण, सूखा-रोधी खेती और सौर ऊर्जा पर जोर
- शहरों में प्रवासियों के लिए आवास, स्वास्थ्य और रोज़गार योजनाएं
- हिल स्टेशनों के लिए पर्यावरण-संवेदनशील ज़ोन की सीमाएं तय करना
- राष्ट्रीय स्तर पर 'क्लाइमेट माइग्रेशन नीति' का निर्माण और डेटा संग्रह

---

# हॉलीवुड में एआई का क्रांति काल

हॉलीवुड, जो अब तक सिनेमा की रचनात्मकता और मानवीय कल्पनाशीलता का केंद्र रहा है, अब एक नई क्रांति के दौर से गुजर रहा है। यह क्रांति किसी तकनीकी उपकरण या किसी फिल्म शैली की नहीं, बल्कि एक ऐसी ताकत की है जो कल्पना से कहीं आगे है। यह है- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)। एआई के बढ़ते दखल ने न केवल फिल्म निर्माण की प्रक्रिया को बदला है, बल्कि अभिनेता, लेखक और तकनीशियन समुदाय की आजीविका और पहचान पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### एआई के सशक्त प्रयोग: किरदार, स्क्रिप्ट और ध्वनि तक

हॉलीवुड में कई फिल्मों में एआई से बनाए वर्चुअल किरदार मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। हाल ही में 'इकोज ऑफ टूमॉरो' में नायक की भूमिका पूरी तरह एआई जनरेटेड थी। चेहरे की अभिव्यक्तियां, आवाज, चाल-ढाल सब कुछ डिजिटल रूप से निर्मित। स्क्रिप्ट लेखन भी मशीन लर्निंग एल्गोरिद्म से संभव है। एआई से पुरानी स्क्रिप्ट्स और शैली के आधार पर नई कहानियां लिख जा रही हैं। साउंड डिजाइन भी वॉयस-क्लोनिंग और जनरेटिव ऑडियो टूल्स से हो रहा है।

### कलाकारों और तकनीशियनों की चिंता

इस बदलाव से हॉलीवुड कलाकार समुदाय गहरी चिंता में है। 2023-24 में अभिनेता संघ और लेखक संघ ने ऐतिहासिक हड़ताल की थी। हड़तालों का मूल मुद्दा था कि क्या एआई का इस्तेमाल कलाकारों की अनुमति के बिना किया जा सकता है? अभिनेता टॉम हॉलेंड ने सार्वजनिक रूप से कहा, 'यदि एआई मेरी आंखों की चमक और मेरे बोलने के अंदाज की नकल कर सकता है, तो मेरा पेशा कहां बचेगा?' इसी तरह, लेखिका फियोना जेम्स ने कहा, 'हमने अपनी कहानियों में आत्मा डाली है, एक मशीन सिर्फ पैटर्न समझ सकती है, भावनाएं नहीं।'

**निर्माता और स्टूडियो का रुख :** वहीं फिल्म स्टूडियो और निर्माता इस तकनीक को 'भविष्य की कुंजी' मानते हैं। उनके अनुसार, एआई की मदद से फिल्म निर्माण की लागत घटाई जा सकती है, उत्पादन का समय कम किया जा सकता है और दर्शकों को अधिक वैयक्तिकृत अनुभव मिल सकता है। नेटफ्लिक्स और डिज्नी ने पहले ही एआई स्क्रिप्ट-जनरेशन और विजुअल इफेक्ट्स में निवेश करना शुरू कर दिया है।

# खेत में लगे तारबाड़ी में करंट से एक की मौत, दो घायल

## बैकुंठपुर में हुई घटना जांच में जुटी पुलिस



**जागरण, रीवा।** बैकुंठपुर में खेत में लगी तार बाड़ी में करंट से एक की मौत हो गई जबकि दो घायल हो गए हैं। हरिजन परिवार के लोग हादसे का शिकार हो गए। बैकुंठपुर निवासी मृतक शरद चंद्र साकेत के भाई रामदयाल साकेत ने आरोप लगाते हुए जानकारी दी कि उनके पड़ोस में रहने वाले भास्कर कुशवाहा द्वारा अपनी तार बाड़ी में लोहे की जाली लगाई गई है जिस पर बिजली का करंट भी लगाया गया था। पीड़ित रामदयाल ने बताया कि गुरुवार को करीब 10. 30 बजे उनके भाई शरद चंद्र किसी काम से उधर गए थे, इसी दौरान वे जाली में लगे करंट की चपेट में आ गए। शरद चंद्र का हल्ला गुहार सुनकर पास ही मौजूद दो लोग उन्हें बचाने गए तो वह भी करंट की चपेट में आ गए लेकिन उन्हें बचा लिया गया जबकि शरत चंद्र जाली में फंसे रह गए जिससे उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। रामदयाल के मुताबिक इस घटना में उनके भाई की मौत हो गई है जबकि दो लोग घायल हुए हैं। मृतक के परिजनों ने पड़ोसी पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## साले के साथ जीजा और उसके दोस्तों ने की मारपीट

**नईगढ़ी के धोबी में वैवाहिक कार्यक्रम की घटना**

**जागरण, रीवा।** नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धोबी में वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान डीजे की धुन पर हो रहे डांस के बीच रिश्ते के जीजा और साले में हुई मारपीट में साले का सिर फूट गया। आरोप है कि रिश्ते का जीजा अपने साथियों के साथ साले को पीटा जिससे वह घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक कुशवाहा परिवार की बारात गुरुवार को रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटना से मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबी गांव गई हुई थी। देर रात द्वाराचार के दौरान बज रहे डीजे में बाराती और घराती पक्ष डांस कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम पटना निवासी अजीत साहू के ऊपर उसके रिश्ते के जीजा पिंटू, कैलाश और अर्पित ने हमला कर दिया। मारपीट की इस घटना के दौरान अजीत के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, जिसे अस्पताल ले जाया गया। वहीं मामले की शिकायत पीड़ित ने नईगढ़ी थाना में भी दर्ज करवाई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बिछिया थाना में 40 लावारिस वाहन, कर सकते हैं दावा

**रीवा।** शहर के बिछिया थाना में दो फोर व्हीलर व 38 दो पहिया वाहन खड़े हैं, ये वाहन पुलिस को लावारिस हालत में अलग स्थानों से मिले थे। बिछिया थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने बताया कि इन वाहनों को रात्रिकालीन चेकिंग व गश्त के दौरान लावारिस हालत में पाया गया था, खुले में रहने के कारण ये वाहन खराब हो रहे हैं, इनके निराकरण के लिए पुलिस ने एसडीएम हुजूर न्यायालय में पुलिस एक्ट के प्रावधानों के तहत प्रकरण प्रस्तुत किया था। बताया गया कि इन वाहनों के वैध मालिक अपने वाहनों के समुचित दस्तावेज थाना में प्रस्तुत करके वाहन प्राप्त कर सकते हैं।

## 2016 के बाद अस्तित्व में आई अवैध कॉलोनियों पर एफआईआर कराने के निर्देश

**रीवा।** शहर में भूमाफिया द्वारा बसाई जा रही अवैध कालोनियों के विरुद्ध एफआईआर कराने का निर्देश देते हुए निगमायुक्त ने कहा कि वर्ष 2016 से पूर्व अस्तित्व में आई कालोनियों को वैध करने प्रक्रिया में तेजी लाई जाय जिससे कालोनी विकास शुल्क की राशि से उनका भी विकास किया जा सके। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने गुरुवार को निकाय के राजस्व वृद्धि हेतु एवं अवैध कॉलोनियों, कॉलोनी विकास शुल्क एवं कंपाउंडिंग कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। कॉलोनी विकास शुल्क वसूली की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया।

# पीएचई का नल उगल रहा गंदा व बदबूदार पानी

## वार्ड 16 के रहवासी पिछले एक वर्ष से पानी के लिए परेशान





**जागरण, रीवा।** शहर के वार्ड क्रमांक 16 में लगे पीएचई के नल पिछले एक साल से गंदा व बदबूदार जल उगल रहे हैं। लोगों को पीने के लिए पानी नसीब नहीं हो रहा। वार्ड के रहवासियों ने बताया कि शुरुआत में तो काफी धीमा पानी आता है, कुछ देर बाद पानी का प्रेशर बढ़ता है, जो पानी नलों में निकलता है वह एकदम गंदा और बदबूदार निकलता है। इसके कुछ देर बाद जल प्रदाय भी बंद हो जाता है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि जो पानी सप्लाई किया जा रहा है वह पानी किसी बर्तन में भरकर रख भी नहीं सकते, पूरे घर में बदबू फैल जाती है।

### सीएम हेल्प लाइन से भी नहीं किया समाधान

वार्ड के रहवासी सरला सोधिया, लवकुश पाण्डेय, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव व उनके यहां रहने वाले किरायेदारों ने बताया कि पिछले एक साल से अधिक समय बीत गया, लोगों के घरों में गदा पानी ही आ रहा है। कुछ लोगों के यहां बोरिंग है किन्तु बोरिंग में खारा पानी आने से उस पानी का उपयोग पीने के लिए नहीं किया जा सकता। जिससे लोगों को प्यास बुझाने के लिए बाजार से पानी की बोतलें खरीदना पड़ती हैं। यहां के रहवासियों ने बताया कि कई बार इसकी शिकायत वार्डवासी कर चुके हैं, लेकिन कोई देखने तक नहीं आया। सीएम हेल्प लाइन में भी वार्ड की पेयजल समस्या के बारे में शिकायत कर चुके परन्तु वहां से भी कोई समाधान नहीं किया गया।

### पांच-छः दिन जल प्रदाय बंद भी रखा था

वार्ड के लोगों ने बताया कि पिछले वर्ष कुछ दिनों के वार्ड का जल प्रदाय बंद किया गया था, कह रहे थे कि व्यवस्था सुधारेंगे। पांच–छह दिन जल प्रदाय बंद रखा गया, लेकिन अब जब जल प्रदाय चालू किया गया तो भी नलों में गंदा और बदबूदार पानी ही आता रहा, जो आज भी यथावत है।



## कार के अंदर रखे 1.14 लाख रुपए बाइकर्स गैंग ने किए पार

**रीवा।** मऊगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आशीर्वाद हॉस्पिटल में दवा कराने आए मरीज के कार के अंदर से बाइकर्स गैंग के आरोपियों ने 1 लाख 14 हजार रुपए पार कर दिए। पुलिस सीसीटीवी फुटेज चेक कर आरोपियों की तलाश कर रही है। बताया गया कि मऊगंज के ग्राम पंचायत फरहदा एवं सीतापुर सचिव उमेश शुक्ला ने गुरुवार को दोपहर यूनियन बैंक से एक लाख 14 हजार अपने मित्र संतोष मिश्रा के माध्यम से निकलवाकर कार में रखे थे। इसके बाद सीने में दर्द होने के कारण वो आशीर्वाद हॉस्पिटल दवा लेने पहुंचे। कार बाहर खड़ा कर वे दवा लेने अंदर चले गए। इसी बीच चोरों ने कार का दरवाजा खोलकर उसमें रखे रुपए पार कर दिए। जब पीड़ित ने मध्यांचल बैंक के पास पैसे की आवश्यकता होने पर देखा तो रुपए गायब थे, जिससे सचिव के होश उड़ गए। घटना के बाद उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मऊगंज पुलिस जांच में जुटी है। लेकिन अभी तक आरोपियों का सुराग नहीं लगा है। फुटेज में तीन आरोपी बाइक से कार का पीछा करते नजर आ रहे हैं और कार का दरवाजा खोलकर पैसे निकालते दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद अस्पताल के काउंटर में जाकर दवाइयां भी खरीद रहे हैं। लेकिन चेहरा कपड़े से ढके होने से पहचान नहीं हो पाई है। पीड़ित के मुताबिक बैंक से यह रुपए उसने पत्नी के इलाज के लिए निकाले थे, जिसे घटना के अगले दिन प्रयागराज लेकर जाना था जहां पत्नी का उपचार कराना था। फिलहाल मऊगंज पुलिस मामला पंजीबद्ध कर अब आरोपियों की खोजबीन में लगी हुई है।

## 30 पाव देसी शराब पकड़ाई

**रीवा।** डभौरा पुलिस ने यूपी की तरफ से बाइक में लाई जा रही 30 पाव अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान घूमन मोड़ में बाइक सवार आरोपी देवमुनि रावत पिता रामशिरोमणि रावत 24 वर्ष निवासी मसुआर को 30 पाव देसी शराब के साथ पकड़ा, जिसके बाद पुलिस ने अवैध शराब सहित बाइक को जब्त किया है।

## 10 साल की बच्ची से हलवाई ने किया दुष्कर्म

**जागरण, रीवा।** मऊगंज जिले के लौर थाना क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम में 10 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। हलवाई ने उसके साथ दुराचार किया। घटना की सूचना पर लौर पुलिस सहित एसपी मऊगंज एडिशनल एसपी मऊगंज ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया है। जिससे घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मासूम का मेडिकल परीक्षण कराया है। वहीं आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के संबंध में अब तक जो जानकारी निकलकर सामने आई उसके मुताबिक लौर थाना क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान हलवाई का काम करने गए आरोपी कृष्ण पाल गिरी निवासी ग्राम तड़ौरा ने वैवाहिक कार्यक्रम में मौजूद 10 वर्षीय मासूम बच्ची को रात्रि तकरीबन 12 बजे अपने साथ बहला फुसलाकर कार्यक्रम स्थल से दूर ले गया जहां उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद किशोरी अपने परिजनों के पास पहुंची और घटना के संबंध में जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। मासूम के साथ हुए दुष्कर्म की जानकारी मिलते ही लौर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी कृष्ण पाल गिरी को गिरफ्तार किया, जबकि किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## संघ प्रमुख ने प्रशिक्षणार्थियों का किया प्रबोधन

**जागरण, रीवा।** सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल निराला नगर में चल रहे प्रथम एवं द्वितीय वर्ग के अभ्यास वर्ग में प्रशिक्षणार्थियों को प्रबोधन देने संघ प्रमुख डॉक्टर मोहन भागवत दो दिन से रीवा प्रवास में हैं। वह प्रशिक्षण स्थल में प्रशिक्षकों और प्रशिक्षणार्थियों के साथ रहकर सादगी की सीख दे रहे हैं। बता दें कि प्रशिक्षण वर्ग में महाकौशल प्रांत के 288 प्रशिक्षु कार्यकर्ता वर्ग को आरएसएस की विचारधारा से अवगत कराया जा रहा है।

**कार्यालय नगर परिषद हनुमना, जिला मऊगंज (म.प्र.)**
E-Mail ID- cmohanumana@mpurban.gov.in
क्र./305/प्र.आ.यो. / दावा आपत्ति / न.परि./2025 हनुमना, दिनांक 23.05.2025
**आवश्यक - सूचना**
एतद् द्वारा नगरीय क्षेत्र के समस्त रहवासियों को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के 97 हितग्राहियों का चयन प्रक्रियाधीन है। हितग्राहियों की सूची नगर परिषद हनुमना के सूचना पटल पर उपलब्ध है।
उपरोक्त हितग्राहियों के सम्बन्ध में दॉवा आपत्ति दिनांक–23.05.2025 से 27.05.2025 तक कार्यालयीन समय में की जा सकती है। समय–सीमा उपरांत की गई आपत्तियों पर विचार नही किया जावेगा।
(अरूण कुमार त्यागी)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद हनुमना
जिला – मऊगंज (म.प्र.)

# पिकअप और ऑटो की जोरदार भिड़ंत, आधा दर्जन घायल

## गुढ़ थाना क्षेत्र के बरसैता के पास हुआ हादसा



**जागरण, रीवा।** गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरसैता के समीप ऑटो और पिकअप वाहन की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में आधा दर्जन लोगों को चोट पहुंची जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें एसजीएमएच से उपचार के लिए जबलपुर रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में घायल मयंक मिश्रा निवासी ग्राम बरसैता ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार की सुबह तकरीबन 6 बजे वह सवारी ऑटो में बैठकर अन्य यात्रियों के साथ रीवा आ रहा था। इसी दौरान बरसैता के समीप ऑटो के सामने आ रही पिकअप से जा टकराया जिससे आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ऑटो चालक नशे सेवन किया था, जिससे वह काफी तेज रफ्तार में वाहन चला रहा था। ऑटो सवार उसे वाहन धीमे चलाने को बोल रहे थे और देखते ही देखते घटना हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा था, जहां उनका उपचार शुरू हुआ दो की हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें जबलपुर लेकर गए हैं। गुढ़ पुलिस प्रकरण पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

## सूने आवास से लाखों के आभूषण चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** डभौरा कस्बे में तीन माह पूर्व सुने आवास में हुई लाखों की चोरी का डभौरा पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने सोने के जेवरात और मोबाइल बरामद किए हैं। इस पूरी कार्रवाई को लेकर जानकारी देते हुए डभौरा थाना प्रभारी ऋषभ सिंह बघेल ने बताया कि बीते 17 फरवरी को डभौरा कस्बा निवासी अखिलेश सिंह के सूने आवास में अज्ञात चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। अज्ञात चोरों ने तकरीबन 2 लाख 30 हजार रुपए कीमती सोने के जेवरात और मोबाइल पार कर दिया था। पीड़ित परिवार अपने परिजनों के साथ वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। इसी दौरान चोर घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे। पुलिस ने घटना में संदेह के आधार पर अतरैला थाना क्षेत्र के ग्राम देवखर निवासी दीपक बंसल और कृष्ण कुमार बंसल को पूछताछ के लिए अभिरक्षा में लिया गया। जिसके बाद आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद सोने के जेवरात घर में ले जाकर छिपा दिए थे, जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने सोने का हार , मंगलसूत्र, लॉकेट, टॉप्स सहित मोबाइल जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों से अन्य चोरी के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

# सम्पत्तिकर की वसूली के लिए आज से की जाएगी कुर्की एवं तालाबन्दी कार्यवाही

## 50 हजार से 10 लाख तक के बकायादारों पर शिकंजा

**जागरण, रीवा।** नगर निगम प्रशासन ने सम्पत्तिकर की वसूली के लिए बड़े बकायादारों के विरुद्ध शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। नगर निगम द्वारा 50 हजार से लेकर 10 लाख रुपये तक सभी बकायादारों को संपत्तिकर की बकाया राशि जमा करने का नोटिस दिया गया है, लेकिन बकायादार राशि जमा नहीं कर रहे है। वर्ष 2024–25 तक का लगभग 40 करोड़ रुपये का सम्पत्तिकर बकाया है। इसके अलावा वर्तमान वित्तीय वर्ष का संपत्तिकर अलग है। नगर निगम द्वारा पिछला बकाया संपत्तिकर की वसूली के लिए बकायादारों की कुर्की एवं तालाबंदी करने का निर्णय लिया गया है। निगमायुक्त के निर्देश पर शनिवार से बड़े बकायादारों के भवनों एवं प्रतिष्ठानों की कुर्की एवं तालाबंदी की कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक के दौरान यह बात सामने आई कि वर्ष 2024–25 तक के लगभग 40 करोड़ रुपये का सम्पत्तिकर बकाया होने के बावजूद वसूली की प्रगति संतोषजनक नहीं है। इस पर निगम आयुक्त द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिये गये निर्देश के परिपेक्ष्य में बड़े आवासीय भवनों से सम्पत्तिकर की वसूली हेतु कुर्की की कार्यवाही की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा सम्पत्तिकर नहीं दिये जाने की स्थिति में उन पर देय करों की वसूली हेतु 24 मई से प्रतिष्ठानों की तालाबन्दी एवं उन पर अधिनियम के अन्तर्गत वसूली की कार्यवाही की जावेगी।

## आरक्षक पर लगे छात्रों से मारपीट के आरोप

**छतरपुर।** सिविल लाइन थाना के एक आरक्षक पर दो छात्रों द्वारा मारपीट के आरोप लगाए गए है। पीड़ित छात्रों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद मामले की जांच नगर पुलिस अधीक्षक को सौंपी गई है। चौबे कॉलोनी निवासी छात्र कपिल मिश्रा ने बताया कि घटना बीती रात करीब 2 बजे पन्ना रोड के आदर्श पेट्रोल पंप के पास की है। कपिल के मुताबिक वह अपने दोस्त शिवम मिश्रा निवासी गणेश कॉलोनी सागर रोड के साथ बाइक से रेलवे स्टेशन के पास रेस्तरां में खाना खाने जा रहा था। पेट्रोल डलवाने के दौरान नगर रक्षा समिति के सदस्यों ने उनसे पूछताछ की और फिर चले गए। इसके कुछ देर बाद आरक्षक अजय प्रताप सिंह वहां पहुंचे और दोनों के मोबाइल चेक किए। कपिल मिश्रा ने बताया कि उसने आरक्षक को सूचित किया कि वे पढ़ने वाले छात्र हैं, बाहर से किराए पर रहते हैं और भूख के कारण रेस्तरां जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और पुलिस छानबीन कर सकती है। इसके बावजूद, आरक्षक अजय प्रताप सिंह ने कपिल के साथ कथित तौर पर मारपीट की।

**उत्तर मध्य रेलवे**
पत्र सं.: No. JHS/Commercial/e-Auction/2025/106 दिनांक: 19.05.2025
**ई-नीलामी सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) - झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-
**श्रेणी** : पे & यूज | **केटलोग संख्या** : JHS-PAYUSE-22
**एसेट्स डिटेल्स:** झाँसी मंडल के ललितपुर, ओरछा, हरपालपुर, डबरा, टीकमगढ, उरई, पुखरायां, दतिया एवं महोबा रेलवे स्टेशन पर पे एंड यूज़ टॉयलेट का संचालन एवं रखरखाव।
**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय** : दिनांक 03.06.2025 को समय- 11:00 से
**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय** : दिनांक 03.06.2025 को समय- 12:50 तक
**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- **www.ireps.gov.in** के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है।
**876/25(A)**
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

**सूचना**
जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**शीघ्र आवश्यकता है**
रीवा शहर में शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु कुक (cook) की आवश्यकता है एवं नवजात बच्चे की देखभाल के लिए नर्स/आया चाहिए रहने की सुविधा उपलब्ध है।
सीघ्र संपर्क करें : मो. 9425735577, 8770082649
RN.82510 (25/5)

## दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रीवा।** नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के तीन साल से फरार आरोपी को गढ़ पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। पीड़िता ने बताया था कि आरोपी युवक उसे बहला–फुसालकर भगा ले गया था जहां जबरन वह उसके साथ दुष्कर्म करता था, वह विरोध करती तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देता था। पुलिस शिकायत के बाद आरोपी की तलाश में लगी हुई थी जिसके बाद शुक्रवार को आरोपी विजय गुप्ता पिता विश्वनाथ गुप्ता 40 वर्ष निवासी गढ़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है।

## जिले की चाय-पान दुकानों पर नशीली एवं प्रतिबंधित सामग्री को किया गया चेक, सूची बनाकर बीट पुस्तिका में की गई प्रविष्टि

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण थाना-चौकी क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा पैदल गश्त (पेट्रोलिंग) करते हुए चाय-पान की दुकानों, टपरों एवं गुमटियों की सघन जांच की गई। यह कार्यवाही सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिबंधित एवं नशीली सामग्री के विक्रय पर अंकुश लगाने तथा असामाजिक तत्वों की पहचान हेतु की गई। पुलिस टीमों ने सार्वजनिक स्थलों, चौराहों, मार्गों और बाहरी क्षेत्रों में संचालित दुकानों पर जाकर यह सुनिश्चित किया कि कहीं कोई अवैध गतिविधि, जैसे नशीले पदार्थों की बिक्री या संदिग्ध व्यक्तियों का जमावड़ा, तो नहीं हो रहा है। इस दौरान हर क्षेत्र के अनुसार दुकानों की सूची बनाकर बीट पुस्तिका में विधिवत प्रविष्टियाँ की गईं। मुखबिर तंत्र को सशक्त बनाने हेतु पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों से संवाद स्थापित किया और संपर्क नंबरों का आदान-प्रदान किया गया। आम जनता से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल बीट अधिकारी, थाना प्रभारी या पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 7049101021 पर दें।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग हुजूर, जिला-रीवा (म.प्र.)**
क्रमांक 0133/ प्रवाचक/2025
रीवा, दिनांक–22/04/2025
**आम सूचना**
आवेदक गयाचरण बाजपेयी तनय स्व. श्री अनन्दी प्रसाद वाजपेयी निवासी ग्राम रतहरा तहसील हुजूर रीवा द्वारा तहसीलदार तहसील हुजूर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 3083/अ–61/2022–23 में पारित आदेश दिनांक 15.07.2022 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की गई है। जो गयाचरण वाजपेयी विरूद्ध श्री लालेन्द्र कुमार पटेल वगै. मौजा रतहरी से विचाराधीन है, जिसमें आगामी सुनवाई तिथि 16.06.2025 नियत है। अपीलार्थी के द्वारा निवेदन किया गया है कि, उत्तरवादी की तलबी स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशन कराया जाकर न्यायालय में उपस्थित कराई जावे।
यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगला कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग हुजूर,
जिला रीवा (म.प्र.)
RN- 82258

**कार्यालय नगर परिषद कोटर, जिला-सतना (म.प्र.)**
E-mail:-cmokothar@mpurban.gov.in
क्रमांक/52/न.प./ई–टेन्डर/2025 कोटर, दिनांक 17.04.2025
**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परिषद कोटर द्वारा वर्ष 2025–26 में निम्नानुसार सामग्री हेतु निर्धारित प्रपत्र"सी" में निविदाऐं आमंत्रित की जा रही है इच्छुक पंजीकृत एवं अधिकृत फर्म/ठेकेदार, ई–निविदा के माध्यम से ऑनलाइन निविदाऐं डाल सकते है। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्ते एवं विस्तृत जानकारी बेवसाइट http://www.mptenders.gov.inसे एवं कार्यालय नगर परिषद कोटर से प्राप्त की जा सकती है।निविदा मे किसी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा । विवरण निम्नलिखित है।

| क्र. | टेन्डर नं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD_425131_1 | लोक निर्माण सामग्री | 3000000.00/– | 22500/– | 5,000/– | 30 दिन |

उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक 21/05/2025 समय 10:30 से 23/06/2025 समय 05:30 बजे तक बेवसाइट पर लागू प्रोसेसिंग शुल्क के ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त कर सकेंगे।विस्तृत निविदा सूचना तथा अन्य जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय में एवं वेबसाईट http://wwwmptenders.gov.in पर से प्राप्त की जा सकती है।
शर्ते :–
01. निविदाकार (पैनकार्ड, टिननंबर, ई.पी.एफ., पी.डब्लू.डी. पंजीकरण) की छायाप्रति रखनी होंगी।दरें केवल ऑनलाईन ही मान्य होगी।
02. कर संबंधी अनियमितता को विराम देने हेतु म.प्र. जी.एस.टी. पंजीकरण प्रस्तुति अनिवार्य है।
03. शसर्त निविदा स्वीकार नही की जावेगी।
04. विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय पर प्राप्त की जा सकती है।निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पास रहेगा।
05. निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने के समस्त अधिकार परिषद तथा पी.आई.सी के पास सुरक्षित रहेगें।
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कोटर
जिला सतना (म.प्र.)

# जीआईएस सर्वे में डुप्लीकेट प्रॉपर्टी आईडी दर्ज है तो डिलीट करो

## राजस्व एवं जलकर वसूली की समीक्षा में डिजिटल ट्रांजैक्शन पर जोर

### निगमायुक्त ने राजस्व कर वसूली को बताया महत्वपूर्ण

**जागरण, रीवा।** नगर निगम सभागार में राजस्व एवं जलकर वसूली की समीक्षा बैठक में निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने डिजिटल ट्रांजैक्शन पर जोर देते हुए खराब मशीनों को तत्काल सही कराने के निर्देश दिया। उन्होंने राजस्व वसूली राशि को डिजिटली माध्यम से जमा करने की सहूलियत हेतु उपलब्ध कराई गई मशीनों में तकनीकी खराबी को सही कराने एवं मशीन के माध्यम से प्राथमिक रूप से डिजिटल ट्रांजैक्शन के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने शहर में मौजूद भवनों की प्रापर्टी आईडी पर चर्चा करते हुये कहा कि जिन घरों की जीआईएस सर्वे में एक से अधिक यानी डुप्लीकेट प्रापर्टी आईडी दर्ज हो गई है, उन्हें तत्काल सर्वेक्षण कर डिलिट कराये जाने एवं विसंगतियां दूर करने की कार्यवाही 30 मई तक करें। म्यूनिसिपल बॉन्ड की रेटिंग पर चर्चा करते हुये कहा कि क्रेडिट बेहतर करने के लिए एरियर्स पर फोकस करना पड़ेगा। निगमायुक्त ने म्युनिसिपल बॉन्ड के संदर्भ में राजस्व कर वसूली को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय की आर्थिक स्थिति जितनी सुदृढ़ होगी, निगम उतना ही आत्मनिर्भर बनेगा और शहर के समग्र विकास की गति भी उतनी ही तेज होगी। राजस्व विभाग की मजबूती निगम की कार्यक्षमता और शहर हित में आवश्यक है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व संग्रहण की प्रक्रिया को सशक्त और पारदर्शी बनाते हुए वसूली लक्ष्य को प्राथमिकता से पूरा करें। उन्होंने यह भी कहा कि मजबूत राजस्व आधार ही म्युनिसिपल बॉन्ड जैसे वित्तीय उपक्रमों की सफलता की नींव बनेगी, जिससे शहर में बुनियादी सुविधाओं और अधोसंरचना विकास को नई दिशा मिल सकेगी। निगमायुक्त ने कहा कि जून माह के अंत तक सभी व्यावसायिक भवनों जिनके टैक्स जमा नहीं कराए जा रहे हैं, उन पर सख्ती के साथ तालाबंदी एवं कुर्की की कार्यवाही की जाय।

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रीवा परिक्षेत्र रीवा (म0प्र0)**
website:www.mppwd.gov.in Email:-cepwdrewa@mp.nic.in
phone no. 07662-255200, Fax: 255380
**निविदा आमंत्रण सूचना**
निविदा सूचना क्र. 01/सा./ 2025–26 रीवा दिनांक 22.05.2025
निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | संभाग का नाम | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा फार्म (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB_425515_1 | सतना | सिंहपुर नागौद मार्ग से खैरूआ सरकार पहुंच मार्ग लंबाई 4.20 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 08 माह | 525.48 | 525500/- | 20000/- |
| 2 | 2025_PWDRB_425519_1 | सतना | सितपुरा से कुलगढ़ी पहुंच मार्ग लंबाई 10.00 कि.मी. का उन्नयन कार्य । | प्रथम | 12 माह | 970.99 | 970990/- | 20000/- |
| 3 | 2025_PWDRB_425523_1 | सीधी | हटवा खास मार्ग से दादर एवं पटिया टोला खड़बड़ा तक मार्ग ल. 5.70 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 12 माह वर्षाकाल सहित | 593.64 | 593640/- | 20000/- |
| | | | | | Total:- | 2090.11 | | |

उपरोक्त बेवसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेन्ट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाईन बिड सबमिशन की प्रारंभिक तिथि दिनांक 29.05.2025 से अंतिम तिथि 19.06.2025 सायं 17.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट में किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।
मुख्य अभियंता
लो.नि.वि.रीवा परिक्षेत्र रीवा
जी–13329/25

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता

लाल आतंकवाद की सांसें तभी उखड़ गईं, जब सुरक्षा बलों ने सीपीआई (माओवादी) के महासचिव, नक्सलियों की रीढ़ और ऑपरेशनल सरगना गगन्ना उर्फ बासव राजू उर्फ नंबाल्ला केशव राव उर्फ दारापू नरसिम्हा रेड्डी को ढेर कर दिया। उस पर 1 करोड़ रुपए का इनाम घोषित था। नक्सलवाद के खिलाफ करीब तीन दशकों की लड़ाई में बासव महासचिव स्तर का पहला नक्सली था। यह सुरक्षा बलों की शानदार, साहसिक, रणनीतिक सफलता और उपलब्धि है। गगन्ना अप्रैल, 2010 के उस दंतेवाड़ा हमले का 'मास्टरमाइंड' था, जिसमें नक्सलियों ने सीआरपीएफ के 75 जवानों को 'शहीद' कर दिया था। छत्तीसगढ़ की ही झिरम घाटी में 2013 में राज्य कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के नरसंहार की रणनीति भी बासव ने ही तैयार की थी। बेशक वह खूंखार नक्सली था। वह नक्सलियों के मिलिट्री कमीशन का संचालन करता था, लिहाजा बस्तर के जंगलों में सुरक्षा बलों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाले बूबी ट्रैप और आईईडी भी गगन्ना ने ही तैयार किए थे। वह आंध्रप्रदेश के एक इंजीनियरिंग कॉलेज से प्रशिक्षित बीटेक था, लिहाजा उसने नक्सलियों के हमलों को भी तकनीकी आयाम दिए। बहरहाल 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' का उपसंहार, अंततः, सफल रहा, क्योंकि नक्सलियों का महासचिव मार दिया गया, एक ही दिन में 27 नक्सली भी ढेर किए गए, तेलंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से 54 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया और 84 अन्य नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। सितंबर, 2023 से 20 मई, 2025 के दौरान छत्तीसगढ़ में ही 401 नक्सली मारे गए, जबकि 1355 ने आत्मसमर्पण किया। अब नक्सलवाद की मौजूदगी और सक्रियता देश के 7 राज्यों के 18 जिलों तक ही सिमट कर रह गई है। यह मौजूदगी 9 राज्यों के 38 जिलों में होती थी। लिहाजा हम कह रहे हैं कि 'लाल आतंकवाद' के ताबूत में लगभग आधी कील गाड़ दी गई है। संपूर्ण खात्मा अभी कुछ शेष है। यह ऑपरेशन छत्तीसगढ़ के उस घने जंगल-अबूझमाड़-में सफलता के साथ किया गया है, जहां दशकों तक सरकारी अधिकारी नहीं गए अथवा जाने का साहस नहीं कर पाए और विकास की योजनाएं तो महज एक सपना थीं। चारु मजूमदार के नेतृत्व में नक्सलवाद पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी शहर से जिस मकसद के साथ शुरू किया गया था, वह लगातार पीछे छूटता गया। पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का मानना था कि नक्सलवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक चुनौती रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में न तो निवेश होता था और न ही विकास के काम गति पकड़ पाते थे, नतीजतन वे इलाके और भी पिछड़ते चले गए। नक्सलवाद पनपा और फैलता चला गया।
अब उसकी जड़ों में भी कील गाड़ने का समय आ गया है।

> नक्सलवाद अर्थात 'लाल आतंकवाद' के ताबूत में लगभग आधी कील गाड़ दी गई है। यह ऑपरेशन छत्तीसगढ़ के उस घने जंगल-अबूझमाड़-में सफलता के साथ किया गया है, जहां दशकों तक सरकारी अधिकारी नहीं गए अथवा जाने का साहस नहीं कर पाए

# रह-रहकर मंडराता रहा है परमाणु हथियारों का साया

सामरिक सतर्कता

**मनोज जोशी**



शेक्सपियर के मशहूर नाटक मैकबेथ के चरित्र बैंको के भूत की तरह, परमाणु हथियारों का साया हाल के दशकों में भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षों पर रह-रहकर मंडराता रहा है। नकारने के बावजूद, ऑपरेशन सिंदूर पर भी यह मंडराता रहा। पिछले इतिहास को देखने पर, वास्तविक परमाणु युद्ध का जोखिम हालांकि बहुत कम, लगभग नगण्य लगता रहा है। लेकिन जिस प्रकार की घटनाएं सामने आई हैं, कई राहें दिखाई देनी लगी हैं, जो भयावह अंजाम की ओर ले जा सकती हैं। इन संभावनाओं की गंभीरता ने ही अमेरिका को इस युद्ध से दूरी बनाए रखने के अपने पहले रुख को तजकर, त्वरित सक्रिय कूटनीतिक प्रयास करने और दोनों पक्षों के बीच युद्ध विराम करवाने में मदद करने को सक्रिय किया। भारत का कहना है कि यह युद्ध विराम द्विपक्षीय रहा, लेकिन इतना तो स्पष्ट है कि यह 'अंकल सैम' (ट्रंप) की मध्यस्थता से बना है, जो अब हमें इसके बारे में बार-बार याद दिलाते नहीं थक रहे। बीती 12 मई को कतर की अपनी यात्रा की पूर्व संध्या पर व्हाइट हाउस में बोलते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा - 'मेरे प्रशासन ने भारत और पाकिस्तान के बीच पूर्ण और तत्काल युद्धविराम करवाने में मदद की, मुझे लगता है यह स्थायी होगा, इस तरह बड़ी संख्या में परमाणु हथियारों से लैस इन दो मुल्कों के बीच खतरनाक संघर्ष समाप्त हो गया'। इससे एक दिन पहले, उन्होंने 'मौजूदा आक्रामकता' को खत्म करने के लिए भारतीय और पाकिस्तानी नेतृत्व की प्रशंसा की थी और कहा कि 'लाखों भले और निर्दोष लोग अन्यथा मारे जाते'।

टकराव बनने से पहले ही, पाकिस्तान ने परमाणु घुड़की देनी शुरू कर दी थी। भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित करने के बाद, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि पानी को रोकने या मोड़ने के किसी भी प्रयास को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और इसका जवाब राष्ट्रीय शक्ति और उपलब्ध तमाम संसाधन का उपयोग करके दिया जाएगा'। यहां पर 'तमाम संसाधन' का अभिप्राय स्पष्ट रूप से परमाणु हथियार था। फिर, जैसे-जैसे संकट बढ़ता गया, पाकिस्तान और ज्यादा परमाणु घुड़कियां देने लगा। बता दें कि 10 मई को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रीय कमान प्राधिकरण की बैठक बुलाई, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के अलावा परमाणु हथियारों से संबंधित मामलों पर निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था है। बाद में पाकिस्तान आसानी से इससे मुकर गया। परमाणु हथियारों से संबंधित घटनाक्रमों को लेकर बहुत सी भ्रामक सूचनाएं फैलीं। ऐसी ही एक खबर में बताया गया कि किराना हिल्स पर भारतीय हमले के तुरंत बाद, जहां कथित तौर पर कुछ पाकिस्तानी परमाणु हथियार रखे हुए हैं, एक बीचक्राफ्ट सुपर किंग एयर 350 विमान सरगोधा में उतरा है, जो कथित तौर पर अमेरिकी ऊर्जा विभाग का है। बाद में पता चला कि यह विमान सच में पहले अमेरिकी एजेंसी का था, जिसे पाकिस्तान ने 2010 में खरीद लिया था और इसकी उपस्थिति का परमाणु एंगल से कुछ लेना-देना नहीं था।

भारत ने इस बात से इनकार किया कि उसने सरगोधा के नज़दीक मुशाफ एयरबेस से लगभग 15 किमी. दूर स्थित किराना हिल्स पर कोई हमला किया है। लेकिन हां, किराना हिल्स के मुहाने पर स्थित दो सैन्य ठिकानों पर भारतीय हमले के सबूत अवश्य हैं। यहां स्पष्ट करना होगा कि रावलपिंडी के पास नूर खान वायुसेना अड्डा, कराची के पास मलीर और किराना हिल्स पर भारतीय हमलों का मकसद कुछ ऐसा ही संदेश देना था। क्योंकि इन जगहों पर या इनके आसपास ही कहीं पाकिस्तान के परमाणु हथियार रखे होने के कयास हैं। यह 12 मई को और भी स्पष्ट हो गया, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा कि 'भारत परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा और परमाणु ब्लैकमेल की आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक हमला करेगा'।

यह एक नया सैद्धांतिक रुख है, क्योंकि पिछले 40 वर्षों में भारत ने सीमा पार से चलाए जा रहे आतंकवाद का सामना किया है, यह परमाणु कारक ही था जिसने भारत के हाथ बांध रखे थे। गत 13 मई को अपने आधिकारिक व्यक्तव्य में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने संघर्ष विराम करवाने में ट्रम्प के दावों को खारिज कर दिया और इस बात पर भी जोर दिया कि भारतीय 'सैन्य कार्रवाई का तरीका पूरी तरह से पारंपरिक था'।

भारत का अपना परमाणु सिद्धांत है, जो कहता है कि उसके परमाणु हथियार केवल भारत या भारतीय सेना पर कहीं भी परमाणु, रासायनिक या जैविक हथियार हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई के लिए हैं। जबकि पाकिस्तान का कोई घोषित सिद्धांत नहीं है, लेकिन उसने कई बार दावा किया है कि उसके आण्विक हथियारों का लक्ष्य भारत है, जिनका इस्तेमाल वह तब करेगा जब उसे बड़ी इलाकाई हानि पहुंचे या प्रमुख सैन्य सीमा नष्ट किए जाने पर या फिर आर्थिक रूप से गला घोंटने की कोशिश की जाए।

परमाणु युद्ध की संभावना को नज़रअंदाज़ करना सरासर मूर्खता होगी, भले ही अपनी ओर से प्रयास युद्ध के तौर-तरीके पारंपरिक लड़ाई वाले बनाए रखने का हो। पाकिस्तानी वायु सेना (पीएएफ) के ठिकानों पर हालिया भारतीय हमलों में यह खतरा स्पष्ट रूप से बन चला था। ऑपरेशन सिंदूर के हमले सीमित रखे गए थे। पहले पहल केवल आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया, बाद में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर भी हमले किए गए, जब पाकिस्तान वायुसेना ने भारतीय वायु क्षेत्र में भारतीय विमानों पर वार किया। मुख्य संघर्ष 48 या उससे कुछ अधिक घंटों तक सीमित रहा। एक वास्तविक युद्ध में, यहां तक कि दो या तीन सप्ताह तक चलने वाले युद्ध में भी, अमूमन बमबारी काफी सघन होती है। इसी से समस्या हो सकती है। अभी तक, भारत की नीति लड़ाई में अपने परमाणु हथियार अलहदा रखने की रही है। रिवायती हथियारों और परमाणु विकल्प पर नियंत्रण अलग-अलग है ताकि परमाणु सुरक्षा पर राजनीतिक अंकुश बना रहे। लेकिन पाकिस्तान के मामले में, जहां सेना ही सब कुछ चलाती है, हथियार और परमाणु निर्णय, दोनों सेना के हाथ में हैं।

एक फुल स्केल वॉर में, भले ही भारत का इरादा युद्ध शैली पारंपरिक रखने तक सीमित हो, एक बड़ा खतरा यह होता है कि अनजाने में सही, मजबूत से मजबूत बंकर तक को भेदने में समर्थ मिसाइलें जैसे स्कैल्प यानी स्टॉर्म शैडो,, क्रिस्टल मेज़ और पेववे का उपयोग करते वक्त कहीं ऐसा न हो कि वे दुश्मन के परमाणु हथियार भंडार स्थलों को भी नुकसान पहुंचा दें। इस तरह बिना इरादा किए, परमाणु शस्त्रागार का नुकसान अगर इस हद तक हो जाए कि उसके लिए 'उपयोग करूं या इन्हें खो दूं' वाली दुविधा बन जाए, तो इस स्थिति में खुद को पाकर, हो सकता है पाकिस्तान पूर्ण रूपेण परमाणु हथियारों का उपयोग करने को मजबूर हो जाए।

**(लेखक ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन, नयी दिल्ली में वरिष्ठ अनुसंधानकर्ता हैं।)**

> हाल ही में भारत-पाकिस्तान टकराव के दौरान उभरे हालात के मद्देनजर भारतीय उपमहाद्वीप में परमाणु युद्ध के खतरे को हलके में लेना दुस्साहस ही कहा जाएगा। पाकिस्तान की परमाणु धमकी जगजाहिर है। वहीं भारत का नया दावा भी अहम है कि वह परमाणु ब्लैकमेल बर्दाश्त नहीं करेगा। दरअसल, बड़ा खतरा पूर्ण युद्ध का है।

# देश की जीवन रेखा बन सकता है जल संचयन

वर्षा जल संरक्षण अभियान

**दीपक कुमार शर्मा**



भारत में वर्षा जल संचयन बाजार का मूल्य वर्ष 2024 में लगभग 263 मिलियन अमेरिकी डॉलर आंका गया था। इसके 2030 तक 378 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। वर्षा जल संचयन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें वर्षा के जल को इकट्ठा करके, संगृहीत कर विभिन्न उपयोगों हेतु प्रयोग किया जाता है। जिससे यह जल व्यर्थ बहने के बजाय एक उपयोगी संसाधन बन जाता है। एक टिकाऊ तकनीक छतों, ज़मीन की सतहों अथवा अन्य संग्रहण क्षेत्रों से वर्षा जल को पाइपों या नालियों के माध्यम से टंकियों, हौदों अथवा जलाशयों में पहुंचाकर संचयित करती है। यह एक प्राचीन परंपरा है, जिसे आज जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए पुनः अपनाया जा रहा है।

संग्रहित वर्षा जल का उपयोग सिंचाई, घरेलू जरूरतों, औद्योगिक प्रक्रियाओं और भूजल पुनर्भरण के लिए किया जा सकता है। यह न केवल नगरपालिका जल आपूर्ति पर निर्भरता को घटाता है, बल्कि मिट्टी के कटाव को रोकने और शहरी बाढ़ को कम करने में भी सहायक होता है। इसके अतिरिक्त, यह आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है और अनिश्चित वर्षा वाले क्षेत्रों में एक स्थायी जल स्रोत उपलब्ध कराता है।

यह पर्यावरण-मित्र विधि विशेष रूप से शुष्क और अर्ध-शुष्क क्षेत्रों में अत्यंत लाभदायक है, जहां जल संसाधनों की भारी कमी है। यह एक कम लागत और सरल पद्धति है, जिसे व्यक्तिगत आवासों से लेकर सामुदायिक परियोजनाओं तक विभिन्न स्तरों पर अपनाया जा सकता है। यदि इसे शहरी और ग्रामीण योजना में समाहित किया जाए तो जल संकट का समाधान संभव है और टिकाऊ जल प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकता है।

केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा जल प्रबंधन को लेकर सख्त नीतियां लागू की गई हैं। जैसे कि 'अमृत मिशन' में वर्षा जल संचयन को शहरी जल संकट के समाधान का अभिन्न अंग बनाया गया है। तमिलनाडु जैसे राज्यों ने सभी भवनों में वर्षा जल संचयन को अनिवार्य कर दिया है, जो अब देश के अन्य हिस्सों में भी लागू किया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव जैसे अनियमित वर्षा और सूखे की घटनाओं ने वर्षा जल संचयन की आवश्यकता को बढ़ा दिया है। गैर-सरकारी संगठनों, स्कूलों और मीडिया द्वारा चलाए जा रही जागरूकता अभियानों ने लोगों को इस दिशा में प्रेरित किया है। भारत का शहरीकरण तीव्र गति से हो रहा है–2021 में लगभग 500 मिलियन की शहरी आबादी 2031 तक 600 मिलियन तक पहुंचने की संभावना है। शहरी क्षेत्र जहां कंक्रीट का वर्चस्व होता है, वहां वर्षा जल का प्राकृतिक भूजल पुनर्भरण बहुत कम हो पाता है। ऐसी स्थिति में वर्षा जल संचयन एक अनिवार्य आवश्यकता बन गया है। दरअसल, इस अभियान की एक प्रमुख चुनौती जनसामान्य में तकनीकी जानकारी और जागरूकता की कमी है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में। अनेक लोग इसे जटिल और महंगा मानते हैं, जिससे इसका व्यापक स्तर पर क्रियान्वयन प्रभावित होता है। तकनीकी विशेषज्ञता की कमी, गलत डिज़ाइन और रखरखाव में लापरवाही के कारण कई प्रणालियां विफल हो जाती हैं। इसके अतिरिक्त, वित्तीय बाधाएं भी हैं। गरीब वर्ग और छोटे किसान इस प्रणाली की लागत वहन नहीं कर पाते, जबकि सरकारी सब्सिडी कई बार पर्याप्त नहीं होती या उन तक पहुंच नहीं पाती।

अब वर्षा जल संचयन में स्मार्ट तकनीक का प्रयोग होने लगा है। सेंसर-आधारित प्रणालियां, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डेटा विश्लेषण की मदद से जल स्तर की निगरानी, गुणवत्ता परीक्षण और स्वचालित नियंत्रण संभव हो गया है। उदाहरण के लिए, टंकियों में लगे सेंसर पानी की मात्रा और स्वच्छता के स्तर की जानकारी देते हैं। शहरी क्षेत्रों में अब विकेंद्रीकृत वर्षा जल संचयन प्रणालियां लोकप्रिय हो रही हैं, जो एक-एक भवन या समाज स्तर पर काम करती हैं। यह प्रणाली नगरपालिका पर निर्भरता को घटाकर स्थानीय स्तर पर जल संकट का समाधान करती है। ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणीकरण और सरकारी प्रोत्साहनों ने इसे और बल दिया है। यदि सही नीति, जागरूकता और तकनीकी सहायता जल संचयन को मिलती रहे तो यह देश के जल संकट का एक स्थायी समाधान बन सकता है। विशेषकर हरियाणा जैसे राज्यों में जहां भूजल स्तर खतरनाक रूप से नीचे जा रहा है, वहां इस प्रणाली को अनिवार्य रूप से अपनाना आवश्यक हो गया है। सरकार, समाज और उद्योगों के सम्मिलित प्रयासों से ही बात बनेगी।

> वर्षा जल संचयन एक पारंपरिक लेकिन अत्यंत प्रभावी तकनीक है, जो वर्षा के जल को इकट्ठा कर विभिन्न उपयोगों हेतु संग्रहित करती है। भारत में बढ़ते जल संकट और शहरीकरण के चलते इसकी महत्ता और आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। यह एक पर्यावरण-संवेदनशील, कम लागत और टिकाऊ समाधान प्रदान करता है।

प्रसंगवश

# हाशिये की आवाज को मिली अन्तर्राष्ट्रीय पहचान

बानू मुश्ताक के कन्नड़ भाषा में लिखे गए कहानी संग्रह 'हृदय दीप' के अनूदित संस्करण 'हार्ट लैंप' को अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार मिलने से एक बार फिर यह सिद्ध हुआ है कि भारतीय साहित्य का फलक बड़ा है। इस पुरस्कार ने लेखिका की जिंदगी और उनके साहित्य को दुनिया के सामने रखा है। दरअसल, बानू मुश्ताक ने पितृसत्तात्मक समाज में संघर्ष कर रही लाखों महिलाओं की पीड़ा को अपनी कहानियों में उकेरा है। अपनी कहानियों में दर्ज उन्हीं महिलाओं को पुरस्कार समर्पित करते हुए उन्होंने कहा भी है कि यह केवल उनकी जीत नहीं, बल्कि उन अनसुनी आवाजों का समवेत स्वर है, जिसे प्रायः दबा दिया जाता है। वकील और सामाजिक कार्यकर्ता बानू रूढ़िवाद के खिलाफ हमेशा मुखर रही हैं। यह उनके लेखन में स्पष्ट दिखता है। वे सामाजिक मुद्दे प्रमुखता से उठाती रही हैं। उनकी कहानियों में परंपरा और लोकभाषा जीवंत हो उठती है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों से साहित्य रचा है। इसलिए उनमें कल्पना के साथ तीखी सच्चाई है। उनका मानना है कि आज की बंटी हुई दुनिया में साहित्य एक ऐसी पवित्र जगह है, जहां हम कुछ देर के लिए ही सही, लेकिन एक दूसरे की भावना और जीवन को महसूस कर सकते हैं। लेखिका की यह भावना दुनिया से गुम हो रही संवेदना को बचाने की कोशिश है। बानू मुश्ताक पेशे से वकील और पत्रकार हैं। वह कवयित्री, उपन्यासकार और सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। उनके लेखन में सामाजिक मुद्दों पर गहरी पकड़ है। वे महिलाओं के अनुभव, प्रजनन अधिकार, आस्था, जाति, शक्ति संरचना और उत्पीड़न जैसे विषयों पर लिखती हैं।

जाहिर है, अब 'हार्ट लैंप' को बुकर पुरस्कार मिलना भारतीय भाषाओं को अपनी पहचान स्थापित करने के रास्ते को और आसान बनाएगा। क्षेत्रीय भाषाओं में रचे जा रहे साहित्य को नए पाठक भी मिलेंगे। लंदन में संग्रह की अनुवादक दीपा भास्ती के साथ पुरस्कार ग्रहण करते समय बानू का यह कहना हर किसी को सुखद लगा कि कोई कहानी स्थानीय नहीं होती।

उनके गांव के बरगद के पेड़ के नीचे बुनी कहानियां आज इस मंच तक को छाया दे रही हैं।

निश्चित रूप से यह कन्नड़ भाषा के लिए गौरव का क्षण है। यह पहली बार है जब इस भाषा में लिखी गई लघु कहानियों के अनूदित संग्रह को अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिला है। वहीं भारतीय साहित्य में दूसरी बार किसी लेखिका को बुकर पुरस्कार मिला है। यह सम्मान बानू मुश्ताक की कड़ी मेहनत को ही नहीं, बल्कि हाशिये के समुदायों और संकीर्ण विचारों से लड़ रहीं स्त्रियों को भी मिला है।




> अब 'हार्ट लैंप' को बुकर पुरस्कार मिलना वैश्विक फलक पर भारतीय भाषाओं को अपनी पहचान स्थापित करने के रास्ते को और आसान बनाएगा। 'हार्ट लैंप' के जरिये बानू मुश्ताक ने इतिहास रच दिया है।

## ॥गीता॥



**श्लोक :** अनन्तविजयं राजा
कुन्तीपुत्रो युधिष्ठिरः।
नकुलः सहदेवश्च
सुघोषमणिपुष्पकौ॥

**भावार्थ**

कुन्तीपुत्र राजा युधिष्ठिर ने अनन्त विजय नामक और नकुल तथा सहदेव ने सुघोष और मणिपुष्पक नामक शंख बजाए।

जीवन दर्शन

# आनंद की यात्रा में उतरना है मनुष्य का लक्ष्य

उपनिषद में कहा गया है कि आत्मभाव तक पहुंचने के लिए पांच कोश हैं। पांच कोश यानी अपने आपको जानने, आत्मा तक पहुंचने के लिए पांच स्तर हैं। ये स्तर अपने भीतर उतरने की यात्रा हैं। पहला है अन्नमय कोश। अन्न का मतलब, धरती से जो प्रकट हो रहा है। इस जगत में जो कुछ दिख रहा है, सब अन्नमय कोश में आता है। पृथ्वी, नक्षत्र, तारे - सब आत्मा के बाहरी आवरण हैं। यहां मैं नहीं, लेकिन आत्म साक्षात्कार के लिए आवश्यक है। इसका माध्यम शरीर जरूर है, इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना है। भोजन, व्यायाम, सामर्थ्य के हिसाब से नींद का सेवन आवश्यक है। आत्मभाव तक जाने के लिए सबसे स्थूल कोश है। अन्नमय कोश से भीतर उतरने पर आता है प्राणमय कोश। यह वो एनर्जी है, जिससे शरीर चलता है। हमारे सारे क्रिया-कलाप होते हैं - चाहे इंद्रियों के हों, मन के या बुद्धि के। रात का सोना या सुबह का जागना। हृदय की धड़कन हो या पाचन तंत्र की क्रियाएं, सबके लिए शक्ति की आवश्यकता होती है। प्राणायाम के माध्यम से हम प्राण को उन अंगों तक पहुंचाते हैं, जहां तक प्राण पहुंच नहीं पाता। यही जन्म और मृत्यु का कारण बनता है। इसलिए प्राणों की उपासना करने की सलाह दी जाती है, लेकिन यह भी आत्मा नहीं है। इस कोश को साध लेने पर आता है तीसरा स्तर, मनोमय कोश यानी मन को जानना है। मन चंचलता से भरा हुआ है। अतीत में जाता है, तो दुख ले आता है। भविष्य में जाता है, तो भय ले आता है। इसलिए पूरे जीवन की यात्रा में हमारा कोई खजाना है, तो वह है मन। इसने हमारी इंद्रियों को अपने बस में कर लिया है, लेकिन मन को साधना जरूरी है। ध्यान के अभ्यास से जब हम मन के साक्षी होने लगते हैं तो ज्ञान प्रकट होता है। दिव्यता प्रकट हो जाती है। इसलिए ध्यान का अभ्यास हमारे अंदर अवेयेरनेस पैदा करता है। मन-बुद्धि की सारी ऊर्जाएं जब अंदर की ओर यात्रा करती हैं, तब विज्ञान प्रकट होता है। यानी ज्ञान का प्रकटीकरण ही विज्ञान है। और यह है चौथा स्तर, विज्ञानमय कोश। भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, हे अर्जुन! मैं तुम्हें ज्ञान दूंगा। यानी तुम्हारा विज्ञानमय कोश खोल दूंगा। आत्मा तक पहुंचने की विधि विज्ञान है। जब विज्ञानमय कोश खुल जाता है, तब हम और भीतर उतरते हैं। और वह है आनंदमय कोश।

विज्ञानमय कोश से भीतर उतरते ही व्यक्ति आनंदमग्न हो जाता है। फिर जगत की सारी सुख-सुविधाएं गौण हो जाती हैं। यह समाधि की ऊंची अवस्था होती है। जब व्यक्ति यहां पहुंचता है, तब आत्मभाव में आ जाता है, अपने स्वरूप में टिक जाता है और महसूस करता है- अहम ब्रह्मास्मि। यही तो मनुष्य जीवन का लक्ष्य है।

**डॉ. सुरक्षित गोस्वामी**

## संक्षिप्त खबरें

### मध्यप्रदेश चैप्टर की नई समिति गठित

**विसं भोपाल।** भोपाल में इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लॉनर्स मध्यप्रदेश चैप्टर की नई समिति का गठन किया गया है। यह समिति वर्ष 2025 से 2027 तक कार्य करेगी। विष्णु खरे अध्यक्ष पद के लिए, डॉ. के.के. घोटे उपाध्यक्ष, सुमित गोठी सचिव एवं शुभ्रांशु उपाध्याय कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुने गये हैं। खरे वर्तमान में ज्वाइन डायरेक्टर मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश के पद पर पदस्थ हैं। मध्यप्रदेश चैप्टर में प्रदेश के बेस्ट प्लानर्स सदस्य के रूप में शामिल हैं।

### पेंच टाइगर रिजर्व में नया अभियान बाघदेव'' शुरू

**विसं भोपाल।** पेंच टाइगर रिजर्व में 8 दिवसीय बाघदेव अभियान के जरिए ग्रामीणों और जनजातीय वर्ग के लोगों को जागरुक किया जाएगा। इसके लिए बफर क्षेत्र की सभी 130 ईको विकास समितियों में मिट्टी के बाघ बनाये जायेंगे। गौरतलब है कि सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व में अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस से विश्व बाघ दिवस तक की अवधि के लिये एक नया अभियान बाघदेव'' प्रारंभ किया गया है। बाघदेव'' को आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देवता के रूप में पूजा जाता है और उनसे मन्नतें मांगी जाती हैं। यह परम्परा आज भी प्रचलित है।

### भाजपा की सफाई धाकड़ प्राथमिक सदस्य नहीं

**विसं भोपाल।** मंदसौर में मनोहर लाल धाकड़ का आपत्तिजनक एवं अशोभनीय वीडियो सामने आने के बाद भाजपा की सफाई सामने आयी है। मंदसौर जिले के अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि मनोहर लाल धाकड़ भाजपा का प्राथमिक सदस्य नहीं है। धाकड़ का जो आपत्तिजनक कृत्य सामने आया है,उसकी भारतीय जनता पार्टी निंदा करती है।

### जैन मंदिर में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर चंदन नगर के प्रांगण में संत निवास में श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर, आगम भैयाजी और अविरल भैया के सानिध्य में शुक्रवार से 31 मई तक श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन होगा। शुक्रवार की सुबह आठ बजे शिविर का शुभारंभ मंगल कलश, शास्त्र स्थापना एवं दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। मंगल कलश स्थापना का सौभाग्य राजेश जैन (अचार वाले) शास्त्र स्थापना का सौभाग्य प्रथमानुयोगसागरमल जैन, करणानुयोग अंगूरी जैन, चरणानुयोग राकेश सिंघई, द्रव्यानुयोग राजेश जैन (अचार वाले) को मिला है। सुबह आठ से नौ बजे तक बच्चों के द्वारा नित्य नियम पूजन, तत्वार्थ सूत्र की कक्षा सुबह नौ से दस बजे तक बच्चों की प्रथम भाग और द्वितीय भाग की कक्षा, रात आठ से नौ बजे सभी बच्चों की सामूहिक कक्षा, भक्तामर स्तोत्र की कक्षा का आयोजन होगा।

### हाईस्कूल-हायर सेकेण्डरी आवेदन की तिथि बढ़ी

**विसं भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल ने सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिये अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिये अब 25 मई 2025 रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिये 31 मई 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे।

# पीएम के दौरे ने रोकी प्रशासनिक सर्जरी

## डेढ़ दर्जन से अधिक अफसरों के होंगे तबादले, कई मैदानी अफसर आएंगे वल्लभ भवन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 31 मई को राजधानी प्रवास के चलते सूबे की बड़ी प्रशासनिक सर्जरी पर रोक लग गई है। पहले यह लगभग तय था कि मई के तीसरे सप्ताह में कई बड़े विभागों के प्रमुख बदल दिए जाएंगे, जिससे राज्य के विकास के लिए तेजी से काम शुरु हो सके। गौरतलब है कि सरकार ने अपने मंत्रालय स्थित कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी बदलने की तैयारी लगभग पूरी कर ली थी। तभी सरकार पहलगाम घटना के उपरांत पाकिस्तान के साथ तनाव उत्पन्न हो गया और सुरक्षा और कानून व्यवस्था को बनाए रखने की प्राथमिकता सामने आ गई। इसी बीच सरकार के मंत्री विजय शाह के एक बयान ने सरकार को बैकफुट पर खड़ा किया तो वरिष्ठ अधिकारियों के तबादलों की सूची को रोकना पड़ा। इसके बाद अब भोपाल में महिला सशक्तीकरण को लेकर एक बड़े आयोजन में प्रधानमंत्री की मौजूदगी की वजह से तबादला सूची की फाइल रोक दी गई है। मंत्रालय से जुड़े सूत्र बताते है कि सरकार बड़े विभागों में ऐसे अधिकारियों को बैठाने की तैयारी में है,जो टास्क मास्टर है,यानि कि सरकार द्वारा बनाई गई रणनीति को पूरा करने में दक्ष है। इनके अलावा इन विभागों में मुख्यमंत्री को समझने वाले अधिकारियों को भी अहम जिम्मेदारी दी जाएगी। मैदानी पदस्थापना में भी ऐसे ही अधिकारी तैनात किए जाने है,जो अपनी क्षमता का सर्वश्रेष्ठ उपयोग करने में माहिर है।



**6 कलेक्टर, 2 संभागायुक्त भी बदलेंगे:** सूत्रों की माने तो प्रशासनिक फेरबदल की जब भी सूची जारी होगी,तब 6 से ज्यादा जिलों के कलेक्टर, 2 संभागायुक्त को तबादला होना लगभग तय है। इनके अलावा अपर मुख्य सचिव,प्रमुख सचिव और कुछ सचिव स्तर के अधिकारी भी बदले जा सकते है।

### पोस्टिंग पर आपसी दंद्व भी

कहा जा रहा है कि कुछ बड़े जिलों और संभागीय मुख्यालयों में बड़े अफसरों को लेकर मंत्रियों, वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों के मध्य आम सहमति नहीं बन पा रही है। जिसकी वजह से इन स्थानों के लिए अधिकारियों के नाम पर अंतिम फैसला नहीं हो पा रहा है । सूत्रों का कहना है कि दो वरिष्ठ मंत्रियों के बीच संभागायुक्त और कलेक्टर के लिए अलग-अलग अधिकारियों के नाम सीएम को सुझाए गए है। इस पर कोई भी मंत्री अपना नाम वापस लेने को तैयार नहीं है। जिससे वहां पर टकराहट जैसी स्थिति उत्पन्न है। सूची को पीएम के दौरे तक टालने की एक वजह यह भी मानी जा रही है। बताया गया है कि सीएम ने इस मामले को प्रधानमंत्री के दौरे के बाद देखने को कहा है।

### स्थानांतरण छूट भी एक वजह

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने 1 से 31 मई के बीच तबादला प्रतिबंध हटाया है। इसके लिए जिलों में प्रभारी मंत्रियों की अनुशंसा पर वहां के कलेक्टर द्वारा भी स्थानांतरण किए जा रहे है। ऐसे में यदि अभी कलेक्टर सहित दूसरे मैदानी अधिकारी स्थानांतरण कर दिए जाते है,तो यह स्थानांतरण की प्रक्रिया भी प्रभावित होती।

### सीएम दिल्ली में, शाह से मिलेंगे

इधर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को दिन भी प्रदेश में अलग-अलग कार्यक्रम और आयोजन में व्यस्त रहने के बाद शाम को दिल्ली पहुंचे। जहां उन्होंने कई केन्द्रीय नेताओं से मुलाकात की। सीएम शनिवार को नीति आयोग की बैठक में भाग लेंगे,को उनकी केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह,भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय महामंत्री बी.एल.संतोष से भी मुलाकात हो सकती है।

# प्रदेश की सभी शत्रु संपत्ति की सीबीआई जांच कराने की मांग

## मप्र शासन की जांच पर उठाए सवाल

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल सहित मप्र के सभी 55 जिलों में शत्रु संपत्ति की जांच सीबीआई एवं कस्टोडियन विभाग से संयुक्त रूप से कराए जाने की मांग उठने लगी है। इस मांग को लेकर एक ज्ञापन राष्ट्रपति से लेकर पीएमओ, गृह मंत्रालय और मप्र में मुख्य सचिव को सौंपा गया है। शत्रु संपत्ति को लेकर जानकारी जुटाने वाले अमिताभ अग्निहोत्री ने बताया कि मप्र शासन द्वारा शत्रु सम्पत्तियों के विषय में माह फरवरी-2025 में प्रदेश के 55 जिलों के जिला प्रशासन से रिपोर्ट बुलाई थी। इस रिपोर्ट के अनुसार भोपाल जिले में मात्र 1 शत्रु सम्पत्ति है।

जबकि इंदौर, रायसेन, बुरहान में कोई शत्रु सम्पत्ति नहीं है। आदिवासी जिलों मण्डला में 163 शत्रु सम्पत्तियां, बैतूल में 98, डिंडोरी में 63 शत्रु सम्पत्तियां बताई गई। भोपाल के मामले में ऐसा लगता है कि तत्कालीन प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग माला श्रीवास्तव द्वारा हाईकोर्ट जबलपुर में प्रस्तुत रिपोर्ट में आबिदा सुल्तान एवं आफताब जहां बेगम के नाम पर जो सैकड़ों एकड़ सम्पत्तियां बताई गई है, उसको शत्रु सम्पत्ति की जांच में क्यों नहीं माना जा रहा है। भोपाल नवाब परिवार से मर्जर एग्रीमेंट की मूलप्रति क्यों नहीं मांगी जा रही है। इस मामले में गंभीर भ्रष्टाचार की दुर्गंध आ रही है। इसलिए मैंने इस मामले की जांच सीबीआई और कस्टोडियन विभाग की संयुक्त टीम से कराने की मांग की है। जिसके लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री भारत शासन, कस्टोडियन विभाग नई दिल्ली, कस्टोडियन विभाग मुम्बई, मुख्य सचिव मप्र शासन, प्रमुख सचिव राजस्व विभाग एवं कलेक्टर भोपाल को ज्ञापन भेजा है।

# सप्रे संग्रहालय डिजिटलाइजेशन की राज्यपाल ने की सराहना



**भोपाल।** माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान की ऐतिहासिक डिजिटल परियोजना ने एक और महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 20 लाख से अधिक पृष्ठों के डिजिटाइजेशन, 10 केवी सौर ऊर्जा पैनल की स्थापना और वेबसाइट निर्माण के सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। राज्यपाल ने संग्रहालय को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्य राष्ट्रीय बौद्धिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस परियोजना का शुभारंभ 23 अक्टूबर 2023 को किया गया था। एसबीआई ने सामाजिक सेवा बैंकिंग के तहत इसे सीएसआर फंड से मदद दी है। पहले चरण में 27 लाख पृष्ठ डिजिटाइज किए गए हैं, जिनमें से सात लाख पृष्ठ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र और मध्यप्रदेश जनसंपर्क के सहयोग से डिजिटाइज किए गए हैं।

### समग्र ग्रामीण विकास के रोडमैप पर चर्चा



**जागरण, भोपाल।** ग्रामीण सशक्तिकरण को लेकर एक अहम पहल के तहत डॉ. पंकज शुक्ला ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की और समृद्ध ग्राम, समृद्ध भारत मॉडल का विजन साझा किया। मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई इस बैठक में डॉ. शुक्ला ने टिकाऊ कृषि, नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सशक्तिकरण और महिला-नेतृत्व वाले उद्यम को समाहित करते हुए समग्र ग्रामीण विकास के रोडमैप पर चर्चा की। डॉ. शुक्ला ने उन परियोजनाओं की सफलताओं का उल्लेख किया, जिनमें किसानों की आय बढ़ी है और डिजिटल साक्षरता में इजाफा हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस मॉडल की संभावनाओं को सराहा और इसे सरकारी योजनाओं के पूरक के रूप में स्वीकार किया।

# 2000 महिलाओं के हाथ में होगी पीएम मोदी के कार्यक्रम की कमान

### जिलों से मांगी महिला कार्यकर्ताओं की लिस्ट

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा ने 31 मई को जम्बूरी मैदान में आहुत होने वाले महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन के लिए जिलों को लक्ष्य सौंप दिए है। जिलों से ऐसी महिला कार्यकर्ताओं या स्वयं सेवी संस्थाओं से जुड़ी महिलाओं की सूची भी मांगी गई है,जो महासम्मेलन की व्यवस्था को संभाल सके।

गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में 31 मई को देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन का आयोजन किया गया है। राजधानी के जम्बूरी मैदान में होने वाले इस आयोजन की जिम्मेदारी पूरी तरह से महिलाओं को सौंपने का निर्णय लिया गया। इसके लिए पार्टी संगठन से अपने सभी जिला संगठनों से स्वयं सहायता समूह, दूसरे संगठन और पार्टी की ऐसी कार्यकर्ताओं के बारे में जानकारी मांगी है,जो बड़े आयोजनों की व्यवस्था संभाल सकती है। बताया है कि सभी से 25 मई तक जानकारी मांगी गई है। इतना ही नहीं सभी जिलों को महासम्मेलन में महिलाओं की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए लक्ष्य भी थमाए गए है।



**तैयारी को लेकर प्रदेश संगठन सक्रिय:** इस आयोजन की तैयारी को लेकर शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में पार्टी की बैठक हुई,जिसमें प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने 300 साल पहले जिस तरह महिला सशक्तीकरण की अलख जगाई थी, उसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी महिला सशक्तीकरण का संकल्प लेकर काम कर रहे हैं।जी-20 की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि यह 'वूमन लेड डेवलपमेंट' का समय है।

### समाज के हर वर्ग का उत्थानः हितानंद

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने इंदौर-महेश्वर से 300 साल पूर्व हर समाज के उत्थान के साथ-साथ स्वावलंबन, सुशासन और महिला सशक्तिकरण को लेकर मिसाल पेश की थी। उन्होंने देश भर में सड़कों, मंदिरों का निर्माण व मंदिरों का जीर्णोद्धार सहित घाटों-कुओं बावड़ियों को बनाने का कार्य किया। उनके सम्मान में भाजपा प्रदेश भर में 21 से 31 मई तक अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन कर जयंती मना रही है।

# मंत्री सारंग की मदद से बच्ची को गुड़गांव में मिलेगा इलाज

**भोपाल।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की मदद से लीवर की गंभीर बीमारी से पीड़ित 7 वर्षीय बालिका को एयरलिफ्ट कर गुड़गांव के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की पीडियाट्रिक लीवर यूनिट में शिफ्ट किया गया। दरअसल, बालिका का परिवार अपनी समस्या लेकर मंत्री सारंग के निवास पर जनदर्शन के लिए गया था। जहां सारंग ने बालिका की हालत देखते ही तत्काल उसका इलाज भोपाल एम्स में शुरू कराया। जहां जांच में पता चला कि बालिका को एक्यूट हेपेटाइटिस विद इम्पेंडिंग लिवर फेलियर है। जिसके चलते उसे इमरजेंसी में गुड़गांव के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की पीडियाट्रिक लीवर यूनिट में शिफ्ट किया गया। शुक्रवार को बालिका को एयरलिफ्ट कर गुड़गांव लाया गया। बालिका के इलाज के लिए परिजनों ने मंत्री सारंग का आभार जताया है। गौरतलब है कि मंत्री सारंग प्रतिदिन अपने निवास पर जनदर्शन करते हैं। यहां भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचते हैं। जिनकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि शासन की इस योजना से गंभीर मरीजों को कम समय में त्वरित उपचार मिल रहा है।

# प्रदेश में हर साल 400 पुलिसकर्मी गंवा रहे जान, दिल का दौरा इसकी सबसे बड़ी वजह

## 45 पार हो चुके स्टाफ का होगा हेल्थ टेस्ट, किडनी, लीवर की भी हो रही बीमारियां

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राज्य में हर साल लगभग 400 पुलिस कर्मियों की मौत हो जाती है और उसका सबसे बड़ा कारण दिल का दौरा पड़ना है। हाल ही में पुलिस की वेलफेयर ब्रांच को इस तरह की जानकारी मिली है। इस डेटा में सामने आया है कि राज्य में कानून और व्यवस्था कायम करने में जुटा पुलिस अमला भारी दबाव में काम करता है, जिससे उन्हें सेहत संबंधी कई गंभीर बीमारियाँ भी हो रही हैं। सामान्य तौर पर पुलिस कर्मी को सामान्य लोगों से ज्यादा फिट और एक्टिव माना जाता है, क्योंकि उन्हें सुबह के शारीरिक प्रशिक्षण अभ्यास में भाग लेना होता है और खाकी वर्दी के लिए खुद को फिट रखना होता है। पीएचक्यू को मिली जानकारी के अनुसार साल में लगभग 400 में से 15 प्रतिशत से अधिक पुलिस स्टाफ की मौत दिल का दौरा पड़ने से हो रही है। इसके अलावा 5 फीसदी की ब्रेन हेमरेज और कैंसर से 8 फीसदी कर्मियों की मौत हो रही है। इसके अलावा 4 फीसदी मौत की वजह लीवर फेल होना सामने आया है। मधुमेह, किडनी की बीमारी, टीबी के कारण भी कई पुलिसकर्मियों की मौत हुई है। पीएचक्यू से मिली जानकारी के अनुसार साल भर में 50 से अधिक कर्मियों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई है।



फाईल फोटो

### हर दिन 14 घंटे से ज्यादा की ड्यूटी

पुलिस कर्मियों यदि अपनी वर्दी में फिट नहीं दिखते हैं तो इसके लिए सजा या दंड का प्रावधान भी है। हालांकि पुलिस की नौकरी एक दौर में रुतबे और शान का प्रतीक मानी जाती थी, लेकिन अब यह परी कथाओं की तरह हो गई है। असल में, मध्य प्रदेश में पुलिस कर्मी भारी दबाव में दिन में 14 घंटे तक काम कर रहे हैं और अनियमित जीवनशैली उनकी सेहत पर प्रतिकूल असर डाल रही है। उन्हें साप्ताहिक अवकाश भी नहीं मिलता, जिससे उनका व्यवहार भी बदल जाता है। पीएचक्यू के अधिकारी ने कहा कि सैद्धांतिक रूप से हर पुलिसकर्मी इसका हकदार है, लेकिन व्यावहारिक रूप से इन्हें केवल आपात स्थिति में ही छुट्टी मिल पा रही है। इसके कारण मानसिक दबाव को कम करने के लिए कई पुलिसकर्मी शराब और तंबाकू के आदी हो जाते हैं, जो उनके स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर समस्या बन जाती है।

### मानसिक तनाव और काम के प्रेशर से बढ़ रहे रोग

इन आंकड़ों के सामने आने के बाद भोपाल के जाने-माने मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. आर. एन. साहू का कहना है कि ड्यूटी की लंबी अवधि और तय टाइम-टेबल न होना, काम के दौरान राजनीतिक और सामाजिक दबाव, जनता की जरूरत से ज्यादा अपेक्षाएं और अनियमित दिनचर्या की वजह से पुलिसकर्मियों पर मानसिक असर होता है। इसका एक बड़ा कारण ड्यूटी के कारण परिजनों को समय न दे पाना भी है, जिसकी वजह से पुलिसकर्मियों के परिवार में कलह जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। इन वजहों से ही पुलिस स्टाफ में आम लोगों के बजाय मानसिक रोग अधिक पाए जाते हैं। इसके कारण ये मानसिक व्याधियां बाद में हार्ट अटैक, कार्डियक अरेस्ट, डिप्रेशन, पेट संबंधी गंभीर रोगों की वजह बन जाती हैं। डॉ. साहू के अनुसार, इससे निजात पाने के लिए पुलिसकर्मियों को नशे से दूर रहकर अपने परिवार के साथ ज्यादा से ज्यादा समय गुजारना चाहिए। इसके साथ ही जीवन शैली में बदलाव, योगाभ्यास, खान-पान पर ज्यादा ध्यान देने और तनाव प्रबंधन के जरिए भी इस तरह की समस्याओं से निजात पाया जा सकता है।

### 45 से अधिक आयु वाले हर पुलिसकर्मी का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य

प्रदेश में पुलिस कर्मियों को हो रही गंभीर बीमारियों को ध्यान में रखते हुए पुलिस मुख्यालय ने नए निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार 45 से अधिक आयु वाले सभी पुलिस कर्मियों का अनिवार्य तौर पर स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। इन स्वास्थ्य परीक्षणों के आधार पर पीड़ित पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए बेहतर सुविधाएं देने के साथ उनकी दिनचर्या के लिए स्वास्थ्य संबंधी टिप्स भी दिए जा रहे हैं। पुलिस को उम्मीद है कि इसके परिणाम भविष्य में देखने को मिलेंगे।

“पुलिस विभाग में कार्यरत वर्कफोर्स प्रति एक हजार व्यक्ति पर 4 के हिसाब से है। हर साल 400 से ज्यादा स्टाफ के निधन की जानकारी आई है। इनमें से 15 फीसदी का निधन हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारी से हो रहा है। यह एज ग्रुप के हिसाब से हायर साइड में है और चिंताजनक है। इसे कम करने के लिए डीजीपी द्वारा योग, मेडिटेशन और पीटी जैसे प्रोग्राम पर बल दिया जा रहा है।

■ **अनिल कुमार**, एडीजी वेलफेयर, पीएचक्यू, भोपाल

**कोशिश** | निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के लिए आपसी समन्वय बढ़ाने की कवायद

# रेलवे के रिटायर अफसर पीडब्ल्यूडी में होंगे कंसल्टेंट



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग में गुणवत्ता सुधार के लिए अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई द्वारा कार्ययोजना बनाकर लोक निर्माण विभाग के तहत प्रदेश में निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण करने सात निरीक्षण दल गठित किया गया। मुख्य अभियंताओं के दलों द्वारा विदिशा, पादुंना, ग्वालियर, झाबुआ, शहडोल, आगर मालवा एवं सागर जिलो में के 34 कार्यो को रेण्डम आधार पर निरीक्षण किया गया है। उक्त कार्यों में से 14 कार्य पीडब्ल्यूडी (सड़क/पुल), आठ कार्य पीआईयू (भवन), नौ कार्य एमपीआरडीसी, चार कार्य मप्र भवन विकास निगम के शामिल हैं। निरीक्षण दलो की रिपोर्ट के आधार मंत्री राकेश सिंह ने विदिशा आरओबी का कार्य पूर्ण लेकिन रेल्वे के हिस्से का कार्य पूर्ण नहीं होने पर कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया है कि रेल्वे के अधिकारियों के साथ प्रदेश में अन्य स्थानों पर ऐसे आरओबी जो विलंब से चल रहे है। इस संबंध में रेल्वे अधिकारियों के साथ इसी माह बैठक आयोजित कर समस्या का निराकरण शीघ्र कराया जाए। मंत्री सिंह ने निर्देशित किया है कि विभाग में रेल्वे से एक-एक सेवानिवृत्त वरिष्ठ अधिकारी को कंस्लटेन्ट के रूप में पीडब्ल्यूडी (भ/प) तथा एमपीआरडीसी द्वारा नियुक्त किया जाये, ताकि रेल्वे विभाग से समन्वय बनाने में सहायक हो। वन विभाग एवं भू-अर्जन से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विभाग में कंस्लटेन्ट नियुक्त किये जाएं।

### कारण बताओ नोटिस जारी

विदिशा जिले के कंस्ट्रक्शन ऑफ हाई लेवल ब्रिज संजय सागर डेम सपान नदी पर शमशाबाद पर किये गये निरीक्षण की रिपोर्ट साफ्टवेयर में प्लान्ट के जिओ टेग फोटोग्राफ्स अपलोड नहीं किये जाने पर संबंधित कार्यपालन यंत्री एवं अनुविभागीय अधिकारी को तत्काल हटाकर अन्यत्र स्थान पर पदस्थ करते हुए कारण बताओ नोटिस देकर जवाब तलब करने के निर्देश दिए गए हैं। यहां तक ऐसी अनियमित्ता दोबारा होने की दशा में किसी भी अधिकारी पर तत्काल कार्यवाही होगी।

### 1 जुलाई को होगा पौधरोपण

मंत्री सिंह द्वारा 1जुलाई को वृक्षारोपण दिवस पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिये गए हैं। वृक्षारोपण पीडब्ल्यूडी की रिक्त भूमि पर (रेस्ट हाउस, कार्यालय, सडक एवं अन्य स्थान) होगा। इसका पोर्टल तैयार कर किया जाएगा और उसपर जिओटेग फोटोग्राफ्स भी अपलोड कराए जाएंगे।

### प्रदेश में 30 जून तक तैयार होंगे 500 सरोवर

विभाग 30 जून तक 500 लोक कल्याण सरोवर का निर्माण कराएगा। तालाबों पर सुरक्षा के उपाय करते हुये आरसीसी का बोर्ड भी लगाया जाएगा। इस पर लोक निर्माण से कल्याण की टेग लाईन, लोक सरोवर की गहराई, तैराकी निषेध के बोर्ड लगाए जाएंगे। इस सबंध में विभाग समस्त जिले के कलेक्टर से पत्र व्यवहार करेगा। इंदौर-उज्जैन तथा उज्जैन जावरा ग्रीन फिल्ड निर्मित होने वाले मार्ग में आ रहे पेडो को काटने के स्थान पर शिफ्टिंग करने एजेंसी निर्धारित की जाएगी।

# 'फालेन आउट' विलोपित करने की घोषणा, अभी तक अधूरी

## अतिथि विद्वान पद भरे मान कर करें भविष्य सुरक्षित : महासंघ

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सूबे के सरकारी कॉलेजों में रिक्त पदों के विरुद्ध पिछले 25 वर्षों से सेवा करने वाले अतिथि विद्वानों का आज तक भविष्य सुरक्षित नहीं हुआ है साथ की उनकी समस्या का निराकरण होता नहीं दिख रहा है। अब अतिथि विद्वानों के सामने रोजी रोटी का संकट भी आने को है जिसको लेकर अतिथि विद्वान काफी तनाव में दिख रहें है। अभी हाल में ही प्रोफेसर का स्थानांतरण होना है, जिससे अतिथि विद्वान फालेन आउट होंगे। इसी को लेकर विद्वान विचलित दिखाई दे रहें है। पूर्व में हुई महापंचायत में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अतिथि विद्वानों से वायदा किया था की फालेन आउट शब्द विलोपित करेंगे और स्थाई नीति बनाकर फिक्स मासिक वेतन देंगे, जो आज तक पूरा नहीं हुआ वादा। प्रदेश में अतिथि विद्वानों की संख्या करीब 4500 है। शासन अतिथि विद्वानों को स्थाई कर सकती है और नई शिक्षा नीति से बचे पदों में नियुक्ति भी। अब गेंद सरकार के पाले में है।

### सीएम ने विद्वानों के हित में नहीं लिए निर्णय

अतिथि विद्वानों को काफी आशा एवं उम्मीद थी कि नई सरकार कुछ हित करेगी। इसी को लेकर संघ के मीडिया प्रभारी डॉ आशीष पाण्डेय ने बताया की जो पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री थे। आज शौभाग्य से वही प्रदेश के मुखिया है और संवेदनशील विभागीय मंत्री है फिर भी अतिथि विद्वानों के हित में आज तक एक भी निर्णय नहीं हुआ, जो समझ से परे है। डॉ पाण्डेय ने कहा की हरियाणा भाजपा सरकार के जैसे ही विद्वानों का भविष्य सुरक्षित करना चाहिए, जिसकी पूरे देश में सकारात्मक चर्चा हो रही है।

“मुख्यमंत्री की स्पष्ट घोषणा थी की अतिथि विद्वान अब फालेन आउट नहीं होंगे, फालेन आउट शब्द को ही विलोपित कर दिया गया है, लेकिन दुर्भाग्य से वो घोषणा आज भी पूरी नहीं हुई है। आये दिन विद्वान बाहर हो रहें है। उच्च शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, शीर्ष अधिकारीयों से आग्रह है की फालेन आउट शब्द विलोपित करें एवं विद्वानों के पदों को भरा माने। ■ **डॉ देवराज सिंह**, प्रदेशाध्यक्ष, अतिथि विद्वान महासंघ

# शादी में आई किशोरी से युवक ने किया रेप

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** गांधी नगर में शादी में आई किशोरी को युवक ने बहला-फुसलाकर रेप किया। इसके बाद उसे जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया। किशोरी ने पुलिस को बताया कि आरोपी उसके घर पहुंचकर कई बार उसके साथ रेप किया। पिछले दिनों जब किशोरी के गर्भवती होने की बात पता चली तब मामला थाने तक पहुंच गया। पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एफआईआर की भनक लगते ही आरोपी फरार है। पुलिस ने बताया कि 15 वर्षीय किशोरी गांधी नगर इलाके की एक बस्ती में रहती है। गत अक्टूबर 2024 में वह इलाके में ही एक शादी समारोह में गई थी। यहां पर उसकी बातचीत विकास नाम के युवक से हुई। जान-पहचान हुई तो युवक उसे शादी समारोह के दौरान ही एक सूनी जगह पर ले गया। उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। दुष्कर्म करने के बाद उसने किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी दी। धमकी से डर जाने के कारण किशोरी ने अपने परिवार में किसी को कुछ भी नहीं बताया। किशोरी की चुप्पी का फायदा उठाते हुए युवक पीड़िता के घर तक पहुंच गया। किशोरी के माता-पिता जब काम पर चले जाते तो दोपहर के समय वह घर पहुंच जाता।

# वन परिक्षेत्र जतारा में लगातार जब्ती की कार्यवाही जारी

# एक जेसीएम आयशर ट्रक वाहन को किया जब्त



## सीसीएफ छतरपुर डीएफओ और एसडीओ टीकमगढ़ के मार्गदर्शन में की गई वाहन जब्ती की कार्यवाही

## वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व में लगातार वाहन जब्ती की कार्यवाही

**जागरण, टीकमगढ़।** विदित हो कि दिनांक 23.05.2025 की रात्रि में वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार को जतारा तहसील के पाली गांव से मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक में पाली गांव के समीप राजस्व क्षेत्र की रोड के बगल से एक बाड़े में 14 चका ट्रक में श्यामार की लकड़ी लोड होकर उत्तर प्रदेश परिवहन होना हैजिसके पश्चात वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के द्वारा देरी किए बगैर तत्काल दल का गठन कर मुखबिर के बताए अनुसार आधी रात्रि में वन अमले को पाली गांव भेजा गयाए जिसकी भनक लकड़ी तस्करों को लगने पर उनके द्वारा ट्रक को एक खेत में खड़ा कर दिया गयाए वन अमले ने अपनी चतुराई दिखाते हुए गस्ती वाहन को तस्करों की तरह ट्रक से 2 किलोमीटर दूर छुपाकर वापिस होने का संकेत तस्करों को दियाए जिसके बाद लकड़ी तस्कर सुबह 4 बजे के लगभग ट्रक और उसमें लोड लकड़ी को ले जाने वाले ही थे कि तत्काल वन अमले ने चारों तरफसे घेरा बंदी करके पाली गांव के रोड किनारे खडे ट्रक को पास जाकर देखा तो उसके अन्दर श्यामर प्रजाति की लकड़ी के कटे हुए लट्ठे भरे हुए थे तभी ट्रक के ड्राइवर से पूछताछ करने और लकड़ी के लिए अनुज्ञा परिवहन पत्र ;टीपीद्ध मांगे जाने पर ट्रक ड्राइवर के पास न तो लकड़ी कटाई की अनुमति थी और न ही परिवहन की अनुमति। तब वन अमले के द्वारा श्यामर प्रजाति की लकड़ी को ट्रक में लोड कर बिना अनुज्ञा परिवहन पत्र ;टीपीद्ध के लिए परिवहन किए जाने के वन अपराध मे जप्त करते हुए मौके से वाहन चालक और वाहन मालिक के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए जप्त ट्रक पंजीयन क्रमांक यूपी 92 टी 9737 को मय वनोपज के सुरक्षित जतारा लाया जाकर प्रकरण को अग्रिम विवेचना में लिया गया । उक्त वाहन जप्ती की कार्यवाही मुख्य वन संरक्षक छतरपुर नरेश सिंह यादवएवन मंडल अधिकारी राजाराम परमार और एसडीओ मनीषा बघाड़े के निर्देशन और मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व में की गई जिसमे वन परिक्षेत्र जतारा के वन अमले के रूप में सी पी सौर वनपाल परिक्षेत्र सहायक कर्मोराए अमन प्रजापति वनरक्षकए अशोक कुमार वर्मा वनरक्षकए विवेक वंशकार वनरक्षकए राजकुमार अहिरवार वन रक्षकए अनिल जैन वनरक्षक ए प्रमोद अहिरवार वनरक्षकए वनरक्षकए जयराम अहिरवार वनरक्षकए प्रेम अहिरवार वनरक्षकए स्थाईकर्मी अनिल द्विवेदीए स्थाईकर्मी आजाद खान और वाहन चालक शहीद खान इत्यादि सम्मिलित रहे।

# अल्प प्रवास पर सुनवानी पहुंचे पशुपालन मंत्री



**जागरण, पन्ना ।** पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री यस्वतंत्र प्रभारद्ध लखन पटेल शनिवार को दोपहर अल्प प्रवास पर ग्राम सुनवानी कला पहुंचे और यज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा के एक कार्यक्रम में शामिल होकर पथरिया के लिए रवाना हुए। राज्य मंत्री श्री पटेल ने राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में आयोजित हो रहे रजत जयंती महोत्सव एवं श्रीमद्भागवत कथा में भी सहभागिता की। मंदिर में दर्शन उपरांत भक्तजनों से भेंट कर प्रसाद ग्रहण किया। उपस्थितजनों द्वारा कार्यक्रम में राज्य मंत्री के आगमन पर आत्मीय स्वागत भी किया गया।

# अपहृत नाबालिग बालिका को रेलवे स्टेशन सलैया जिला कटनी से सकुशल किया गया दस्तयाब



**जागरण, पन्ना ।** रैपुरा थाना क्षेत्रांतर्गत दिनांक 24.05.25 को एक नाबालिग बालिका के अपहरण की सूचना प्राप्त होते ही पन्ना पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए अपहरण का अपराध क्रमांक 113ध्24 कायम कर त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई। अपहृत बालिका की सकुशल दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में विशेष टीम का गठन किया गयाए जिस पर अपहृता दस्तयाबी मे थाना रैपुरा पुलिस टीम एवं साइबर सेल पन्ना की संयुक्त कार्यवाही सराहनीय रही।उक्त प्रकरण मे थाना प्रभारी रैपुरा के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार अपहृत की दस्तयाबी हेतु सतत प्रयास किए गए साथ हि आस.पास के जिलो मे अपहृत नाबालिग बालिका के सम्बंध मे जानकारी प्रसारित की गई एवं संभावित स्थानो मे जाकर अपहृता के बारे तलाश.पतारसी की गई। जिसके परिणाम स्वरूप प्राप्त मुखविर सूचना के आधार पर पुलिस टीम जिला कटनी के रीठी क्षेत्र में सलैया रेलवे स्टेशन पहुंची और अपहृत बालिका को सकुशल दस्तयाब करने में सफ्लता प्राप्त की। बालिका को दस्तयाब कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए उसे सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया। बालिका की सकुशल वापसी पर परिजनों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने पन्ना पुलिस के प्रयासों की सराहना की।

## गुनौर विधायक ने किया विकास कार्य का भूमिपूजन



**पन्ना ।** गुनौर विधायक डॉण् राजेश वर्मा ने गत शुक्रवार को नगर परिषद अमानगंज अंतर्गत विकास कार्य का भूमिपूजन किया। इन कार्यों में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना चतुर्थ चरण अंतर्गत 50 लाख रूपए की लागत से वार्ड क्रमांक 03 में मुक्तिधाम एवं बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य शामिल है। भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सारिका खटीक सहित जयप्रकाश चतुर्वेदीए श्रीकांत त्रिपाठीए प्रशांत चतुर्वेदी एवं रामलाल लखेरा भी उपस्थित रहे।

## हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वितीय परीक्षा आवेदन की तिथि बढ़ी

**पन्ना ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल ने सत्र 2024.25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की है। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण छात्र अंक सुधार के लिये अथवा अनुत्तीर्ण छात्र उत्तीर्ण विषयों के अंक सुधार के लिये अब 25 मई की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों की द्वितीय परीक्षा के लिये 31 मई की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किये जा सकेंगे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर निकाली गई शौर्य सम्मान यात्रा



**जागरण, टीकमगढ़।** ऑपरेशन सिंदूर की सफ्लता और देश के सम्मान में 22 मई को शौर्य सम्मान यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर मंगलवार शाम 4 बजे से संघ कार्यालय महिला शक्ति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व में आयोजित बैठकों की समीक्षा के साथ यात्रा की तैयारी को लेकर मातृ शक्ति ने आपस में अपनी जिम्मेदारी तय की। अलग.अलग संगठनों का नेतृत्व कर रहीं मातृ शक्ति ने शौर्य सम्मान यात्रा के लिए अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को शामिल करने जिम्मेदारी ली गई थी। बैठक में यह भी तय हुआ है कि यात्रा शाम 4.30 बजे संघ कार्यालय से प्रारम्भ होकर शहर के मुख्य मार्ग से होते हुएएसंपन्न हुई थी। जहां भारत माता की आरती का आयोजन किया जाएगा। पद यात्रा के दौरान सभी चौक पर वरिष्ट महिला शक्ति का 5.5 मिनट का उद्बोधन हुआ, कर्नल भारत माता एवम् सोफिया कुरेशी की बेश भूसा में बच्चो ने अपनी उपस्थिति दी। पूरी यात्रा में सपरिवार सैनिक शामिल रहे। लगभग 20 भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में कर्नल महोदय का मुख्य उद्बोधन हुआ। भारत माता की आरती के बाद महिला समन्वय के द्वारा सभी को धन्यवाद एवम् आभार व्यक्त किया गया। जिसमे कुल संख्या 480 लोग शामिल हुए। जिसमें महिलाएं लगभग 400 बन्धु जन 80 शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक डॉक्टर जया श्रीवास्तव के द्वारा एवं आभार श्रीमति प्रीति चतुर्वेदी ने किया कार्यक्रम में नगर की नारी शक्ति में प्रमुख रूप से अनुपमा नायक रश्मि गोयल जीएरजनी जैन शीलम मिश्राए अल्का खरे विभा श्रीवास्तव पूनम अग्रवाल अपने अपने वक्तव्य दिया।

# मशीनों ने छीना मजदूरों का रोजगार, सरपंच और अधिकारी के वारे-न्यारे



## गोर ग्राम पंचायत के ग्रामीणों की शिकायत पर अभी तक नहीं हुई कार्यवाही

**जागरण, टीकमगढ़ ।** एक और जिले के कलेक्टर जिले से पलायन रोकने के लिए मुहिम चला रहे हैए और ग्राम पंचायतों में ही मजदूरों को रोजगार देने का अनाउंसमेंट करा रहे है। जिससे मजदूर महानगरों की ओर न जाकर ग्रामो में ही मजदूरी कर सकेए लेकिन ग्राम पंचायतों के सरपंच अधिकारियों से मिलीभगत कर केवल मशीनों से कार्य करा रहे हैए और फर्जी तरीके से मस्टर रोल जारी कर राशि का आहरण कर रहे है। ऐसा ही मामला बीते दिनों जिले की जनसुनवाई में 5 मई 2025 को ग्राम पंचायत गोर का सामने आया थाए जंहा के उपसरपंच सुधीर कुमार शुक्ला सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से शिकायत दर्ज कराई थी। साथ ही ग्रामीणों ने मशीनों द्वारा कराए जा रहे तालाब सहित अन्य निर्माण कार्यो की वीडियो बनाकर तहसीलदार को शिकायत की थी। जिस पर तहसीलदार मोहनगढ़ अजय कुमार झा ने मौके पर जाकर जांच की थीए जिसमे उन्होंने मशीनों और ट्रैक्टरों द्वारा कार्य होना पाया गया थाए जिसका प्रतिबेदन बनाकर तहसीलदार द्वारा एसडीएम कार्यालय जतारा को भेजा गया था। लेकिन एसडीएम कार्यालय द्वारा अभी तक पत्र में कोई भी कार्यवाही नही की गई हैए जिससे सरपंचए सचिव सहित उपयंत्री के हौसले बुलंद बने हुए है और अन्य कामो में भी धड़ल्ले से मशीनों से कार्य कराए जा रहे है। जिससे ग्रामीण रोजगार न मिलने के कारण पलायन करने पर मजबूर हो गए है और सैकड़ो परिवार महानगरों की ओर पलायन कर गए है। ग्रामीण विवेकानंद दुबेए कैलाश खंगारए जितेंद्र यादवए शुभमए राहुलदेव तिवारी सहित अन्य ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम पंचायत का काम सरपंच की जगह उनके पति अरविंद साहू देखते हैए जो ग्राम पंचायत की कार्यवाही में कभी पंचों को नही बुलाते जबकि स्वयं ग्राम पंचायत की कार्यवाही करते है।

**इनका कहना है :** इस सम्बंध में जब जतारा जनपद सीईओ **सिद्धगोपाल वर्मा** से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कलेक्टर के द्वारा इस मामले की जांच एसडीएम कार्यालय जतारा को सौपी हैए जिसकी जांच एसडीएम जतारा के द्वारा की जा रही है। बाकी जैसे ही मशीनों द्वारा कार्य करवाने की जानकारी मिली थी तो तत्काल ही कार्य के जारी किए गए मस्टर रोल शून्य करा दिए गए थे।

------

इस सम्बंध में प्रभारी एसडीएम जतारा **भारती मिश्रा** ने बताया कि मुझे अभी जानकारी नही हैए तहसीलदार मोहनगढ़ से जानकारी करते है और कार्यवाही की जाएगी । वही इस सम्बंध में जानकारी के लिये कलेक्टर विवेक श्रोतिय से दूरभाष पर सम्पर्क किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नही किया।

## दवाओं पर जीरो जीएसटी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रीवा।** फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रजेंटेटिव ऑफ इंडिया के आह्वान पर एम.पी.एम.एस.आर.यू. रीवा इकाई द्वारा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम का ज्ञापन जीएसटी सहायक उपायुक्त को सौंपा गया। रीवा इकाई के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने बताया कि देश के लाखों मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव अपनी समस्याओं के साथ देश की जनता के स्वास्थ्य को लेकर बेहद गंभीरता के साथ आंदोलनरत हैं, इस महँगाई के दौर में भारत सरकार द्वारा दवाओं एवं सर्जिकल उपकरणों पर जीएसटी वसूलना अमानवीयता की हद है, देश की ज्यादातर आबादी गरीबी की सीमा के नीचे जीवन बसर कर रही है और देश का कोई भी व्यक्ति बीमारियों से परेशान ही होता है, ऐसे समय मे अगर सरकारें उनको कोई मदद नहीं कर सकती तो कम से कम दवायें और इलाज पर जीएसटी जैसे कर को तुरंत समाप्त करना चाहिए। उक्त जानकारी रीवा इकाई के सचिव आबे ह्यात खान ने दी है ।

# कलाकारों ने जोशीले तरानों से सजायी देश भक्ति की महफिल

## मशालें जलाकर हुई जश्न-ए-तिरंगा की शुरुआत



**जागरण, रीवा।** हिन्दू धर्म परिषद युवा शाखा एवं रिदम् म्युजिकल ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में हेमू कलाणी चौक में जश्न–ए–तिरंगा आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत ऑपरेशन सिन्दूर के सेना नायकों के स्वागत में क्रांति मशालों के साथ झंडे लहराकर व वंदे मातरम गाने के साथ हुई। कार्यक्रम के अंत तक कलाकारों ने एक से बढ़कर एक जोशीले गानों–तरानों की प्रस्तुति दी जिसमें सभी ने अपनी खुशियां बांटी।हिन्दू धर्मपरिषद के संस्थापक नारायण डिगवाननी के मार्गदर्शन एवं युवा शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, रिदम ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. विनोद तिवारी के नेतृत्व में आयोजन सम्पन्न हुआ। मंच संचालक अवनीश शर्मा ने उपस्थित जन समुदाय को कई बार भारत माता के जयकारे लगाने के लिये प्रेरित किया। संयोजक सुमित माँजवानी, वरिष्ठ अध्यक्ष डॉ. प्रवीर चन्द दुबे ने सभी लोगों का स्वागत एवं आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित संजय गांधी अस्पताल के पूर्व संचालक डॉ. सी.बी.शुक्ला ने कहा कि आज हर भारतीय आतंकवाद के खिलाफ निरंतर कार्यवाही चाहता है। वरिष्ठ संरक्षक डी.पी.सिंह परिहार ने ऑपरेशन सिन्दूर को आगे भी जारी रखने की बात कही। आयोजन में मानस मंडल के उपाध्यक्ष पियूष त्रिवेदी, ब्राम्हण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय मोहन तिवारी, चित्रांश परिहार के डॉ. विकास श्रीवास्तव, अवधेश श्रीवास्तव, कलम परिवार के नागेन्द्र मिश्रा मणि, हशमत रीवानी, कमल किशोर मिश्रा कमल, अमित द्विवेदी ने भी अपनी शुभकामनायें प्रेषित की। उपस्थित गणमान्य नागरिकों में मुकुन्द प्रसाद मिश्रा, गोपाल दास डिगवानी, पप्पू कनौजिया, शिवेन्द्र मिश्रा एड., विजय थावानी, राजकपूर सिंगर के साथ रिदम ग्रुप की डॉ. रिचा सिंह, अनिल शुक्ला, श्याम गंगवानी, नीलम गुप्ता, रश्मि द्विवेदी, रोशनी सोनी, रीता तिवारी, अर्चना शुक्ला, एड. मानसी तिवारी, सुलेखा पटेल आदि ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर लोगों की वाहवाही लूटी।

## देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर देवेन्द्रनगर में हुआ कार्यक्रम

**पन्ना ।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर के संयुक्त तत्वाधान में पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर शनिवार को देवेन्द्रनगर में विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ। गुनौर विधायक डॉण् राजेश वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संस्कृत महाविद्यालय में संपन्न हुए कार्यक्रम में लोकमाता अहिल्या बाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। विधायक ने दीप प्रज्जवलन कर एवं देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक डॉण् वर्मा ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का जीवन समाजए संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। लोकमाता ने सुशासन की अलख जगाई।

# आंगनवाड़ी केन्द्र के बच्चों को प्रदाय की पानी बोतल



**पन्ना ।** महिला एवं बाल विकास परियोजना पन्ना ग्रामीण अंतर्गत देवेन्द्रनगर सेक्टर के आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के लिए एक निजी संस्था द्वारा पानी की बोतलों का वितरण किया गया। संस्था की अध्यक्ष शोभल सिंह द्वारा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत पूर्व में भी आंगनबाड़ी केन्द्रों में वाटर फिल्टर तथा बच्चों के लिए कुर्सियों का वितरण किया गया था। इस क्रम में गर्मी के मौसम के दृष्टिगत आज पानी की बोतलों का वितरण किया गया। विभाग द्वारा बच्चों के सतत सहयोग के लिए संस्था का आभार व्यक्त किया गया है।

# दिव्य नगरी के बच्चों ने किया अपने हुनर का प्रदर्शन

## ब्रह्माकुमारी संस्थान के समर कैंप में की सहभागिता

**रीवा।** स्लम एरिया के गरीब बच्चों के लिए एक मिनी समर कैंप का आयोजन ब्रह्माकुमारी शांतिधाम झिरिया में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्लम एरिया निराला नगर के बच्चों ने बढ़–चढ़कर सहभागिता की और अपनी विभिन्न कलाओं के हुनर का जमकर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रियंका त्रिपाठी ने बच्चों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा की और संस्था को इस पुनीत कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। ब्रह्माकुमारीज संस्थान की क्षेत्रीय संचालिका राजयोगिनी निर्मला दीदी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से ट्रेनर रीमा कटारिया ने बच्चों को मनोरंजक, ज्ञानवर्धक और कलात्मक रीति से कई खेल कराए। इसके अलावा बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए अलग–अलग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिनमें बच्चों ने अपनी सहभागीता की । इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद मध्य प्रदेश यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं प्राचार्य शाहिद परवेज, मगुरहाई स्कूल के संचालक उमेश कुमार सेन, होम्योपैथी चिकित्सक डॉ विकास श्रीवास्तव, कराटे कोच सुनील कुमार तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किये। पढ़ाई में 75 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल करने वाले पंकज बंसल, अरमान बंसल, पवन बंसल के साथ अंजली, गुंजन, सौरभ सहित अन्य बच्चों को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज की ओर से बीके आर बी पटेल, बीके ममता, कार्यक्रम के संयोजक बीके मुस्कान, शिखा चिकटे ,वंदे मातरम ,प्राचार्य दीपक तिवारी ,डिप्टी जनरल मैनेजर सीबी सिंह ,बीके नम्रता, नेहा बहन ,बीके प्रमोद सहित कई बीके बहनों ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया । कार्यक्रम का संचालन कला संस्कृति प्रभाग रीवा के संयोजक बीके प्रकाश भाई ने किया। सभी बच्चों को उपहार ,नाश्ता एवं ज्ञानवर्धक सामग्री मुख्य अतिथि के द्वारा भेंट की गई। बच्चों के संरक्षक बीके आरबी पटेल मैनेजर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

# 10 कंपनियों द्वारा युवाओं का किया जाएगा चयन

**रीवा।** जिला रोजगार कार्यालय एवं सतपुड़ा आईटीआई रीवा के संयुक्त तत्वाधान में 26 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सतपुड़ा आईटीआई रीवा में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक–युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा अलग–अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग–अलग देय होगा।

# पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई मातृशक्ति की अद्वितीय प्रतीक



**रीवा।** पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष पर गुरुवार को कैपिटल इन्फ्रो मार्केटिंग शारदा पुरम में आयोजित महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, कार्यक्रम की वक्ता महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष साधना गुप्ता की उपस्थिति में संपन्न हुआ। वीरेन्द्र गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोकमता अहिल्याबाई होल्कर ने स्वयं घोषणा की थी कि मेरा पथ धर्म का पथ है। मेरा पथ ही न्याय का पथ है। पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई का जीवन हमें यह सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व करुणा और धर्म के मार्ग पर चलता है। उन्होंने न सिर्फमालवा को संवारा बल्कि सम्पूर्ण भारत की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा भी की। उनका त्याग और तपस्या आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।

## अतिथि शिक्षकों के फॉर्म का नहीं हुआ वैरीफिकेशन

**जागरण, रीवा।** अतिथि शिक्षकों के आवेदन के वैरीफिकेशन में कई तरह की समस्या अभ्यर्थियों को हो रही है। शुक्रवार को अंतिम दिन भी अभ्यर्थियों को राहत नहीं मिली। अपने आवेदन का वैरीफिकेशन कराने पहुंची आवेदिका रीना तिवारी ने बताया कि उनकी शादी के बाद वह रीना मिश्रा लिखती हैं और समग्र आईडी भी ससुराल की है, जिसमें पति का नाम है। ई–केवाईसी के बाद पति का नाम दिखने लगा, जिससे समस्या बताकर उनके आवेदन का वैरीफिकेशन नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि वह यह समस्या लेकर बीते 10 दिन से भटक रहीं थीं लेकिन किसी ने कोई सुनवाई नहीं की और शुक्रवार को वैरीफिकेशन का अंतिम दिन था।

# विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं लिपिकों की कोई नहीं सुनता

**रीवा।** रीवा जिले अर्न्तगत विकास खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं लिपिकों की बढ़ी परेशानियों को कोई भी अधिकारी नहीं सुनते। अध्यापक संवर्गों को क्रमोन्नति आदेश जारी होने के बाद संकुल प्राचार्यों के माध्यम से देयक कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय मे प्रस्तुत किया जाता है, संकुल प्राचार्यों द्वारा देयक गलत प्रस्तुत किये जाते हैं, क्रमोन्नति आदेश होने के 08 माह बाद देयक प्रस्तुत हो रहे, जिसमे आईएफएमएस के माध्यम से देयक जनरेट होने के बाद देयक कोषालय मे प्रस्तुत किये जाते हैं। जिला कोषालय रीवा द्वारा देयकों मे आपत्ति लगा दी जाती है कि देयकों की पूर्ति कर देयक प्रस्तुत करें, स्कैन सही नहीं दिख रहा एवं जे.डी. अनुमोदन की ई–साइन की छायाप्रति संलग्न करें, जबकि जे.डी. अनुमोदन की छायाप्रति संलग्न रहता देयकों में जिसके कारण विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं लिपिक काफी परेशान हो रहा है। जितने भी कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी का है, वे सब कार्यालय ग्रामीण में हैं, वहां पर न लाइट रहती है, ना ही कनेक्शन सही चलता है, जिसके कारण कार्य करने मे कठिनाई होती है। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी का कार्यालय हायर स्कूल के एक कमरे मे संचालित हो रहा है, ऐसे मे अधिकारी दबाव बना रहे हैं कि कार्य अधिकारी तत्काल करें। अभी कलेक्टर के द्वारा वेतन बन्द करने का आदेश जारी किया गया है। कार्यालयीन अव्यवस्था के सम्बंध में कई बार वरिष्ठ अधिकारियों को पत्राचार भी किया गया। वर्तमान में आईएफएमएस में सिस्टम 7/17 से लेकर 12/2023 तक का जनरेट का ऑप्शन क्रमोन्नति एरियर एवं डी.ए. को प्रदेश शासन द्वारा बन्द कर दिया गया है।

# सिंगरौली परिक्षेत्र के दस हजार से अधिक नन्हें दिलों की हुई जाँच



## एनसीएल बीना स्थित अटल चिकित्सालय में बाल हृदय जांच केंद्र का हुआ शुभारंभ नन्हा सा दिल एनसीएल के तहत चिन्हित बच्चों की उच्च इलाज हेतु चल रही फाइनल स्क्रीनिंग

**जागरण सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल ने अपने निगमित सामाजिक दायित्व सीएसआर के अंतर्गत चलाई जा रही अभिनव पहल नन्हा.सा.दिल.एनसीएल के तहत बीना के अटल चिकित्सालय में फाइनल स्क्रीनिंग हेतु बाल हृदय जांच केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर निदेशक कार्मिक मनीष कुमार सीएमएस एनसीएल विवेक खरे महाप्रबंधक सीएसआर राजीव रंजन मुख्यालय व बीना परियोजना से पदाधिकारी सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट के प्रतिनिधिगण तथा अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक कार्मिकद्ध श्री मनीष कुमार ने श्री सत्य साईं हेल्थ एंड एजुकेशन ट्रस्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नन्हा.सा.दिल् एनसीएल की एक फ्लैगशिप सीएसआर परियोजना है जो मानवीय संवेदनाओं से प्रेरित है। एनसीएल इसमें एक अभिप्रेरक की भूमिका निभा रही है। इस अवसर पर उन्होंने सेवा.भाव से जुड़कर इस पहल को और अधिक प्रभावी बनाने का आवाहन किया । गत 23 मार्च को शुरू हुई नन्हा.सा.दिल.एनसीएल पहल के तहत स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से सिंगरौली परिक्षेत्र के दूर.दराज गांवों से अब तक दस हजार से अधिक नौनिहालों के हृदय जांच किया जा चुका है जिसका उद्देश्य दिल की बीमारियों से जूंझ रहे बच्चों का निःशुल्क इलाज प्रदान करना है । प्रारंभिक जांच उपरांत हृदय रोग की संभावना वाले बच्चों के नन्हें दिलों का बीना स्थित बाल हृदय जाँच केंद्र में आधुनिक इको मशीन से और गहराई से परीक्षण किया जा रहा है जिससे जरुरतमंद बच्चों के उचित इलाज हेतु श्री सत्य साईं हॉस्पिटल्स के मुंबई और रायपुर स्थित उच्च केंद्रों पर भेजा जा सके । अभी तक 161 स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से सिंगरौली परिक्षेत्र के दस हज़ार से अधिक बच्चों की हृदय जांच सफलतापूर्वक निःशुल्क रूप से की गई जिनमें से 200 बच्चों को फाइनल स्क्रीनिंग हेतु चिन्हित किया गया है। इस पहल का उद्देश्य सिंगरौली परिक्षेत्र के ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में जन्मजात हृदय रोग कॉन्जेनिटल हार्ट डिजीज से पीड़ित बच्चों की पहचान और उपचार सुनिश्चित करना है। यह पूरी जटिल प्रक्रिया कृ जांच यात्रा सर्जरी आदि एनसीएल द्वारा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही इसका उद्देश्य उन माता.पिता की आँखों में आशा की चमक लौटाना है जो अपने बच्चे की धड़कन में छिपे डर को तो समझते हैं पर उपचार का रास्ता नहीं जानते। एनसीएल की यह पहल सिंगरौली क्षेत्र सिंगरौली सीधी और सोनभद्र के हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को ओनली दिल नो बिल् की भावना के साथ जीवन का नया अवसर प्रदान कर रही है। नन्हा.सा.दिल.एनसीएल आज केवल एक सीएसआर परियोजना नहीं बल्कि हजारों मासूम दिलों की नई शुरुआत है। एनसीएल अपने इस मानवीय प्रयास से न केवल ऊर्जा क्षेत्र में बल्कि जनसेवा के क्षेत्र में भी एक नई मिसाल स्थापित कर रही है।

# स्कूटर को चलता फिरता पुस्तकालय बना शिक्षा की अग्रदूत बनी पुस्तक वाली दीदी ऊषा दुबे



**जागरण बैढ़न।** जिले में चलते.फिरते पुस्तकालय के माध्यम से बच्चों को मोबाइल और टीवी से दूरी बनाने में सफलता मिली है। शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरई पूर्व में पढ़ने वाले छात्र छात्राएं पढ़ाई में अव्वल रहे हैं। पिछले तीन वर्ष में पुस्तकालय में पढ़ने वाले नौ बच्चे राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति योजना परीक्षा उत्तीर्ण करने में सफल रहे हैं। इसके साथ ही बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम में डीपाल और डीपीएस स्कूल में दो छात्राओं का चयन हुआ है। अब ये छात्र निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। लगातार अच्छे परिणाम आने से निजी स्कूल में पढ़ने वाले छात्र.छात्राएं शासकीय स्कूल में पढ़ने आ रहे हैं। पुस्तक वाली दीदी उशा दुबे ने बताया कि कोरोना महामारी के 18 महीने बाद जब विद्यालय खुले तब हमने पूरे उत्साह और समर्पण से काम करना शुरू किया। उन्होने बताया कि हमारे विद्यालय के छात्र लगातार 3 वर्षो से उत्कृष्ट विद्यालय चयन परीक्षा और नेशनल मिन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप स्किम जैसे राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए। हमने बच्चों के लिए बहुत सारे टीचिंग लर्निंग मटेरियल तैयार किये अपने विद्यालय को छात्रों की बनाई पेंटिंग से सजाया। जिसे देख छात्रो में अलग ही उत्साह जागृत होता है।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालय में की साबुन बैंक की स्थापना

पुस्तक वाली दीदी के नाम से मशहूर शिक्षिका उशा दुबे ने बताया कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु हमने अपनी विद्यालय में एक साबुन बैंक बनाया है जिसमें विद्यालय के शिक्षक और छात्र अपने.अपने जन्मदिन पर एक साबुन का दान करते हैं।इस साबुन का उपयोग बच्चे और शिक्षक शौचालय से निकलने के बाद और मध्यान्ह भोजन करने से पहले अपने हाथों को धुलने के लिए करते हैं। उन्होने बताया कि वर्तमान में हमारे विद्यालय के साबुन बैंक में 400 साबुन स्टॉक में हैं। बच्चे और उनके अभिभावक विद्यालय के साबुन बैंक में साबुन दान कर बहुत खुश होते हैं।उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में पुस्तकें पढ़ने के साथ.साथ हमने गांव के लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाने विधानसभा और लोकसभा निर्वाचन में मतदाता जागरूकता जैसे जागरूकता अभियान में सहभागिता जिसका हमें सकारात्मक परिणाम देखेने को मिला। शिक्षिका उशा दुबे ने कहा कि कोई भी कार्य कठिन नही होता अगर मन में दृढ़ इच्छा शक्ति हो हर कार्य एक समय पर सुखद परिणाम देने लगता है। इनका मानना है कि महिला शसक्तिकरण के लिए शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाना सबसे अच्छा विकल्प है। शिक्षित महिला अपने अधिकरो के प्रति हर समय सजग रहती। साथ ही समाज में महिला को शसक्त करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। हमे प्रयास ये करना होगा कि हर महिला शिक्षित हो अगर महिला शिक्षित होगी तो समाज अपने आप शिक्षित हो जायेगा।

# सरई क्षेत्र में चल रहा है रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन, कई लोगों की जा चुकी है जान

**जागरण सरई।** थाना क्षेत्र सरई के अंतर्गत आसपास के दर्जनों गांवों से रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन जोर पकड़ा हुआ है। क्षेत्र में नालों से लगातार अवैध रेत का कारोबार चल रहा है दर्जनों ट्रैक्टर अवैध रेत के उत्खनन व परिवहन में संलिप्त हैं सरई थाना से लगभग 2 किलोमीटर चोन्रइया नाला से रात में रेत उठाया जा रहा है। क्षेत्र के चोन्रइया नाला बर्दिया नाला व पोटो नाला का सीना रेत माफियाओं द्वारा छलनी किया जा रहा है जो प्राकृतिक सौंदर्य को बिगड़ने में तुले हुए हैं और प्रशासन रेत माफियाओं के आगे नतमस्तक है। सब कुछ ठीक.ठाक रहा तो शाम ढलते ही ट्रैक्टरों की धमा.चौकड़ी शुरू हो जाती है। प्रशासन के नाक के नीचे यह अवैध रेत का कारोबार कैसे फल. फूल रहा है। यह बात लोगों के गले से नीचे नहीं उतर रही है जो जांच का विषय है। आखिरकार प्रशासन इन अवैध रेत माफियाओं के ऊपर कार्रवाई करने से परहेज क्यों कर रही है। इन सब तथ्यों का खुलासा जांच के उपरांत ही सामने आएगा। इसके अलावा अवैध रेत कारोबार के चलते कई जान यानि प्राण जा चुके हैं। मामला कुछ इस प्रकार है. पिछले साल चोन्रइया नाला में शैलेष जायसवाल पिता भगवानदास जायसवाल 22 वर्ष निवासी कोनी का अवैध रेत उत्खनन व परिवहन के दौरान ट्रैक्टर से दबकर मृत्यु हो चुकी है। दूसरा मामला सरई थाना क्षेत्र के गन्नई का है जहां एक आदिवासी युवक को रेत माफियाओं द्वारा रात में ट्रैक्टर से कुचल दिया गया था जिसकी दर्दनाक मौत हो गई है। इसी तरह से कई घटना थाना क्षेत्र में अवैध रेत कारोबार के दौरान घटित हो चुकी हैं। फिर भी रेत माफिया प्रशासन की आंखों में धूल झोंक रहे हैं। अब देखना यह है कि रेत के अवैध कारोबार को अंकुश लगाने में जिला प्रशासन सफल होती है या जो रवैया चल रही है। वह यथावत बनी रहेगी।

# सृजन किशोर सशक्तिकरण सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम का आयोजन



**जागरण बैढ़न ।** सिंगरौली पुलिस और अमृता सेवा संस्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में सृजन . किशोर सशक्तिकरण सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम का आयोजन निरंतर जारी है। यह कार्यक्रम 14 मई से प्रारंभ होकर किशोर.किशोरियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियों के माध्यम से चलाया जा रहा है। एनटीपीसी के विवा क्लब में आयोजित इस अभियान के अंतर्गत मार्शल आर्ट प्रशिक्षण कानूनी व सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम एवं सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। आज के विशेष सत्र में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने बच्चों को उनके अधिकारो आत्मविश्वास और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। महिला एवं बाल विकास अधिकारी जितेंद्र गुप्ता ने बच्चों को दशा से दिशा् बदलने की प्रेरणा दी और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा को रोकने के उपायों पर चर्चा की। नीरज शर्मा ने बाल हिंसा की रोकथाम तथा उससे निपटने की विधियों पर बच्चों को जागरूक किया। परियोजना अधिकारी शैलेंद्र साकेत ने बच्चों में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए उपयोगी सुझाव दिए। पुलिस विभाग से श्रीमती शीतल यादव उप निरीक्षक ने महिला हिंसा पर विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक किया। यह कार्यक्रम बच्चों में आत्मरक्षा आत्मबल और सामाजिक समझ विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सिंगरौली पुलिस और अमृता सेवा संस्थान समिति का यह प्रयास स्थानीय किशोरों को एक नई सोच और सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

# सांदीपनि विद्यालय बरका में उत्कृष्ट छात्राओं को किया गया सम्मानित



**जागरण सरई।** क्षेत्र के संदीपनि विद्यालय बरका यानि सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरका विद्यालय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं को सम्मानित किया गया है। इस सम्मान समारोह में जिला पंचायत सिंगरौली के अध्यक्षा सुश्री सोनम सिंह कीउपस्थिति में एवं विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य शिवदास यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ है। सुश्री सिंह ने विद्यालय के टॉपर छात्र.छात्राओं को ट्रॉफी के साथ सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं का सम्मान हमेशा होता रहे तो छात्र.छात्राओं का अध्ययन अध्यापन में मनोबल बढ़ता रहेगा। इसी के साथ.साथ समर कैंप का भी आयोजन विद्यालय में किया गया। विद्यालय के प्रतिभा सुनील कुमार चतुर्वेदी गुरुजी ने समर कैंप पर कार्यक्रम में विस्तृत जानकारी दी एवं कार्यक्रम संचालन का दायित्व अनंत कुमार चतुर्वेदी ने संभाला। विद्यालय के प्राचार्य ने कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि का क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं छात्र.छात्राओं के अभिभावकों का कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया है।

# सिंगरौली महोत्सव में आज वीवा क्लब में होगी पेंटिंग प्रतियोगिता

## शांय ख्वाति प्राप्त कवि करेगे कविता पाठ स्थानीय कालकार दिखयेंगे अपनी प्रतिभा 26 को अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में सजेगी रंगोली

**जागरण बैढ़न।** जिले का 17 वॉ स्थापना दिवस एवं नगर गौरव दिवस का धूम धाम से मनाया जा रहा है। सिंगरौली महोत्सव एवं नगर गौरव दिवस के अवसर पर बालीवुड के जाने माने गायक अपने सुरूले नगमो से समा बाधेगे। सिंगरौली महोत्सव के दूसरे दिवस 25 को प्रातः 10 बजे बीवा क्लाब एनटीपीसी में पेटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पेंटिग प्रतियोगिता में प्रतिभागी आकर्षक पेटिंग कर दर्शको का मन मोहेगे। वही शायं के समय राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित समारोह में देश के ख्वाति प्राप्त कवियो सहित स्थानीय कवियो के द्वारा अपने कविता पाठ से सिंगरौली महोत्सव की रौनक बड़ायेगे। साथ ही महोत्सव के चारो दिन स्थानीय कलाकारो को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

सिंगरौली महोत्सव के तीसरे दिन का आगाज अटल सामुदायिक भवन बिलौजी में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता के साथ होगा। जिसमें स्थानीय प्रतिभाओं के द्वारा रंग बिरंगे रंगो से रंगोली सजाई जायेंगी तथा शायं के समय राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित समारोह में फिर एक बार बालीवुड के जाने पहचाने गायक अभिजीत सावंत तथा अनिल श्रीवास्तव अपने गानो से सिंगरौली वासियो बीच धूम मचायेंगे। इस बार सिंगरौली महोत्सव में कई नवाचार भी किए जा रहे जिसके तहत महोत्सव के चारो दिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर बी.पी सुगर की जॉच कर आवश्यक दवाओं का वितरण किया जायेगा। वही स्व सहायता समूह के द्वारा स्टाल लगाकर सिंगरौली पहचान बन चुकी खीर सहित कई लजीज व्यंजनो का स्वाद से रूबरू कराया जायेंगा।

# आउटसोर्स कर्मचारी रामजन्म पाल पोल से गिरा



## बीच रीढ की हड्डी टूटी, बनारस रेफर

**जागरण बैढ़न ।** मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद मिश्र ने जारी बयान में बताया कि आज शासकीय कार्य ड्यूटी के दौरान आउटसोर्स कर्मचारी हेल्पर विद्युत लाइन बनाने हेतु पोल में चढ़ा था तथा झूला जैसे ही पोल में क्लैंप लगाकर कार्य करना चालू किया तो क्लैंप टूट गया और श्रमिक पोल से नीचे गिर गया जिसकी बीच रीढ की हड्डी टूट गई ट्रामा सेंटर लाया गया जहां तथा ट्रामा सेंटर से गंभीर दुर्घटनाग्रस्त श्रमिक को वंदना हॉस्पिटल लाया गया जहां डॉक्टर ने बताया कि श्रमिक काफी गंभीर है लगभग ढाई लाख रुपए का खर्च उपचार में लगेगा जहां मंडल के सभी कर्मचारी एवं अधिकारी मिलकर तत्काल बनारस ट्रामा सेंटर से रेफर कराया गया है मध्य प्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद मिश्रा ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारी मैसर्स टी एंड एम कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड बॉम्बे संविदाकार है जिसके सिंगरौली जिले में जहां सैकड़ो श्रमिक आउटसोर्स कर्मचारी हैं कोई कंपनी का अधिकारी यहां नहीं है तथा बताया गया कि इस कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर दमोह में रहते हैं दूरभाष से बात की गई तो सीधे उपचार करने से मना कर दिया कहां मेरे पास पैसा नहीं संविदाकार द्वारा बताया गया कि विद्युत मंडल के अधिकारी और कर्मचारी चंदा एकत्रित कर उपचार कराया तथा दूरभाष पर संविदाकार एटी एंड एम का प्रबंधन दूरभाष पर नकारात्मक जवाब दिया इस संबंध में संगठन द्वारा प्रबंध संचालक एवं मुख्य अभियंता तथा ऊर्जा मंत्री मध्य प्रदेश शासन को शीघ्र लिखा जा रहा है।

# पेंशन पर चर्चा के लिए आज जुटेंगे जिले भर के सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षक



**जागरण बैढ़न।** जिले भर के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं शिक्षक 25 को पेंशन पर चर्चा के लिए जुटेंगे न्यू मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रेश कुमार वर्मा ने बताया कि आज रविवार समय 11.00 बजे से सामुदायिक भवन बैढ़न में पेंशन पर चर्चा के लिए जिले भर के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं राष्ट्र निर्माता सामुदायिक भवन में उपस्थित होंगे ब्लॉक अध्यक्ष ने जिले के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं राष्ट्र निर्माताओ से चरण वंदन किया है कि सभी लोग सामुदायिक भवन में जरूर उपस्थित हो जिससे पेंशन पर चर्चा हो और सरकार हम लोगों के पेंशन को जो 2005 से बंद कर दी गई है और शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को तो 1998 से लेकर 2004 तक के कर्मचारियों को भी पेंशन नहीं दिया गया है बल्कि उनकी चार बार नियुक्ति दी गई है और अंतिम नियुक्ति 2018 मानी गई पूनः पुरानी पेंशन बहाल हो इसी को लेकर चर्चा होगी इसके मुख्य अतिथि जिले भर के जो साथी एनपीएस धारी सेवानिवृत हुए हैं वे रहेंगे उनको सुनने के लिए और अपनी राय देने के लिए जरूर उपस्थित हो ।

# रेही से नेवारी में किया जा रहा घटिया सड़क निर्माण कार्य



**जागरण चितरंगी।** बगदरा अभ्यारण अंतर्गत लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन रेही से नेवारी सड़क मार्ग में किया जा रहा घटिया सड़क निर्माण कार्य सीमेंट की मात्रा नाम मात्र की रहती है जिससे सड़क मे पड़ दरारे रही है बगदरा अभ्यारण मे रेही से नेवारी सड़क मार्ग में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसमे अत्यंत ही गुणवत्ता विहीन घटिया सड़क निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। रात के अंधेरे में निर्माण कार्य किया जाता है ताकि मनमानी कार्य कर सके जिसका ग्रामीणों के द्वारा विरोध भी किया गया की कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराया जाए और कार्य दिन में करवाया जाय लेकिन ठेकेदार अपनी मनमानी तरीके से रात में निर्माण कार्य किया जाता है जबकि अभ्यारण के अंदर रात मे सड़क निर्माण की अनुमति नही है जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा डिप्टी रेंजर बगदरा गोविंद प्रसाद पाण्डे को भी दी गई की रात मे निर्माण कार्य अभ्यारण मे चल रहा है जिसको वह भी नही रुकवाये। और वहा कोई इंजीनियर उपयंत्री कोई भी मौजूद नहीं रहते है। ग्रामीणों का कहना है की सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराया जाय और प्रशासन के द्वारा कार्य की निगरानी भी बराबर किया जाय।

# सरई में 24 घंटे जलती रहती हैं स्ट्रीट लाइट

**जागरण सरई।** नगर परिषद मुख्यालय सरई में कहीं.कहीं तो स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। जो सुबह से लेकर शाम तक जलती रहती हैं। विद्युत पोल में लगे स्ट्रीट लाइट दिन. रात बराबर सेवाएं दे रही हैं। नगर परिषद के वार्ड क्र.13 के सुनील सोनी पेंटर के घर के आसपास सभी स्ट्रीट लाइटें हमेशा चालू रहती हैं। जो बिजली का पूरी तरह से दुरुपयोग है। जबकि विद्युत विभाग जबलपुर का नारा है कि बिजली का बचत ही उत्पादन है। लेकिन विद्युत विभाग स्वयं इस स्लोगन का पालन नहीं कर रही है इस प्रकार से महीने में लाखों का बिजली आना आवश्यक रूप से खर्च हो रही है विद्युत वितरण केंद्र सरई के कनिष्ठ अभियंता सुस्त उदासीन पड़े हैं यही हालत पूरे सरई शहर में है।





## 5 टेस्ट मैचों के इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम का ऐलान



**शुभमन गिल का टेस्ट कैरियर**

| | |
|---|---|
| 32 | मैच |
| 1893 | रन |
| 05 | शतक |
| 04 | बेस्ट |

# शुभमन गिल के टीम इंडिया के कप्तान बनने पर सलेक्टर्स के फैसले से खुश नहीं हैं कई दिग्गज

**मुंबई, जेएनएन।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। टीम इंडिया इस टूर पर एक नए कप्तान के अंडर खेलती हुई नजर आएगी। यह जिम्मेदारी शुभमन गिल को सौंपी गई है। हालांकि इस टीम के सेलेक्शन से पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर खुश नहीं हैं। मांजरेकर को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत की टीम का चयन कुछ अजीब लगा। उन्होंने आगे कहा, अगर आप भारतीय क्रिकेट को सही से देखते हैं, तीनों फॉर्मेट को देखते हैं, और सिर्फ टेस्ट क्रिकेट को देखना चाहते हैं, तो जसप्रीत बुमराह एकमात्र ऐसे महान खिलाड़ी हैं जो अभी भारतीय क्रिकेट के पास हैं। शुभमन गिल को शनिवार को भारत का नया टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया जबकि ऋषभ पंत को इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला से उप कप्तान बनाया गया। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद टीम के नेतृत्व पर चयनकर्ताओं का यह फैसला अपेक्षित था। बीसीसीआई ने शनिवार को मुंबई में हुई मीटिंग में इसका ऐलान किया।

### नायर ने 2017 में खेला आखिरी टेस्ट

33 साल के करुण नायर 8 साल बाद टेस्ट मैच खेलेंगे। उन्होंने 2017 में आखिरी टेस्ट खेला था। डोमेस्टिक क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत नायर ने टीम में जगह बनाई है। उन्होंने पिछले सीजन 9 रणजी ट्रॉफी मैच में 4 शतक के साथ 863 रन बनाए थे। इसके अलावा विजय हजारे ट्रॉफी की 8 पारियों में 5 शतक के साथ 779 रन बनाए थे। उनकी शानदार बल्लेबाजी की बदौलत विदर्भ की टीम ने पिछले सीजन रणजी खिताब जीता और विजय हजारे ट्रॉफी की फाइनलिस्ट रही।

**भारतीय टीम :** शुभमन गिल, ऋषभ पंत, यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वाशिंगटन सुंदर, शारदुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

### मोहम्मद शमी अनफिट नहीं मिली जगह



मोहम्मद शमी को नहीं मिली जगह तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है। शमी पूरी तरह फिट नहीं हैं। बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल और सरफराज खान बाहर कर दिए गए हैं। ये दोनों भारत के पिछले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम का हिस्सा थे।

## सबसे युवा कप्तानों में टॉप पर हैं मंसूर अली खान पटौदी

**मंसूर अली खान**
**(उम्र :21 साल 77 दिन)**

मंसूर अली खान पटौदी भारत के सबसे युवा टेस्ट कप्तान रहे हैं। पटौदी ने 21 साल, 77 दिन की उम्र में पहली बार वेस्टइंडीज के खिलाफ, ब्रिजटाउन में भारतीय टीम की कप्तानी संभाली थी। उन्होंने बहुत कम उम्र में भारतीय टीम की कप्तानी संभाली थी। उनकी कप्तानी में टीम ने कई महत्वपूर्ण मैच जीते।




**सचिन तेंदुलकर**
**(23 साल 169 दिन)**

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर सबसे कम उम्र के दूसरे नंबर पर हैं। सचिन तेंदुलकर 23 साल, 169 दिन की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दिल्ली में पहली बार भारतीय टीम के कप्तान बने थे। सचिन भी कम उम्र में कप्तान बने थे।



**कपिल देव**
**(24 साल, 48 दिन)**

1983 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान कपिल देव 24 साल, 48 दिन की उम्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ के कप्तान बने थे। कपिल देव ने पहली बार किंग्स्टन में 23 फरवरी, 1983 को भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी की थी।



**रवि शास्त्री**
**(25 साल, 229 दिन)**

भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी रवि शास्त्री ने 25 साल, 229 दिन में की थी। उनकी कप्तानी में पहला मैज वेस्टइंडीज के खिलाफ चेन्नई में 11 जनवरी, 1988 को खेला गया था। रवि शास्त्री भी एक अच्छे कप्तान साबित हुए।



**शुभमन गिल**
**(25 साल 285 दिन)**

शुभमन गिल 25 साल और 285 दिन की उम्र में टीम इंडिया के कप्तान बने थे। वो पहली बार 20 जून को लीड्स टेस्ट में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। गिल को आईपीएल में दो साल कप्तानी करने का अनुभव है। अब यह खिलाड़ी खेल के सबसे फॉर्मेट में टीम इंडिया की जिम्मेदारी संभालेगा।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 13 | 09 | 04 | 18 | 0.602 |
| पंजाब | 12 | 08 | 03 | 17 | 0.389 |
| बेंगलुरु | 13 | 08 | 04 | 17 | 0.255 |
| मुंबई | 13 | 08 | 05 | 16 | 1.292 |
| दिल्ली | 13 | 06 | 06 | 13 | -0.019 |
| लखनऊ | 13 | 06 | 07 | 12 | -0.337 |
| कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 12 | 0.193 |
| हैदराबाद | 13 | 05 | 07 | 11 | -0.737 |
| राजस्थान | 14 | 04 | 10 | 08 | -0.549 |
| चेन्नई | 13 | 03 | 10 | 06 | -1.030 |

### ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 638 |
| शुभमन गिल (गुजरात) | 636 |
| सूर्यकुमार यादव (मुंबई ) | 583 |
| मिचेल मार्श(लखनऊ) | 560 |

### पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 21 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 21 |
| ट्रेंट वोल्ट (मुंबई) | 19 |
| जोश हेजलवुड (बेंगलुरु) | 18 |



### बाउंड्री मीटर



1106 छक्के
1958 चौके
127 अर्धशतक

सनराइजर्स के अभिर्षक शर्मा ने 4000 रन बनाने का कारनामा 166.05 के स्ट्राइक रेट से हासिल किया है। लिस्ट में पहले नंबर पर फिन एलन (170.93) और दूसरे नंबर पर आंद्रे रसेल (168.84) हैं। अभिषेक तीसरे स्थान पर हैं।

## गुजरात टायटंस की निगाहें होगी शीर्ष दो में जगह बनाने पर

### सांत्वना जीत दर्ज करना चाहेगा चेन्नई सुपर किंग्स

**अहमदाबाद, जेएनएन।** गुजरात टाइटन्स की टीम जब रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी निगाहें तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने की होगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सनराइजर्स हैदराबाद से हारने के बाद गुजरात टाइटन्स प्लेऑफ के लिए तालिका में नियंत्रण बनाए हैं। सीएसके के खिलाफ जीत से उसके 20 अंक हो जाएंगे, इससे वह शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल रहेगी और उसे फाइनल में जगह बनाने के दो मौके मिलेंगे। पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी सीएसके का ध्यान भविष्य की तैयारियों पर रहेगा क्योंकि इस सत्र में उसके लिए नतीजे मिले जुले रहे हैं और अब वह युवा खिलाड़ियों और अन्य संयोजनों को आजमाना चाहेगा।




### सीएसके को जीत खास मतलब नहीं

दिल्ली में राजस्थान रॉयल्स से हारने के बाद सीएसके के मुख्य कोच फ्लेमिंग को यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं हुई कि उनकी टीम तालिका में नीचे रहेगी। इस लिहाज से जीत का कोई खास मतलब नहीं होगा लेकिन सीएसके के प्रशंसक चाहेंगे कि टीम दो अंक हासिल कर टूर्नामेंट का समापन करे।

### कमजोर गेंदबाजी गुजरात की चिंता

गुजरात की टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता गेंदबाजी विभाग की है क्योंकि उसका स्टार स्पिनर राशिद खान अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दिखा सका है लेकिन टीम उन पर भरोसा बनाए रखेगी। टीम को कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा के तेज गेंदबाजी विभाग में भी सुधार करने की जरूरत है विशेषकर चौथे तेज गेंदबाजी विकल्प के लिए। लीग चरण के बाद रबाडा के राष्ट्रीय टीम से जुड़ने के बाद यह मुद्दा पेचीदा हो सकता है। वहीं रविवार को नतीजा जो भी रहे सीएसके के तालिका में सबसे नीचे रहने की संभावना है। इसलिए यह मैच आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल और डेवाल्ड ब्रेविस जैसे युवाओं के लिए प्रभावित करने का मौका है।

■ गुजरात टाइटन्स के लिए बल्लेबाजी में सफलता शीर्ष तीन खिलाड़ी शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर पर टिकी है। बटलर के प्लेऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होने के कारण टीम के लिए अहम होगा कि मध्यक्रम को ज्यादा समय मिले।

## सम्मान की लड़ाई में केकेआर के सामने एसआरएच की बड़ी चुनौती

**नयी दिल्ली, जेएनएन।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम रविवार को आईपीएल मैच में खिताबी दौड़ से बाहर हो चुकी टीम अन्य टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश सत्र को जीत के साथ खत्म करने की होगी। इसे विडंबना ही कहें कि जब केकेआर और एसआरएच ने 2024 आईपीएल का अपना आखिरी मैच खेला था तो वह फाइनल मुकाबला था जहां श्रेयस अय्यर की टीम ने एकतरफा मैच में पैट कमिंस की टीम को मात दी थी। दोनों टीमें के सामने अपने अभियान को छठे स्थान पर रहते हुए खत्म करने की चुनौती होगी।



### मुकाबले एसआरएच का पलड़ा है भारी

मैच में एसआरएच का पलड़ा थोड़ी भारी होगा। इस टीम ने शुक्रवार रात को आरसीबी को 42 रन से हराया था। केकेआर ने लीग में अपना पिछला मैच सात मई को ईडन गार्डन्स में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ खेला था। पैट कमिंस इस सत्र का अंत जीत के साथ करना चाहेंगे। ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा की मौजूदगी वाला उनका मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप यहां कोटला मैदान में बल्लेबाजी के लिए माकूल परिस्थितियों का लुत्फ उठाना चाहेगा।

### 23 करोड़ी अय्यर ने किया निराश

केकेआर के लिए इस सत्र में सबसे बड़ी निराशा उनके सबसे महंगे खिलाड़ी हरफनमौला वेंकटेश अय्यर रहे। फ्रेंचाइजी ने इस वामहस्त बल्लेबाज के लिए 23.75 करोड़ रुपये खर्च किये लेकिन वह 11 मैच में सिर्फ 142 रन की बना सके। उन्होंने इस दौरान एक मैच में 60 रन बनाये थे और अगर उनकी उस पारी को हटा दिया जाये तो 10 मैचों में बायें हाथ के इस बल्लेबाज के नाम महज 82 रन है। उन्होंने के इस सत्र में गेंदबाजी भी नहीं की ऐसे में आईपीएल की बड़ी नीलामी में उन पर खर्च किये गये रकम को लेकर सवाल उठना तय है। केकेआर की बल्लेबाजी की विफलता का इस बात से भी मिलता है कि टी20 प्रारूप में मजबूत नहीं माने जाने वाले कप्तान रहाणे सत्र में 375 रन के साथ उनके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं।

■ आंद्रे रसेल, सुनील नारायण और रिंकू सिंह जैसे बल्लेबाजों की मौजूदगी में टीम के लिए सबसे ज्यादा छक्के रहाणे ने ही लगाए हैं। उनके नाम 20 छक्के है।

### एक-दो सीरीज के लिए कप्तान नहीं चुनते : अगरकर

**मुंबई।** बीसीसीआई चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर ने शनिवार को इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा की। रोहित के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद शुभमन गिल टीम के नए कप्तान और ऋषभ पंत उप-कप्तान चुने गए हैं। बीसीसीआई हेड क्वार्टर में टीम का चयन करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अगरकर ने रोहित शर्मा-विराट कोहली के संन्यास, मोहम्मद शमी की फिटनेस और जसप्रीत बुमराह के चयन को लेकर बात की। शुभमन के कप्तान चुने जाने पर उन्होंने कहा, हमने हर ऑप्शन पर चर्चा की है। वह एक शानदार खिलाड़ी हैं। उन्होंने आगे कहा, आप 1-2 सीरीज के लिए कप्तान नहीं चुनते हैं। आप ऐसी चीज में निवेश करना चाहते हैं जो हमें आगे बढ़ने में मदद करे। पिछले साल से हमने शुभमन को देखा है। हमने ड्रेसिंग रूम से भी फीडबैक लिया है। हम बहुत आश्वस्त हैं और यही कारण है कि हम उन्हें चुने हैं। रोहित शर्मा ने 7 मई और विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। विराट के रिटायरमेंट पर बात करते हुए अगरकर ने कहा, विराट ने अप्रैल की शुरुआत में हमसे संपर्क किया और कहा कि उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का मन बना लिया है।



## विराट और रोहित शर्मा की कमी पूरा करना मुश्किल, युवाओं के लिए मौका : अगरकर

**मुंबई, जेएनएन।** चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने शनिवार को स्वीकार किया कि शीर्ष क्रिकेटर विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने से पैदा हुई कमी को पूरा करना मुश्किल है लेकिन उन्होंने उम्मीद जताई कि इंग्लैंड के आगामी दौरे पर अन्य खिलाड़ी जिम्मेदारी उठाएंगे। रोहित ने सात मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी जबकि कोहली ने 12 मई को संन्यास लिया। अगले महीने 20 जून से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए भारत की 18 सदस्यीय टीम की घोषणा करने के बाद अगरकर ने मीडिया से कहा, जब क्रिकेट के दिग्गज संन्यास लेते हैं तो यह हमेशा मुश्किल होता है। उनकी जगह भरना बहुत बड़ा काम है। लेकिन इसे देखने का एक तरीका यही है कि यह दूसरों के लिए एक मौका है। इन दो सुपरस्टार की जगह बाएं हाथ के युवा साई सुदर्शन और अनुभवी करुण नायर को टीम में शामिल किया गया है। अगरकर ने खुलासा किया कि कोहली ने पिछले महीने संभवतः चैंपियंस ट्रॉफी के बाद उनसे संपर्क किया था और टेस्ट क्रिकेट छोड़ने की इच्छा व्यक्त की थी। उन्होंने कहा, विराट ने अप्रैल के शुरू में (बीसीसीआई चयन समिति से) संपर्क किया था और उन्हें लगा कि उन्होंने अपना सब कुछ दे दिया है। अगर उन्हें लगता है कि वे खुद के निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतर सकते तो आपको उनका सम्मान करना चाहिए। पिछले एक साल में लगातार निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कोहली और रोहित दोनों के पारंपरिक प्रारूप में भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं जिसका उदाहरण 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा रहा। कोहली ने पर्थ में शतक बनाकर धमाकेदार शुरुआत की लेकिन फिर उनका बल्ला शांत पड़ गया और दौरे के अंत में वह पांच टेस्ट मैचों में 23 के औसत से 190 रन ही बना पाए। वहीं रोहित पहले टेस्ट के बाद टीम में शामिल हुए थे, उनका भी प्रदर्शन निराशाजनक रहा और उन्होंने पांच टेस्ट पारियों में 6.2 के औसत से सिर्फ 31 रन बनाए। वह सिडनी में पांचवें और अंतिम टेस्ट से भी बाहर रहे। श्रृंखला की गंभीरता को देखते हुए कोहली और रोहित से इंग्लैंड दौरे तक रुकने के लिए मनाने की कोशिश की गई तो इस सवाल पर अगरकर ने काफी स्पष्ट रूप से कहा कि आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) के लिए एक नयी टीम बनाना प्राथमिकता है। उन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर की ही तरह बातों को दोहराते हुए कहा,जब कोई खिलाड़ी संन्यास लेने का फैसला लेता है तो यह फैसला उसका होता है।



### कोहली के इंग्लैंड दौरे की थी अटकलें

ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि कोहली विदाई श्रृंखला के लिए इंग्लैंड जाना चाहते थे लेकिन अगरकर ने इस पर ज्यादा कुछ नहीं कहा। उन्होंने बस इतना कहा कि टेस्ट क्रिकेट से दूर जाने का फैसला पूरी तरह से इस स्टार बल्लेबाज का था। उन्होंने कहा, ''जब कोई फैसला करता है तो यह हमारा नहीं होता। हमारा काम किसी खिलाड़ी को चुनना है। लेकिन जब कोई दिग्गज (दो बड़े क्रिकेटर) संन्यास लेता है तो उनकी जगह को भरना मुश्किल होगा।

## बैडमिंटन: श्रीकांत छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने शनिवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जापान के युशी टनाका पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर छह साल में पहली बार बीडब्लयूएफ टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश किया। 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सटीक नेट प्ले और आक्रामक खेल की बदौलत दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी टनाका को रोमांचक मुकाबले में 21-18, 24-22 से शिकस्त दी। श्रीकांत ने जीत के बाद कहा, मैं बहुत खुश हूं, काफी समय के बाद यहां तक पहुंचा हूं। श्रीकांत 2019 इंडिया ओपन में उपविजेता रहे थे और इसके बाद से इस 32 वर्षीय खिलाड़ी का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में पहला फाइनल है। उन्होंने 2017 में चार खिताब जीते थे। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ सत्र में खराब फॉर्म और फिटनेस के दौर से गुजर रहे हैं जिससे अब वह विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा, शारीरिक रूप से मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। लेकिन मैंने पिछले साल ज्यादा मैच नहीं खेले। अब क्वालीफाइंग खेल रहा हूं। इस बार सब ठीक रहा। मैं पिछले महीने से कड़ी मेहनत कर रहा हूं। श्रीकांत ने कहा, बहुत लंबे समय के बाद ये जीत मिली। श्रीकांत 2017 में चार बीडब्लयूएफ खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे।



## पोलैंड के पॉज़्नान में विश्व कप में पैरा केनो टीम के यश कुमार ने जीता कांस्य पदक

**पॉज़्नान, (पोलैंड) जेएनएन।** पोलैंड की सर्द हवाएं भारत की पैरा केनो टीम के जोश और जज़्बे को रोक नहीं सकीं। इंटरनेशनल केनो फेडरेशन द्वारा आयोजित विश्व कप प्रतियोगिता में भारत की टीम ने अपनी मौजूदगी से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत संदेश दिया है। भले ही यह प्रतियोगिता सीधे ओलंपिक क्वालीफिकेशन का हिस्सा नहीं है, लेकिन यह वैश्विक प्रदर्शन और पहचान के लिहाज़ से बेहद अहम मंच है। भारतीय कायकिंग और कैनोइंग संघ की ओर से इस अभियान को पूरा समर्थन मिला है, जिसकी अगुवाई संस्था के अध्यक्ष प्रशांत कुशवाहा कर रहे हैं। वहीं, पैरा केनो स्पर्धा के विकास और संचालन में मयंक ठाकुर, पैरा केनो चेयरपर्सन, का विशेष योगदान रहा है। भारत का यह दल सिर्फ खिलाड़ियों से नहीं, बल्कि उनके पीछे खड़ी एक सशक्त टीम से भी बना है जो उन्हें मानसिक, शारीरिक और रणनीतिक रूप से मजबूत बनाती है। यह यश का पहला विश्व स्तर पर जीता गया पदक है, जबकि उन्होंने एशियाई स्तर पर पहले भी कई बार भारत का नाम रोशन किया है। यह पदक उनकी मेहनत और लगन का प्रमाण है।



## प्राची यादव ने भी जीता ब्रांज मेडल

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** भारतीय पैरा केनो टीम जो की पोजन पोलैंड में भाग लेने के लिए गई है इसमें प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी प्राची यादव ने केएल2 कैटिगरी में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रांच मेडल प्राप्त किया इस रेस में जर्मनी इटली फ्रांस कजाकिस्तान पोलैंड ऑस्ट्रेलिया ने भाग लिया था भारतीय पैरा केनो टीम के साथ असिस्टेंट कोच अनिल राठी, महिला कोच नानों देवी, फिजियो डॉ आशीष धनायक व महिला फिजियो डॉ ईशा जोशी व सपोर्टिंग स्टाफ रिंकू सिंह ने बहुत ही हर्ष व्यक्त किया और कहां की आने वाला कल भी भारतीय खिलाड़ियों के नाम रहेगा। आज के मुकलाबे में अमित कुमार अठवा स्थान प्राप्त किया व मनीष कौरव अभी फाइनल में जगह बनाए हुए हैं।



## ज़िला तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन प्रकाश तरण ताल में आज

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** राज्य तैराकी 1-5 जून ग्वालियर में- भोपाल तैराकी संघ द्वारा ज़िला तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन प्रकाश तरण ताल पर आज दिनांक 25 मई को प्रातः 9 बजे से किया जाएगा। आज यहाँ जारी प्रेस विज्ञप्ति में भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया की यह तैराकी प्रतियोगिता चार आयु वर्ग में खेली जाएगी और इसमें सिर्फ़ भोपाल तैराकी संघ से रजिस्टर्ड तैराक ही भाग ले सकेंगे। इस जिला तैराकी प्रतियोगिता के द्वारा खंडवा में 1-5 जून तक आयोजित होने वाली 53 वीं राज्य तैराकी प्रतियोगिता के लिए तैराक खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

## अरेरा प्रीमियर क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में जयहिंद और सत्यमेव जयते के बीच होगा फाइनल मुकाबला

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** आज अरेरा प्रीमियर क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में अंडर 12 शिवाजी और पृथ्वी हाउस के बीच में आखिरी रिटर्न लीग मैच खेला गया जिसमें पृथ्वी हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 146 रन 3 विकेट के नुकसान पर 25 ओवर में बनाएं पृथ्वी हाउस के ओर से युवराज सिंह ठाकुर 80 गेंद पर 92 रन विवान साहू ने 10 रनों का योगदान दिया शिवाजी हाउस की ओर से गेंदबाजी में प्रांशु परिजा ने दो विकेट और रुद्राक्ष प्रताप सिंह ने एक विकेट लिया। जवाब में शिवाजी हाउस ने निर्धारित 25 ओवर में 139 रन बनाए। दूसरा मुकाबला अंडर 14 एज ग्रुप में जय हिंद और सत्यमेव जयते हाउस के बीच रिटर्न लीग खेला गया।



### समर्थन मूल्य पर तुअर उपार्जन के लिए पंजीयन अब 30 मई तक

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफविपणन वर्ष 2024-25 में प्राईस स्कीम अंतर्गत तुअर उपार्जन पोर्टल पर फसल तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई से बढ़ाकर अब 30 मई 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन 31 मई तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चलाया गया सफाई अभियान



**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मैहर जिले की नगर परिषद अमरपाटन में बावडी की सफाई की गई।






# पत्थर पटक कर युवक की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## बदेरा थाना प्रभारी ने कार्यवाही कर पकड़ा

जागरण सतना

युवक की पत्थर पटक कर हत्या करने वाले आरोपी को बदेरा थाना प्रभारी ने गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्यवाही मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश में थाना प्रभारी बदेरा अभिषेक सिंह परिहार एवं उनकी टीम द्वारा कर 24 घंटे के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।



### ये है विवरण

पुलिस ने बताया कि 23 मई की रात्रि 100 डायल ने बदेरा थाना प्रभारी को ग्राम लटा गांव में कोई हत्या के संबंध में जानकारी दी जिस पर थाना प्रभारी अभिषेक परिहार घटना स्थल के लिए रवाना हुये। मौके पर पहुचने पर सूचना सही पाई गई। फरियादी फूलमती कोल पति रामनरेश कोल उम्र 45 साल निवासी लटा गांव थाना बदेरा ने बताया कि रात तकरीबन साढे 10 बजे उसका पुत्र धनीराम कोल घर के बाहर सो रहा था थोडी देर में उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर फरियादी घर से बाहर आई तो देखा कि पडोसी सुशील कोल ने धनीराम के सिर में पत्थर पटक कर उसकी हत्या कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 103 (1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया है। एव आरोपी सुशील कोल जो गांव से बाहर भागने की फिराक में था उसे पकड़ कर पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि मृतक के साथ एक महिला को लेकर आपसी विवाद था जिसके चलते आरोपी ने पत्थर पटक कर उसकी हत्या कर दी। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया है।

# सीएमएचओ की दो टूक, सुपरवाईजर ने भ्रमण नही किया तो होगी वेतन कटौती

## टीकाकरण सत्र आयोजन के माइक्रो प्लान की बैठक लेकर सीएमएचओ ने दिये निर्देश



**जागरण सतना।** टीकाकरण सत्र आयोजन के माइक्रो प्लान की समीक्षा करते हुये सीएमएचओ डॉ एल के तिवारी ने दो टूक कहा है कि यदि सुपरवाईजरो ने क्षेत्र का भ्रमण नही किया तो उनके वेतन में कटौती की जायेगी। सीएमएचओ के इस निर्देश बाद सनाका खिच गया। उल्लेखनीय है कि 24 मई को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एल के तिवारी की अध्यक्षता में व्ही एच एन डी सत्र के आयोजन माइक्रो प्लान अनुसार आयोजित किये जाने की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें डब्ल्यूएचओ की प्रतिनिधि एवं उनके फील्ड मानीटर द्वारा फीड बैक प्रस्तुत किया गया।

### मझगवां व उचेहरा का प्रतिशत न्यून

इस दौरान श्रीमती रंजिता रानी द्वारा माईक्रो प्लान अनुसार डेटा को प्रस्तुत करते हुये बताया कि मझगवां एवं उचेहरा विकास खण्ड का प्रतिशत 60 एवं 67 प्रतिशत ही रहा। जिसे देखकर सीएमएचओ ने जमकर फटकार लगाई वहीं ड्यू लिस्ट अपडेशन भी मैहर, मझगवां सतना अर्बन और रामपुर बाघेलान की प्रगति बेहद कमजोर सामने आई है। आईईसी के लिए भी अधिक प्रोत्साहित किये जाने की बात कही गई। सत्र आयोजन के मानिटरिंग सुपरवाईजर द्वारा प्रापर तरीके से नही किये जाने की बात सामने आई है। जिस पर सीएमएचओ ने तल्ख लहजे में कहा है कि फील्ड सुपरवाईजर के द्वारा भ्रमण नही किया जायेगा तो नोटिस जारी कर वेतन कटौती की कार्यवाही की जायेगी। साथ ही टीकाकरण के लिए हेड काउटर सर्वे कार्य में आ रही दिक्कतो को देखते हुये विशेष माइक्रो प्लान तैयार करने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान सीएमएचओ ने कहा कि सतप्रतिशत सत्र आयोजित करने की प्रगति ली जायेगी। समीक्ष बैठक में डीसीएम डॉ ज्ञानेश मिश्रा डब्ल्यूएचओ के फील्ड मानीटर सतना अर्बन एवं नागौद विकास त्रिवेदी, अमित कुमार द्विवेदी रामपुर बाघेलान व कोठी, देव त्रिपाठी मझगवां, कमलेश पटेल सतना अर्बन, पुनीत शुक्ला मझगवां उपस्थित रहे।

> 50 प्रतिशत से कम प्रगति वाले विकासखण्डो के सुपरवाईजर एवं अन्य अधिकारियों को नोटिस जारी किया जायेगा। इसके लिए जो भी जवाब दार होगें। उन्हे नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जायेगा। जवाब समाधान कारक नही मिलने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।
>
> **डॉ एल के तिवारी सीएमएचओ सतना**

# लकड़ी का अवैध परिवहन करते ट्रक जब्त

## वन विभाग ने शुरू की राजसात की कार्यवाही, मुकुंदपुर रेंजर ने पकड़ा था मामला



**जागरण सतना।** लकड़ी का अवैध परिवहन करते पाये जाने पर एक ट्राला को मुकुंदपुर रेंजर दिग्विजय सिंह ने जप्त कर लिया है। यह कार्यवाही बीतीरात तकरीबन 11 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक मुकुंदपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सरिया गांव से भारी मात्रा में जामुन की लकडी हाफ बाडी ट्राला क्रमांक यूपी 77 एएन 6711 से उ.प्र. ले जाई जा रही थी। जानकारी मिलते ही मुकुंदपुर रेंजर ने रेड कार्यवाही कर ट्राला को जप्त कर लिया है। हालांकि इस कार्यवाही में मैहर रेंज का भी सहयोग बताया जा रहा है। काटे गये जामुन के पेड़ निजी आराजी के बताये जा रहे है मगर लकडी के परिवहन को लेकर किसी भी तरह के कोई वैध दस्तावेज वाहन चालक के पास नही थे।

### सीतापुर लखनऊ ले जा रहे थे लकड़ी

बताया जाता है कि मुकुंदपुर रेंजर द्वारा जिस ट्राला को जामुन की लकड़ी से लोड़ जप्त किया गया है। उस लकड़ी को लखनऊ के सीतापुर ले जाया जा रहा था। वाहन चालक अरविंद कुशवाहा निवासी महोबा ने यह जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी है। इस कार्यवाही में रेंजर ने तकरीबन 3 लाख रूपये की लकड़ी और तकरीबन 30 लाख रूपये कीमत का ट्राला जप्त करने में बडी सफलता पाई है। अब वाहन को राजसात करने की कार्यवाही भी की जा रही है।

# 98 प्रतिशत लक्ष्य के मुकाबले हासिल किया 99.47 प्रतिशत

**जागरण सतना।** ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश के विद्युत क्षेत्र में ट्रांसमिशन नेटवर्क (पारेषण प्रणाली) की अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तारीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। इसके फलस्वरूप राज्य में पारेषण उपलब्धता (ट्रांसमिशन अवेलेबिलिटी) को ऐतिहासिक रूप से 99.47 प्रतिशत के उच्चतम स्तर तक पहुँचाने में सफलता प्राप्त हुई है। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने जानकारी दी है कि मध्यप्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा वर्ष 2024-25 के लिये निर्धारित 98 प्रतिशत लक्ष्य के मुकाबले इस वित्तीय वर्ष में पारेषण उपलब्धता (ट्रांसमिशन अवेलेबिलिटी) बढ़कर 99.47 प्रतिशत तक हो गई है। वर्ष 2023-24 में पारेषण उपलब्धता (ट्रांसमिशन अवेलेबिलिटी) 99.42 प्रतिशत के मुकाबले यह उल्लेखनीय सुधार है, जो राज्य विद्युत कंपनियों की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रदेश के विद्युत क्षेत्र की यह सफलता राज्य के लिए गर्व की बात है, इस उपलब्धि के लिये उन्होंने विद्युत कार्मिकों को बधाई दी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह उपलब्धि न केवल मध्यप्रदेश में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता को बेह्तर बनाएगी, बल्कि उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

# प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय आज दो दिवसीय प्रवास पर सतना आयेंगे



**सतना।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा सतना जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय 25 मई को प्रातः 6.30 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से सतना आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय प्रातः 7 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री प्रातः 9 बजे सतना से चित्रकूट लिए प्रस्थान करेंगे और प्रातः 10 बजे से चित्रकूट के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री रात्रि विश्राम चित्रकूट में करेंगे। प्रवास के दूसरे दिन 26 मई को प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय चित्रकूट में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद दोपहर 3 बजे चित्रकूट से प्रस्थान कर सायं 4.30 बजे सतना आयेंगे और यहां स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सतना से रात्रि 8.50 बजे रेवांचल एक्सप्रेस से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।






# माइनिंग इंजीनियर्स को मिला प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण



**जागरण सतना।** श्री रामाकृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग साइंस एंड मैनेजमेंट करही कैंपस में माइनिंग एंड माइन सर्वेइंग डिपार्टमेंट के विद्यार्थियों को तीन दिवसीय प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का आयोजन देश की जानी मानी रेडक्रास संस्था सेंट जॉन एंबुलेंस द्वारा 19-20 और 21 मई को कॉलेज कैंपस में हुआ। सेंट जॉन रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से ट्रेनर के रूप में सिंगरौली से डॉ मुकुल किशोर और कॉर्डिनेटर के रूप में जयप्रकाश दुबे रहें। प्रशिक्षकों ने बताया कि दुर्घटनाएं मुख्यतः तीन कारणों से होती हैं . लापरवाही, अज्ञानता और जल्दबाजी। उन्होंने कहा कि घायलों की मृत्यु का प्रमुख कारण समय पर प्राथमिक चिकित्सा न मिलना है। माइनिंग के क्षेत्र में फर्स्ट एड ट्रेनिंग का महत्व बढ़ जाता है। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से सीपीआर की ट्रेनिंग भी प्रदान की गई। रक्तस्राव रोकने के लिए तिकोनी पट्टी के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सीपीआर द्वारा कृत्रिम श्वास देने की तकनीक भी सिखाई गई। इलेक्ट्रिक शॉक और एसिड बर्न जैसी स्थितियों में प्राथमिक उपचार का प्रैक्टिकल डेमो भी दिया गया। डॉ मुकुल किशोर के अनुसार वो खुद प्राथमिक चिकित्सा क्षेत्र में 22 वर्षों से और उनके सहयोगी 10 वर्षो से लोगों को जागरूक कर रहें हैं। यह जानना बेहद जरूरी है कि फर्स्ट एड के दौरान कौन से कदम उठाने चाहिए और किन गलतियों से बचना चाहिए। फर्स्ट एड दुर्घटना या हादसे के बाद प्राथमिक उपचार होता है जिसके बाद मरीज को डॉक्टर के पास ले जाना आवश्यक है।माइनिंग डिपार्टमेंट एचओडी बीएन मिश्रा ने कहा कि फर्स्ट एड की जानकारी सभी के पास होनी चाहिए विशेष रूप से माइनिंग इंजीनियर्स के पास ताकि आपात स्थिति में सही निर्णय लेकर किसी की जान बचाई जा सके। थोड़ी सी सतर्कता और प्राथमिक उपचार के सही तरीके जानना बेहद जरूरी है। प्रशिक्षण में पॉलीटेक्निक माइनिंग और बीटेक माइनिंग के सभी विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दिखाई। आयोजन की सफ्लता पर संस्था प्रमुख शम्मी पुरी ने सेंट जॉन एंबुलेंस टीम और माइनिंग डिपार्टमेंट को धन्यवाद दिया। संस्थान की ओर से डॉ मुकुल किशोर और उनके सहयोगी जयप्रकाश दुबे को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डायरेक्टर टेक्निकल विंग डॉ अग्निवेश अग्निहोत्री एकेडमिक डायरेक्टर शुभी खरे माइनिंग डिपार्टमेंट एचओडी बीएन मिश्रा वरिष्ठ प्रोफेसर रामाभिलाष सर नितिननाथ पांडे सरल तिवारी सुमित तिवारी अनिकेत कश्यप मुख्य रूप से उपस्थित रहें।









# केन्द्रीय जेल में आध्यात्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**जागरण सतना।** जेल अधीक्षक लीना कोष्टा के मार्गदर्शन में अखिल विश्व गायत्री परिवार सतना व केन्द्रीय जेल के संयुक्त तत्वाधान में आध्यात्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम/शिविर के 5 दिवसीय सत्र का समापन हुआ। शिविर का आयोजन 20 मई से 24 मई तक आयोजित किया गया। आध्यात्मिक प्रशिक्षण कार्यक्रम/शिविर के आखिरी दिवस में प्रतिदिन की तरह वैदिक मंत्रों द्वारा देव पूजन, महामंत्रों का जाप, गायत्री चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया।

गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा बताया गया कि हमें भाग्य के भरोसे न बैठकर कर्म करते रहना चाहिए ताकि हमारा समय व्यर्थ न गुजरे। इसलिए हम स्वाध्याय मन को नियंत्रित करें क्योंकि मन बहुत ही चंचल होता है। उस परम पिता परमात्मा, जो सर्वोपरि न्यायकारी है। हमें उसकी उपासना व भजन करना चाहिए इसी में हमारे जीवन की सार्थकता है। श्रीराम व माता सीता की कथा द्वारा उनकी विरह-वेदना को बड़े ही अनूठे ढंग से व्यक्त किया गया कि विपरीत परिस्थितियों में भी श्रीराम के प्रति श्रद्धाभाव व साहस माता सीता द्वारा रखा गया। शांतिपाठ कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोष्टा, जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, जेल उप अधीक्षक सोनबीर सिंह कुशवाह, कल्याण अधिकारी अनिरुद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक सुश्री फिरोजा खातून व गायत्री परिवार सतना से जिला समन्वयक राजेश तिवारी, हरिओम पाण्डेय, एसएन पाण्डेय, आरएस नापित एवं बंदीगण उपस्थित रहे।













जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उरहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**

**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com